जबलपुर, मंगलवार
10 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 253
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'एक हारा हुआ इंसान हारने के बाद भी मुस्कुरा दे तो जीतने वाला भी जीत की खुशी खो देता है'

4 क्षेत्रीय महाप्रबंधक के साथ संयुक्त ... | 5 सिद्धनाथ टेकरी से लगी बेशकीमती... | 7 ट्रंप ने ईरान में रायता फैला तो दिया... | 11 ज्ञान के साथ नैतिकता...

# क्या आधी रात को ड्राफ्ट करते हो ऐसी याचिकाएं?

## प्याज-लहसुन पर पीआईएल देख भड़का सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक वकील द्वारा दायर पांच फ्रिवोलस (निराधार) जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में से एक याचिका में प्याज और लहसुन में 'तामसिक' (नकारात्मक) ऊर्जा होने की वैज्ञानिक जांच कराने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने वकील सचिन गुप्ता को फटकार लगाते हुए पूछा, आधी रात को ये सब याचिकाएं ड्राफ्ट करते हो क्या? चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमलया बागची की पीठ ने वकील को फटकार लगाई और कहा कि ये याचिकाएं 'अस्पष्ट, फ्रिवोलस और निराधार' हैं। पीठ ने कहा कि गुप्ता ने एक के बाद एक ऐसी याचिकाएं दायर की हैं, जिनमें कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है। याचिकाकर्ता ने अपनी प्याज-लहसुन वाली याचिका में जैन समुदाय की आहार परंपराओं का हवाला दिया गया था, जहां जैन लोग प्याज, लहसुन और जड़ वाली सब्जियों को तामसिक मानकर परहेज करते हैं। याचिका में मांग की गई थी कि एक समिति बनाई जाए जो जांच करे कि प्याज और लहसुन में क्या तामसिक या नकारात्मक सामग्री है। इस



पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने वकील से पूछा, आप जैन समुदाय की भावनाओं को ठेस क्यों पहुंचाना चाहते हैं? सचिन ने जवाब दिया कि ये एक सामान्य मुद्दा है और गुजरात में कथित तौर पर प्याज के इस्तेमाल को लेकर एक तलाक का मामला सामने आया था।

### अगली बार ऐसी याचिका...

सीजेआई ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा, अगली बार ऐसी निराधार याचिका लेकर आए तो देखिएगा हम क्या करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर याचिकाकर्ता वकील न होता तो उन्हें भारी जुर्माना लगाया जाता। साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता की उन चार अन्य जनहित याचिकाओं को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शराब और तंबाकू उत्पादों में कथित रूप से हानिकारक सामग्री को विनियमित करने के निर्देश मांगे गए थे, दूसरी याचिका में उन्होंने संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण को सुनिश्चित करने के निर्देश मांगे गए थे, जबकि एक अन्य में शास्त्रीय भाषाओं की घोषणा पर दिशानिर्देश मांगे गए थे।

# ईरान जंग: दोनों सदनों में विपक्षी हंगामा

## सरकार बोली- स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर बहस के लिए तैयार

नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा। वहीं, सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दिया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने आज पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है। राज्यसभा में जब जयशंकर संबोधन दे रहे थे तब विपक्ष ने राज्यसभा का वॉक आउट किया। लोकसभा में उनके संबोधन के दौरान विपक्ष ने वी वॉन्ट डिस्कशन के नारे लगाए, खबू हंगामा किया। चेयर के बार-बार बोलने पर भी विपक्षी सांसद शांत नहीं हुए।



### गल्फ में 1 करोड़ लोग रहते हैं, इसलिए चिंता: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पश्चिम एशिया में तेजी से बदल रही जियो पॉलिटिकल हालात का असर भारत पर भी पड़ रहा है। भारत 55 प्रतिशत एनर्जी को पश्चिम एशिया से पूरा करता है। अस्थिरता से भारत पर इसका असर पड़ता है 1 करोड़ भारतीय वहां पर काम करते हैं। हाल के हालात में कई भारतीय मारे गए और कई लापता हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि मंत्रीस्तरीय बयानों की समस्या यह है कि- वे पहले से ज्ञात जानकारी से अधिक कोई विशेष मूल्यवान बात नहीं बताते और इससे भी महत्वपूर्ण यह कि सांसदों को स्पष्टीकरण मांगने या प्रश्न पूछने का अवसर नहीं दिया जाता। विपक्ष की मांग एक पूर्ण-स्तरीय बहस की है।

### मौजूदा संघर्ष से भारत भी चिंतित

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मौजूदा संघर्ष भारत के लिए भी चिंता की बात है। हम पड़ोसी हैं, और वेस्ट एशिया में स्थिरता बनाए रखना हमारी भी जिम्मेदारी है। खाड़ी देशों में एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं। ईरान में भी, कुछ हजार भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए हैं। यह इलाका हमारी एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है और इसमें तेल और गैस के कई जरूरी सप्लायर शामिल हैं। सप्लाई चेन में रुकावटें और अस्थिरता गंभीर मुद्दे हैं।

### दो नाविकों को खोया, एक लापता

जयशंकर ने कहा कि हमने दो भारतीय नाविकों को खो दिया है, और एक अभी भी लापता है। मुंबई के शिपिंग डायरेक्टरेट जनरल ने 14 जनवरी को भारतीय नाविकों से कहा था कि वे किनारे पर बेवजह आने-जाने से बचें। जयशंकर ने कहा कि वेस्ट एशिया से हमारे लोगों को वापस लाने की पूरी कोशिश की जा रही है। 8 मार्च तक हमारे लगभग 67,000 नागरिक इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर चुके हैं। संबंधित मंत्रालय जवाब देने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं।



**क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपाना पड़ा भारी**

# कांग्रेस नेता की विधायकी खत्म

**ग्वालियर/श्योपुर।** मध्य प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस को बहुत बड़ा झटका लगा है। ग्वालियर हाईकोर्ट की बेंच ने कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर दिया है। कोर्ट ने न सिर्फ मल्होत्रा का चुनाव निरस्त किया, बल्कि याचिकाकर्ता और उपचुनाव में दूसरे स्थान पर रहे बीजेपी नेता रामनिवास रावत को विजयपुर का नया विधायक घोषित करने का आदेश दिया है। दरअसल, बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मुकेश मल्होत्रा ने उपचुनाव के दौरान अपने नामांकन पत्र में आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी छिपाई थी। रामनिवास रावत ने कोर्ट को बताया कि मल्होत्रा के खिलाफ 6 आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनका जिक्र उन्होंने अपने हलफनामे में नहीं किया था। जस्टिस जीएस अहलूवालिया की बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद माना कि महत्वपूर्ण तथ्य छिपाना चुनाव कानून का उल्लंघन है। कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा का चुनाव अमान्य करते हुए रामनिवास रावत को निर्वाचित घोषित कर दिया। बता दें कि, रामनिवास रावत 2023 में विधानसभा चुनाव कांग्रेस की टिकट पर जीते थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में से पहले रामनिवास रावत की बीजेपी में एंट्री होती है और उन्हें मोहन यादव सरकार में सीधे कैबिनेट मंत्री बना दिया जाता है। उसके बाद विजयपुर में उपचुनाव में रामनिवास रावत को हार का सामना करना पड़ता है और मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ता है। रामनिवास रावत इसके बाद कांग्रेस विधायक के खिलाफ हाई कोर्ट जाते हैं।




ग्वालियर हाईकोर्ट की बेंच ने रामनिवास रावत को एमएलए घोषित किया

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर को पुतिन ने दी बधाई

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया नेता चुने जाने पर बधाई दी है और कहा है कि उन्हें भरोसा है कि वे अपने पिता के काम को सम्मान के साथ जारी रखेंगे। मोजतबा खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अली खामेनेई के बेटे हैं। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान में पुतिन ने कहा है, मुझे पूरा भरोसा है कि आप अपने पिता के काम को सम्मान के साथ जारी रखेंगे और मुश्किल हालात में ईरानी लोगों को एकजुट करेंगे।



### कूनो में बढ़ा चीतों का कुनबा

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश में श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई मादा चीता 'ज्वाला' ने 9 मार्च को 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 53 हो गई है। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को साझा करते हुए इसे 'प्रोजेक्ट चीता' और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।



### इतिहासकार पणिक्कर का निधन

**नई दिल्ली।** जाने माने इतिहासकार और शिक्षक के.एन. पणिक्कर का सोमवार को 90 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। वह जेएनयू में इतिहास विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रह चुके थे। साथ ही केरल के कलाडी स्थित श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे। उन्होंने औपनिवेशिकता और आधुनिकता पर कई महत्वपूर्ण किताबें लिखीं।



# 6-7 सदस्यों वाले घर में 30 वोटर!

## दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग को सौंपे सबूत

भोपाल

विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची को लेकर विवाद शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मध्यप्रदेश निर्वाचन कार्यालय पहुंचे और भोपाल की नरेला विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के दस्तावेज चुनाव आयोग को सौंपे। दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि नरेला क्षेत्र के कुछ मकानों के पते पर असामान्य रूप से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम दर्ज किए गए हैं। उन्होंने तीन मकान मालिकों के शपथपत्र आयोग को सौंपते हुए बताया कि जिन घरों में वास्तविक रूप से 6 से 8 लोग रहते हैं, वहां मतदाता सूची में 30 से 40 तक नाम दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कई फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जिन अधिकारियों की लापरवाही सामने आए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। दिग्विजय सिंह ने जिन मामलों का हवाला दिया, उनमें रतन कॉलोनी, करोंद क्षेत्र के तीन मकान शामिल हैं। मकान नंबर 21 के मालिक हमीर सिंह यादव के अनुसार उनके घर में 6 कमरे हैं और परिवार के सिर्फ 4 सदस्य मतदाता हैं, जबकि मतदाता सूची में करीब 40 नाम दर्ज बताए गए हैं। मकान नंबर 10 के मालिक कमलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके घर में करीब 8 मतदाता रहते हैं, लेकिन सूची में 36 नाम दर्ज हैं। मकान नंबर 2 के मालिक पोखन लाल साहू के अनुसार उनके घर में 7 मतदाता हैं, जबकि सूची में 37 नाम दर्ज बताए गए हैं। मकान मालिकों ने शपथपत्र में यह भी कहा कि जिन लोगों के नाम उनके पते पर दर्ज हैं, वे वहां कभी नहीं रहे और उन्हें उन व्यक्तियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।



### दिल्ली शराब नीति केस: सभी 23 आरोपियों को नोटिस

नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत ट्रायल कोर्ट से 27 फरवरी को बरी किये गए सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले।

**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का बड़ा बयान**

# सत्ता पाने के बाद लोग सनातन को भूल जाते हैं

उन्नाव

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति और आस्था का आधार है, इसलिए उसे राज्य माता और राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए। जो पार्टी गाय की रक्षा का संकल्प ले उसी को वोट दिया जाए। वह सोमवार को दोपहर लगभग 11.30 बजे बांगरमऊ नगर के बाईपास मार्ग स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित स्वागत सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में बोलने से पूर्व उन्होंने भगवान बोधेश्वर महादेव के दर्शन व पूजन कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संत समाज का दायित्व है कि वह समाज को सही दिशा दे और लोगों को धर्म व संस्कृति से जोड़ने का कार्य करे। लेकिन सत्ता पाने के बाद लोग सनातन को भूल जाते हैं। गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध यात्रा निकालने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि सरकारें गो माता को राज्य और राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग नहीं सुन रही है। जिस कारण हम जनता की आवाज बनकर आगे आए हैं।




# ऐसी जगह भेज देंगे कि वापसी नहीं होगी



**कोलकाता।** बंगाल में आगामी चुनावी समर की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग ने राज्य प्रशासन और पुलिस तंत्र के खिलाफ अब तक का सबसे कड़ा रुख अख्तियार किया है। सोमवार को कोलकाता में हुई फुल बेंच की मैराथन बैठक में उस वक्त सन्नाटा पसर गया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राज्य के डीजी (कानून-व्यवस्था) विनीत गोयल को बीच में ही टोकते हुए बैठने का आदेश दे दिया। सूत्रों के अनुसार, राज्य में नारकोटिक्स एडवाइजरी कमेटी के गठन में देरी पर जब गोयल स्पष्टीकरण देने के लिए खड़े हुए, तो मुख्य चुनाव आयुक्त ने तीखे लहजे में कहा कि हमें सब पता है, आप बैठ जाइए। आयोग ने दो टूक चेतावनी दी कि हर अधिकारी के कामकाज का डिजिटल फुटप्रिंट उनके पास मौजूद है और लापरवाही की कोई जगह नहीं है। तकरीबन 24 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में आयोग का तेवर बेहद आक्रामक रहा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे इस गलतफहमी में कतई न रहें कि चुनाव आयोग केवल डेढ़-दो महीने के लिए सक्रिय है और उसके बाद चीजें फिर ढर्रे पर लौट आएंगी।

# प्रयागराज-वाराणसी से जुड़ेगा विंध्य क्षेत्र

## एनएचएआई ने जारी किया 105 किमी फोर लेन का टेंडर

सीधी/सिंगरौली

मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के सीधी-सिंगरौली खंड के शेष 105 किमी के निर्माण का अवॉर्ड जारी कर दिया है। इस परियोजना के अप्रैल 2026 से धरातल पर उतरने की उम्मीद है। यह सिर्फ एक जिला मार्ग नहीं है, बल्कि मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच व्यापारिक सेतु बनेगा। इस हाईवे के तैयार होने से मध्यप्रदेश के इन क्षेत्रों का उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी जैसे शहरों से सीधा और तेज संपर्क स्थापित होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि इस मार्ग को आधुनिक वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत केवल सड़क ही नहीं, बल्कि भारी बुनियादी ढांचे का जाल बिछाया जाएगा। इसके अलावा विंध्य की कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए रीवा से सीधी के बीच भी फोर लेन हाईवे की योजना अंतिम चरण में है। इसका अवॉर्ड जल्द ही होने वाला है और मानसून के बाद निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। इसके अलावा, देवतालाब-नईगढ़ी मार्ग बनने से रीवा की प्रयागराज से कनेक्टिविटी और भी सुगम हो जाएगी। वर्तमान में सीधी और सिंगरौली के बीच संकरी सड़कें और अपर्याप्त पुल यात्रियों के लिए सिरदर्द बने हुए थे। एनएचएआई द्वारा तैयार नए प्लान में जंक्शन सुधार और सर्विस रोड जैसी सुविधाएं शामिल की गई हैं, जिससे भारी वाहनों और ट्रकों की आवाजाही व्यवस्थित होगी। सिंगरौली, जो देश का ऊर्जा हब है, वहां के लॉजिस्टिक्स और माल परिवहन को इससे जबरदस्त गति मिलेगी।




**यह भी बनेंगे**

| | |
|---|---|
| 03 | रेलवे ओवर ब्रिज |
| 01 | रेलवे अंडर ब्रिज |
| 03 | मेजर ब्रिज |
| 33 | माइनर ब्रिज |
| 11 | व्हीकुलर अंडरपास |
| 01 | पैदल अंडरपास |
| 85 | बॉक्स कलवर्ट |
| 165 | पाइप कलवर्ट |

# क्षेत्रीय महाप्रबंधक के साथ संयुक्त श्रम संघों की वार्ता विफल

### श्रम संघों ने 9 मार्च से फूंका आन्दोलन का बिगुल

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



संयुक्त श्रम संघो द्वारा क्षेत्रीय महाप्रबंधक को 23 फरवरी 26 छः सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से क्षेत्र में आन्दोलन करने संबंधी नोटिस दी गई थी। इसी संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा 7 मार्च 26 को संयुक्त श्रम के पदाधिकारियों की बैठक महाप्रबंधक सभागार में बुलायी गई थी। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक द्वारा कहा गया कि आऊट सोर्सिंग में दिये जाने के कारण विभागीय कर्मचारियों के लिए क्षेत्र में कोई जमीन स्थान नहीं बचा है इसलिए रामपुर बटुरा, अमलाई धनपुरी ओसीएम से लगभग 400 कर्मचारियों एवं 79 वाचेन वार्ड कुल 479 कर्मचारियों एवं ओसीएम में उत्खनन कार्यों में लगे भारी मशीनों को सोहागपुर के अन्य क्षेत्रों में 31 मई तक स्थानांतरण किये जायेगें। जिसका सभी श्रम संघ पदाधिकारियों ने एक स्वर में प्रबंधन के इस मजदूर विरोधी निर्णय का कड़ा विरोध किया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक ऐसे वक्तव्य दे रहे थे जैसे ठेकेदार के प्रवक्ता हों। उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा एक वर्गमीटर ओ बी निकालने का लागत 80 रुपए आता है और स्थायी कर्मचारी का 400 उन्होने यह भी कहा कि दामिनी, राजेन्द्रा में भी सी एम मशीनों से कोयला उत्पादन पूरी तरह शुरू होने के बाद सितम्बर 26 तक राजेन्द्रा दामिनी से भी सोहागपुर क्षेत्र के बाहर लगभग 600 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जायेगा। इस प्रकार सोहागपुर क्षेत्र से यदि लगभग 1100 कर्मचारियों का स्थानांतरण क्षेत्र के बाहर अन्य क्षेत्रों हो जाना इस क्षेत्र के लिए इससे बड़ा कोई दुर्भाग्य नहीं हो सकता। प्रबंधन के इस मजदूर विरोधी कृत्य से जहां कर्मचारियों के सामने परेशानी होगी वहीं दूसरी ओर इस धनपुरी, बुढार क्षेत्र का ब्यापार, व्यवसाय भी चौपट हो जायेगा। प्रबंधन द्वारा 7 मार्च की बैठक में सकारात्मक पहल नहीं किये जाने के कारण 9 मार्च से पांचों केन्द्रीय श्रम संगठनों द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रथम चरण में क्रमिक भूंख हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है उक्त क्रमिक भूंख हड़ताल प्रत्येक दिन शाम 5 बजे प्रारंभ होगा जिसमें पांच कर्मचारी बैठेंगे।

उक्त आन्दोलन को सफल बनाने के लिये संयुक्त श्रम संघ पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र के संयुक्त श्रम संघो के सभी इकाई पदाधिकारियों, कर्मचारियों, इनमोसा, एससी-एसटी, ओबीसी, सी एम ओ आई के पदाधिकारियों एवं ठेका मजदूरों से प्रत्येक दिन आन्दोलन स्थल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने भारी पहुंच कर आन्दोलन को सफल बनाने की अपील की गई है।

यह आन्दोलन सोहागपुर क्षेत्र के भविष्य के दिशा एवं दशा का निर्धारण करेगा। अनशन में बैठने वाले कर्मचारी सर्वश्री गिरजा शंकर, एच एम एस, पंकज गुप्ता एटक, भैया लाल साहू इंटक, सुशील कुमार जायसवाल बीएमएस, सीता मिश्रा सीटू, कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद मिश्रा कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता शिवनारायण मिश्रा रावेन्द्र शुक्ला महेंद्र पाल राजेश चंद शर्मा अमरजीत सिंह अरुण गौतम मनोज द्विवेदी, धीरेन्द्र पाण्डेय, महेन्द्र शुक्ला, दुखीराम मोहल्लदर, सुरेश चतुर्वेदी, के के द्विवेदी, कार्य क्रम का सफल संचालन ओंकार द्विवेदी, अनशन स्थल पर सभी क्षेत्रीय, इकाई, कंपनी स्तर के पदाधिकारी गण एवं बड़ी संख्या में सैकड़ों मजदूर साथियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का बुढार स्टेशन में कांग्रेस जनों ने किया भव्य स्वागत

बुढार (स्वतंत्रमत)।



उमंग सिंघार के आगमन पर कांग्रेस जनों ने बुढार स्टेशन में बाजे-गाजे तथा जयघोष के साथ पुष्पहार से स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अनूपपुर जिले के अमरकंटक अल्प प्रवास पर नर्मदा एक्सप्रेस से बुढार आगमन पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव एवं जुझारू नेता प्रदीप सिंह (एड.) के अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पूरे उत्साह के साथ बाजे-गाजे व नारों के मध्य अपने प्रिय विधानसभा नेता प्रतिपक्ष का माल्यार्पण से भव्य स्वागत किये। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस जनों के अपार उत्साह से अभिभूत होकर कहा कि न्याय व हक की लड़ाई में कांग्रेस जन पूरे उत्साह के साथ अभी से जुट जावें और वर्तमान सरकार की नाकामियों को लेकर पार्टी के उच्च निर्देशन के लिये अभी से तैयार रहें। म.प्र. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद मनोज जैन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह, सन्तोष सिंह सेंगर, इबरार अहमद, लीलाराम जगवानी, जवाहर राव, पुष्पेन्द्र शर्मा, रविकान्त, ओंकार सिंह गोड़, विक्की पटेल, अयोध्या राव, मो. असलम, मोहन कुमार, विमल कचेर, निक्की तिवारी सहित कांग्रेस जनों ने पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया।

### मिनी ब्राजील ग्राम विचारपुर को मिला फुटबॉल मैदान, निर्माण हेतु 5.10 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका जिले का ग्राम विचारपुर में फुटबाल खिलाड़ियो को बेहतर खेल सुविधाओ के लिए मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा खेल मैदान निर्माण हेतु 5.10 करोड़ रूपये की स्वीकृत प्रदान की गई है। इस राशि से फुटबाल मैदान, बाउण्ड्रीबॉल, चेंजिग रूम, आफिशियल रूम, पवेलियन निर्माण जैसे अन्य कार्यों का विस्तार किया जाएगा। सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान की स्वीकृति मिलने से मिनी ब्राजील विचारपुर में नियमित रूप से अभ्यास करने वाले फुटबॉल खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के प्रयासों से मिनी ब्राजील के फुटबाल खिलाड़ियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से खिलाड़ियों एवं काचों तथा ग्रामीणवासियों में हर्ष व्याप्त है।




## सीईओ जिला पंचायत ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

### लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिक न होकर नागरिकों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए किया जाए। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे, इसके लिए मैदानी अमले को भी जिम्मेदारी सौंपी जाए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रगति वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा, गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट का औपचारिक विमोचन

### कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने किया लोकार्पण

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय की नवीन आधिकारिक वेबसाइट का औपचारिक विमोचन कुलगुरु प्रो. रामशंकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में वेबसाइट का लोकार्पण संपन्न हुआ।

विश्वविद्यालय की इस नई वेबसाइट को डॉ. मनीष तारम तथा कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र अनुकल्प ने डिजाइन किया है। वेबसाइट के निर्माण में कुलगुरु का विशेष मार्गदर्शन रहा। कुलगुरु की यह इच्छा थी कि विश्वविद्यालय अपनी वेबसाइट स्वयं तैयार करे, जिससे विद्यार्थियों की प्रतिभा और तकनीकी दक्षता को व्यावहारिक मंच मिल सके तथा विश्वविद्यालय आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़े। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद पांडेय ने नई वेबसाइट की विशेषताओं का विस्तृत परिचय देते हुए बताया कि इसमें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रवेश, परीक्षा, परिणाम, शोध कार्यों तथा प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी सुव्यवस्थित रूप में उपलब्ध कराई गई है, जिससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को महत्वपूर्ण सूचनाएँ आसानी से प्राप्त हो सकेंगी। अपने उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि आज का युग डिजिटल परिवर्तन का युग है और भारत तेजी से डिजिटल भारत अभियान की दिशा में अग्रसर है।

ऐसे समय में विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल पारंपरिक शिक्षा तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों को भी शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बनाना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, शोध और प्रशासनिक पारदर्शिता का एक सशक्त मंच है।

कुलगुरु ने आगे कहा कि उनकी सदैव यह सोच रही है कि विश्वविद्यालय अपने संसाधनों और प्रतिभाओं का उपयोग करते हुए नवाचार की दिशा में आगे बढ़े। इसी भावना के साथ यह प्रयास किया गया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट विश्वविद्यालय के ही शिक्षक और छात्र मिलकर तैयार करें।

उन्होंने इसे विद्यार्थियों के कौशल विकास, तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ज्ञान, तकनीक और नवाचार के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना है। नई वेबसाइट इसी दृष्टि और प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और डिजिटल प्रगति को नई दिशा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते कुलसचिव डॉ आशीष तिवारी ने कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्वविद्यालय खुद अपनी वेबसाइट बनाया कुलगुरु एवम सभी के प्रति आभार जताया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेहतर समाज की आधारशिला महिला विषय पर हुआ सम्मेलन



**उमरिया ।** रविवार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नवसृजन विकास संवाद समिति द्वारा उमरिया नगर के रानी दुर्गावती भवन में बेहतर समाज और बेहतर दुनिया की आधारशिला महिला विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह ने गमले में पानी डालकर किया। संस्था की परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ की गई, जिसके माध्यम से समानता, न्याय और अधिकारों के मूल्यों को याद किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सामाजिक कार्यकर्ता अजमत ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि नवसृजन एक सामाजिक नागरिक संस्था है, जो जिले के करकेली ब्लॉक के लगभग 50 गांवों में महिला और युवा नेतृत्व के माध्यम से संविधान के मूल्यों को समाज में स्थापित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने बताया कि संस्था सामूहिक प्रयास के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे मुद्दों पर भी लगातार कार्य कर रही है। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि देश और दुनिया में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए और महिलाएं निरंतर आगे बढ़ती रहें, यही हमारी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया है और अब जरूरत इस बात की है कि हम इन मूल्यों को अपने जीवन और व्यवहार में उतारें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।

## बिलगांव में धूमधाम से मनाई जाएगी कर्मा जयंती



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 15/3/26 को कर्मा जयंती का पर्व पूरे हर्षोल्लास, भव्यता और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में ग्राम बिलगांव में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कर्मा जयंती के अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा, ताकि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिल सके।

इसके साथ ही समाज की एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में साहू समाज के बाहुल्य गांवों करौंदी, बरगांव, अमठेरा, बिलगांव, घुंडीसरई, कंचनपुर, बांकी और शहपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों से स्वजातीय बंधुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि कर्मा जयंती केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कर्मा जयंती को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

## मानवाधिकार परिषद ने राजेन्द्र कुमार को बनाया डिंडौरी जिला अध्यक्ष



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** मानवाधिकार परिषद द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र कुमार को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में परिषद की ओर से 6 मार्च 2026 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत गिरी ने राजेन्द्र कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि राजेन्द्र कुमार संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज के हित में कार्य करेंगे और सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

## संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन 1545 आवेदनों का हुआ निराकरण

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** विकासखंड समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत छांटा में सोमवार, 09 मार्च 2026 को क्लस्टर स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए गए। जानकारी के अनुसार छांटा क्लस्टर अंतर्गत 12 ग्राम पंचायतों से कुल 1545 आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए, जिनका निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष पावंती कुशराम, सरपंच गायत्री देवी, मंती बाई सहित खंड एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक संपन्न

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे, उद्योग प्रबंधक राधिका कुसरो, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मोहित सिंह, कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, उपसंचालक पशुपालन एचपी शुक्ला, खनिज अधिकारी अशोक नागले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन शौचालय, सड़क एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 अप्रैल 2026 को करंजिया/बजाग, 28 अप्रैल 2026 को डिंडौरी, 7 मई 2026 को शहपुरा तथा 14 मई 2026 को अमरपुर/समनापुर में आयोजित किए जाने की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक



दस्तावेजों सहित सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने आरटीओ विभाग को बिना परमिट, रोड टैक्स एवं फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित हो रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पीएचई विभाग को 31 मार्च तक नल-जल योजना से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 19 मार्च से होने जा रहा है जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संचय अभियान के कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर जिले के समस्त विकासखंडों में आयोजित किए जाएं जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए और लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रमों में उनके समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही साथ कलेक्टर ने महिला बाल विकास अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि जिले के विकासखंड स्तर पर आयोजित दिव्यांगजन शिविर में पात्र दिव्यांगजनों को पूर्ण कार्यवाही करते हुए उनके आधार कार्ड, समग्र आईडी, पेंशन, ईकेवायसी, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जाएं ताकि शासन की योजना का लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के बीएमओ, सीएचओ, स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र की टीम के द्वारा स्कूलों में जाकर एवं शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण कर टीके लगाए जाएं ताकि शासन की योजना लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के नदी नाले, जलाशय, स्टॉप डेम पर पानी रोकने के उद्देश्य से गेट लगाए गए हैं फिर भी जिस स्टॉप डेम एवं नदी नाले पर पानी रोकने के उपाय नहीं किए हैं उनकी जानकारी आम जनता से अपील की गई है कि जो आम जनता खुले गेट की जानकारी देगा उसे जिला प्रशासन द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा।

# दिखावा बनकर रह गई 5 रूपए में गरीबों को पेटभर खाना खिलाने वाली योजना

## दीनदयाल रसोई योजना का गरीबों को नहीं मिल रहा लाभ

सिहोरा (स्वतंत्र मत)

पांच रुपये में भरपेट भोजन देने की सरकार की मंशा निगरानी के अभाव में केवल पोर्टल पर अपडेट हो रही है। जिसके चलते दीन दयाल रसोई योजना का संचालन अब केवल दिखावा बनकर रह गया है। गरीबों को न तो पर्याप्त भोजन मिल रहा है न ही भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। भोपाल से संचालित इस योजना में रोटी, सब्जी और चावल तक सीमित मेन्यू गरीबों का पेट भरने में असमर्थ है। संचालक के फर्जी दावों और फर्जी लाभार्थियों की संख्या दर्ज कर सरकार को धोखा देने की खबरें सामने आई हैं। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। प्रशासन के नुमाइंदों के गैर जिम्मेदार बयान तथा लापरवाही और संचालक की अनियमितताओं ने गरीबों के लिए बनी इस योजना को मजाक बना दिया है।



### अनेक अनियमितता, जिम्मेदार बेखबर

वर्तमान में योजना का संचालन कर रही संस्था ने अपने ढंग से नियमों को बदल दिया है जिससे गरीबों को ना तो भरपेट भोजन मिल रहा है और ना ही भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है। रसोई में ना तो मीनू के अनुसार खाना बन रहा है, और सिर्फ रोटी, सब्जी और चावल से काम चलाया जा रहा है। गरीबों का कहना है कि दो रोटी और हाफ प्लेट चावल में पेट नहीं भरता। इस योजना का संचालन भोपाल से किया जा रहा है, जो दावा करता है कि उन्होने अब तक 57731 गरीबों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराया है वहीं नये वर्क आर्डर जनवरी 2026 से 10 फरवरी तक मात्र 40 दिन जिनमें अवकाश के दिवस भी शामिल है 3717 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। रसोई की खाली पड़ी कुर्सीया चीख चीख कर बोल रही है की गुणवत्ताहीन भोजन के कारण लाभर्थीयो की संख्या दहाई का आकंड़ा भी पार नहीं करती।इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना का संचालन किस प्रकार हो रहा है।

### फर्जी नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज कर रहे

लंबे समय से इस तरह की अनियमितताएं हो रही हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। नगरपालिका और संचालक के अनुसार दीन दयाल रसोई में रोजाना 150 से 200 लाभार्थी भोजन कर रहे हैं, जबकि सूत्रों की माने तो यहां पर घटिया भोजन की वजह से लगभग 20 से 25 लोग ही भोजन ले रहे हैं। इसके बावजूद संचालक के संचालक फर्जी नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करके लाभार्थियों की संख्या बढ़ा रहे हैं। इस प्रकार फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। पहले भी इस तरह की धांधली सामने आ चुकी है लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

### सार्वजनिक स्थल की जगह वाचनालय में संचालित

योजना को क्रियान्वित करने मप्र शासन की मंशा थी की दुरदराज ग्रामो से आने वाले दिहाड़ी मजदुर गरीबो को स्वच्छ स्थान पर भरपेट भोजन पानी प्राप्त हो सके।लेकिन संचालक एंव स्थानीय प्रशासन की मिली भगत से बस स्टेंड रेल्वे स्टेशन सिविल अस्पताल जैसे सार्वजनिक स्थल को छोड़कर नगरपालिका के वाचनालय भवन में संचालित किया जा रहा है ताकी भारी संख्या में लाभर्थीयो की संख्या में घालमेल किया जा सके।

### इन्होंने कहा

भवन का कार्य चल रहा है, कार्य पूर्ण होते ही दीन दयाल रसोई स्थांतरित की जायेगी।

**जयश्री चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा**

योजना भोपाल से संचालित है, संचालक जो जानकारी अपलोड करते है हम केवल वो बता सकते हैं। कार्यालय में ओर भी काम है रोज चेक नहीं किया जा सकता।

**कल्पना दीक्षित, आजिविका मिशन**

# विकास का नया अध्याय लिखेगा जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज दोहरीकरण कार्य

## रेलमंत्री से मिले सांसद आशीष दुबे, प्रकट किया आभार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



सांसद आशीष दुबे ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर समूचे जबलपुर संसदीय क्षेत्र की ओर से जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाईन के दोहरीकरण को स्वीकृति देने के लिये धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। सांसद श्री दुबे ने रेल मंत्री श्री वैष्णव से कहा कि महाकौशल अंचल की बहुप्रतीक्षित आवश्यकता और मांग को स्वीकृति मिलने से महाकौशल क्षेत्र के विकास का नया अध्याय लिखा जाने वाला है। उन्होंने श्री वैष्णव को इस बात के लिये भी धन्यवाद दिया कि दोहरीकरण कार्य के लिये स्वीकृत 5236 करोड़ रूपये परियोजना लागत के अतिरिक्त 450 करोड़ रूपये वन्य जीवों की सुरक्षा और आवागमन के लिये पर्यावरण एवं प्रकृति अनुकूल अंडरपास बनाने के लिये स्वीकृत किये गये हैं जो इस परियोजना की महत्वपूर्ण विशेषता है। गौरतलब है कि सांसद श्री आशीष दुबे अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज रेल मार्ग के दोहरीकरण की बात संबंधित विभिन्न मंचों पर रखते आये हैं जिसका परिणाम है कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस कार्य को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सांसद श्री दुबे ने रेल मंत्री श्री वैष्णव से कहा कि जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज रेलवे लाईन के दोहरीकरण से आने वाले वर्षों में जहां नई ट्रेनें मिलेंगी वहीं ट्रेनों की गति बढ़ने के साथ यात्रियों के समय की बचत भी होगी और मालवाहक गाडियां भी अपेक्षाकृत कम समय में इस नये मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगी। सांसद श्री दुबे ने सिहोरा में दो रेलगाडियों के स्टॉपेज को स्वीकृत करने के लिये भी रेलमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इन दो ट्रेनों नागपुर-शहडोल (11201/02) और इतवारी-रीवा (11753/54-55-56) एक्सप्रेस के सिहोरा में ठहराव की स्वीकृति दिये जाने से सिहोरा सहित आस-पास के पूरे क्षेत्र को लाभ होगा ।

# घर में घुसकर रुपयों की मांग, न देने पर हमला

**जबलपुर।** बेलबाग थाना क्षेत्रातंर्गत पारो बाई के बाड़े में बीती रात तीन असमाजिक तत्वों ने एक घर में घुसकर शराब पीने के लिये रुपयों की मांग की। युवक द्वारा रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने मारपीट करते हुए किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे युवक के चेहरे और हाथ में चोट आ गई। पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी 38 वर्षीय आशीष सोनी ने मन्नूलाल अस्पताल के पास दुकान का संचालन करता है। उसीक पत्नी आरती सोनी बेलबाग तिराहा के पास पारो बाई के बाड़ा में रहती है। आशीष बीती रात रंग पंचमी में अपनी पत्नी आरती से मिलने उसके घर गया था। जहां रात्रि करीब नौ बजे जब पति-पत्नी आपस में बातें कर रहे थे, उसी दौरान क्षेत्र में रहने वाला लक्ष्य सोनी, दीपक एवं सागर घर के अंदर घुस आये और उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रूपये मांगने लगे।

# जीसीएफ इंटरसेक्शन फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीसीएफ के विद्यानगर मैदान में इंटरसेक्शन फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि इस टूर्नामेंट की शुरूआत कर्मचारियों पर उत्पादन के दबाव को कम करने हेतु किया जा रहा है। कार्य समिति मजदूर संघ हथोड़ा द्वारा प्रथम बार इंटरसेक्शन फुटबॉल टूर्नामेंट करवाकर कर्मचारियों के मानसिक दबाव को कम करने हेतु सफल प्रयास किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्पोर्ट्स सेक्रेट्री कुलबीर पांडे द्वारा किया गया। वहीं



फाइनल मैच में जीसीएफ के महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी महाप्रबंधक, राहुल चौधरी एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर उदयवीर सिंह द्वारा समापन कराया गया। टूर्नामेंट का आयोजन कार्य समिति जीसीएफ के तत्वाधान में हुआ। फाइनल मैच एलएफजी चैंपियन और टेक किंग के बीच खेला गया। जिसमें एलएफजी चैंपियन ने 2-0 से ये फाइनल का मुकाबला जीत लिया। सुंदर मोहन को मैन ऑफ द मैच और सीरीज का खिताब दिया गया। समापन समारोह में मजदूर संघ हथोड़ा के महामंत्री रोहित, यादव कार्य समिति सचिव अमित चंदेल, उपाध्यक्ष बीरबल सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी स्पोर्ट्स जितेंद्र मेहर आदि उपस्थित रहे।

# गोविंद गंज रामलीला ने रंग पंचमी का भव्य आयोजन किया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य भारत की सबसे प्राचीन श्री गोविंद गंज रामलीला समिति द्वारा रामलीला प्रांगण के सुहाने भवन में रंग पंचमी पर्व पर भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि रंग पंचमी पर्व पर भव्य कार्यक्रम में सांस्कृतिक, साहित्यिक,लोक गीत का आयोजन किया गया। इसमें सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में रामलीला समिति के पं. वासुदेव शास्त्री, संरक्षक राकेश डीपी पाठक, पं रोहित महाराज, रवि गुप्ता, मनीष पाठक, विजय सरावगी,भजन गायक राकेश पाठक, अरुण दुबे,पिंटू महाराज, मंगू गोयल, पवन पांडेय, किशन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर फूलों की होली खेली। लोक गीत और नृत्य का मनोरम आयोजन हुआ जिसमें सभी ने भाग लिया। समिति द्वारा सभी के लिए भोजन में लजीज व्यंजन रखें गये थे, जिसका सभी ने लुप्त उठाया।



# तीर्थंकर दिवस पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्रमण संस्कृति के प्रथम तीर्थंकर आदि पुरुष भगवान श्री आदिनाथ के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव को सम्पूर्ण जैन समाज तीर्थंकर दिवस के रूप में 12 मार्च को मनाने जा रहा है। इस अवसर पर नगर में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर (चौधरी) दरहाई एवं श्री शासनोदय तीर्थ बड़ा जैन मंदिर हनुमानताल से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा का आयोजन राष्ट्र संत दिगम्बराचार्य श्री विद्यासागरमहाराज की प्रेरणा एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज के आर्शीवाद से अभीक्ष्ण ज्ञान के धनी वात्सल्य मुनि त्रय श्री निर्दोष सागर जी, श्री निर्लोभ सागर एवं श्री निरुपम सागर महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी भगवानश्री आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक महोत्सव समिति के संयोजक द्वय एडव्होकेट विजय चौधरी एवं लायन नरेन्द्र जैन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी। आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक महोत्सव के शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार 12 मार्च को प्रात: 7 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जावेगी। श्री दिगम्बर जैन पंचायत सभा अध्यक्ष कैलाश जैन, महामंत्री अनिल जैन, जैन नवयुवक सभा अध्यक्ष नितिन बेटिया आदि ने शोभायात्रा में सभी से सम्मिलित होने की अपील की है।



# रौनियार वैश्य समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रविवार को रौनियार वैश्य समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी ने दीप प्रज्वलित कर की। फूलों की होली एवं अन्य कार्यक्रम से माहौल उत्सवमय हो गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सभी को एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मनोज गुप्ता, एड सुनील गुप्ता, एड मनीष गुप्ता, एड प्रीति गुप्ता, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गुंजन के कार्यक्रमों में संस्कृति के दर्शन

## गीतों-नृत्यों के बीच होली मिलन व महिला दिवस समारोह आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गुंजन कला सदन मप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हमेशा भारतीय संस्कृति के प्रेरणादायक दर्शन होते हैं । उपरोक्त आशय के विचार विगत दिवस तिलवारा के निकट घाना की ग्रीन वैली में गुंजन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह में उपस्थित पं नित्यनिरंजन खंपरिया, विनय सक्सेना, अजय अग्रवाल, डॉ. प्रकाश दुबे, नलिनकांत बाजपेई ने व्यक्त किए । इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र साहू को साफा माला के साथ सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्रकार प्रमोद कुशवाहा ने आकर्षक विशाल पेंटिंग भेंट की। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आनंद तिवारी ने सभी के प्रति मंगलभाव व्यक्त किए। संस्था के सदस्यों द्वारा अतिथियों, कलाकारों एवं सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया गया। मिठाईलाल चक्रवर्ती, रज्जन सूर्यवंशी, अनवर हुसैन, नीरज शुक्ला ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। अपनी डांस फैमिली की नृत्यांगनाओं



और मोती शिवहरे के नवरंग कथक कला केंद्र के कलाकारों ने मन भावन नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर एवं युवा गुंजन सहित श्रमजीवी पत्रकार परिषद, कादंबरी, पाथेय, वर्तिका, अंतस, पीएमजी, सेम सीनियर सिटीजन क्लब, शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, बुंदेली संस्कृति संगम सहित अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्वादिष्ट भोजन के उपरांत कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

# सीनियर सिटिजन क्लब ने मनाया रंगपंचमी का पर्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सैम सीनियर सिटिजन क्लब होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य उर्मिला श्रीवास्तव ने नेता और अभिनेता थीम पर अपने चुटीले और नुकीले होली के सतरंगी रंग में डूबे टाइटल से सभी सदस्यों को सराबोर कर दिया। हंसी ठिठोली के बीच सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। क्लब की सदस्य लक्ष्मी राजपूत ने सदस्यों के मुंह में मीठा डाला तब हंसी पर ब्रेक लगा, जसबीर चोपड़ा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, अनीता आहूजा, रश्मि श्रीवास्तव, आरती जायसवाल, सुनीता, रचना एवं कृष्ण राधा के वेश में लक्ष्मण सिंग चौहा सुनीता चौहान ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। डॉ माया गुप्ता, राजकुमारी, प्रभा नायडू, हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता समैया, उपायुक्त स्थापक, डॉ लिआऔ, इंद्र अग्रवाल मंजू इंग्लें के गीत और नृत्य ने सबका मन लुभाया। संयोजन जादूगर एसके निगम द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन विंग कमांडर चंदन शर्मा और नीरज शुक्ला ने किया।



# कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा ने मनाया होली मिलन समारोह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित रंग पंचमी के अवसर पर चेरीताल स्थित कान्यकुब्ज सभा भवन में होली मिलन समारोह बड़े ही उल्लासपूर्ण एवं पारंपरिक वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रीति मिश्रा, दुर्गेश गर्ग, राज भट्ट, महेंद्र मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रशांत पाठक, योगेश उपाध्याय, विवेक त्रिपाठी और रवि शुक्ला ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम की संयोजक एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिला सभा की अध्यक्ष डॉ. आशा पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी वर्ष होली पर्व को समस्त ब्राह्मण संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से और अधिक भव्यता के साथ मनाया जाए। समारोह में पत्रकार रविंद्र बाजपेई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरजा बाजपेई, राम दुबे, सुशील शुक्ला, दिलीप दुबे आदि उपस्थित रहे।



# जूनियर डॉक्टरों ने की हड़ताल, चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज समेत प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों ने लंबित स्टाइपेंड संशोधन की मांग को लेकर सोमवार सुबह से हड़ताल शुरू कर दी है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में प्रदेशभर के करीब 8 हजार रेजिडेंट डॉक्टर, सीनियर रेजिडेंट और इंटर्न इस आंदोलन में शामिल हैं। हड़ताल के चलते मेडिकल कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं बंद हो गई हैं और सामान्य ऑपरेशन भी नहीं किए जा रहे, जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल का सीधा असर अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों पर पड़ रहा है। जूनियर डॉक्टरों ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में डीन और विभागाध्यक्षों को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल की जानकारी दी है। डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक वे ओपीडी और अन्य इलेक्टिव सेवाओं का बहिष्कार जारी रखेंगे।

**इमरजेंसी सेवाएं रहेगी जारी** - हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि हड़ताल के दौरान ओपीडी और अन्य सामान्य सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा, जबकि आपातकालीन सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। ऑपरेशन थिएटर में भी केवल गंभीर मरीजों के ऑपरेशन ही किए जाएंगे। इसके कारण हर्निया, रॉड इंप्लांट और अन्य सामान्य ऑपरेशन टल सकते हैं, जिससे मरीजों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।

**अप्रैल 2025 से लागू होना था संशोधित स्टाइपेंड**- जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश शासन के आदेश के मुताबिक सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन 1 अप्रैल 2025 से लागू होना था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। इसके साथ ही अप्रैल 2025 से देय एरियर का भुगतान भी लंबित है। जूडा ने बताया कि इस संबंध में कई बार शासन और संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इसी कारण डॉक्टरों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है। प्रदर्शन के दौरान जूनियर डॉक्टरों ने मप्र के डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला और मेडिकल के डीन नवनीत सक्सेना को एक ज्ञापन भी सौंपा ।

# परिवार, समुदाय और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं महिलाएं

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शैक्षणिक संस्थानों में हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वूमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिकाओं, कार्यालयीन स्टाफ तथा हितकारिणी सभा द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों की शिक्षिकाओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी ने सभी उपस्थित शिक्षिकाओं एवं सहायक प्राध्यापिकाओं का गुलाब पुष्प भेंट कर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि महिलाएं भविष्य में भी अपनी प्रतिभा, क्षमता और परिश्रम के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र को प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, ऋषभ भट्ट तथा कार्यालयीन कर्मचारियों नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुमन चौधरी एवं विजय दहायत का विशेष सहयोग रहा।



### शास. मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन किए गए। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए काम करने का महिला दिवस पर सभी प्राध्यापक ने संकप लिया। यह कार्यक्रम डॉ. सुनीता मिश्रा प्राचार्य के मार्गदर्शन और डॉ. (कैप्टन) सपना चावला के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में कीर्ति पाण्डेय, इंस्पेक्टर, आर्थिक अपराध शाखा, सतर्कता विभाग जबलपुर मप्र. एवं डॉ. जया बाजपेई, वरिष्ठ प्राध्यापक, शासकीय मॉडल विज्ञान महाविद्यालय, स्वशासी जबलपुर मप्र ने महिला सशक्तिकरण एवं नेतृल एवं सामाजिक न्याय और महिलाओं की समानता के अधिकारों पर सारगर्मित व्याख्यान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होंने अपने वक्तव्य में उल्लेख किया कि महिलाएं अपने परिवार समुदाय और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उज्वला खारपाटे का विशेष योगदान रखा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. (कैप्टन) सपना चावला ने किया और डॉ. विजया कोष्टा, प्राध्यापक वाणिज्य ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविधालय के प्राध्यापक गण एवं छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय थी।



# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 जोड़े बने हमसफर

## सामाजिक समरसता और सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देने हुआ सामूहिक विवाह समारोह





कटंगी(स्वतंत्र मत)

सामाजिक समरसता और सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देने, निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए मायॅल नगरी तिरोड़ी के दुर्गा ग्राउंड में सोमवार 09 मार्च को विकासखंड स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इस भव्य समारोह में 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर एक-दूजे के हमसफर बने। सांई मंदिर से दोपहर 01 बजे एक साथ बैड़-बाजे और ढोल शहनाई के साथ बारात निकाली। इस बारात को देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। लोग अपने घरों की छत पर खड़े होकर बारात का दीदार करते हुए नजर आए। बारात करीब आधा किमी. का भ्रमण करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी की अध्यक्षता में विवाह समारोह का आयोजन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार विशिष्ठ अतिथि रहे। समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष कविता देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, प्रकाश उके, प्रियंका परते, रविकांता बोरकर, एसडीएम के.सी.ठाकुर, एसडीओपी विवेक शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले, जनपद सदस्य ओमसिंह परते, चमन डोंगरवार, ज्योति सूर्यवंशी, मनोज बोपचे, अजीत बिसेन, कांता बाई परिहार, कांता नेवारे, छबिलता वाहने सहित तमाम ग्राम पंचायतों के सरपंच अतिथि के तौर में शामिल हुए। यहां पर बौद्ध, हिंदू और गोड़ी परंपराओं के अनुसार विवाह संपन्न करवाएं गए। वर-वधू पवित्र सामाजिक बंधन में बंधने के बाद बेहद उत्साहित नजर आएं। वहीं वर-वधू के माता-पिता चेहरे पर भी खुशियां देखी गई। सामूहिक विवाह समारोह में सबसे पहले भंते धम्मपाल ने बौद्ध रीति-रिवाज से बौद्ध अनुयाईयों का विवाह संपन्न करवाया। तथागत गौतम बुद्ध और संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र को साक्षी मानकर बौद्ध समुदाय के वर-वधू ने एक-दूसरे को अपने जीवन साथी के रूप में स्वीकार किया। इसके बाद हिंदू रीति-रिवाज से हिंदू धर्म को मानने वाले वर-वधू का विवाह संपन्न हुआ। पंडित मनीष तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न करवाया। हिंदू धर्म के वर-वधू ने अग्नि को साक्षी मानकर एक-दूसरे का हाथ थामा और जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने की कसमें खाकर नव दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष ने यहां एक जोड़े का उनके परिजनों के साथ मिलकर कन्यादान किया। अंत में भूमका जेठूसिंह तेकाम ने गोंड़ी परपंराओं से गोंड़ समाज के वर-वधू का विवाह संपन्न करवाया। गोंड़ समाज के वर-वधु ने अपने कुल देवता का आहवान किया। हाथों में महुआ का फूल लेकर विवाह की प्रक्रिया पूर्ण की गई। नोड़ल अधिकारी हितेश पिपलेवार ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी के सफल नेतृत्व में विवाह समारोह संपन्न हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने इस आयोजन की प्रशंसा की और बताया कि राज्य सरकार के मुताबिक बालाघाट जिले को सामूहिक विवाह समारोह में 800 जोड़ों का लक्ष्य मिला था। हालांकि यह लक्ष्य कम था। उन्होंने कहा कि आगामी नए सत्र में फिर से नया लक्ष्य मिलेगा जो लोग छूट गए है। वह आने वाले समय में आयोजित होने वाले समारोह में हिस्सा ले सकते है। जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने भी क्षेत्र के कई गरीब कन्या अभिभावकों की पीड़ा को मंच से साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सामूहिक विवाह में जो लक्ष्य तय कर दिया है। विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि यह आयोजन बेहद प्रयासों के बाद आयोजित हो पाया है इसमें सीईओ की भूमिका भी बेहद अहम रही। वह भी लगातार वरिष्ट अधिकारियों से पत्राचार करते रहे।

# लकड़ी लाने जंगल गये वृद्ध पर बाघ ने किया हमला, मौत

बालाघाट(स्वंतत्र मत)



वन विकास निगम लामता रेंज अतंर्गत पाद्ररीगंज सर्किल के दक्षिण मोहगांव बिट में वन्य प्राणी बाघ के हमले से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक वृद्ध का नाम इनकार सिंह सैयाम उम्र 55 वर्ष मोहगांव निवासी बताया गया हैं। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच कर शव बरामद कर शव का पीएम के लिए लामता भिजवाया जा रहा हैं। जानकारी अनुसार, इनकार सिंह 9 मार्च की दोपहर 12 बजे करीब अपने भतिजे के साथ में साईकिल से लकड़ी लाने के लिए घर से जंगल की ओर निकले थे, वह मलधर जो वन ग्राम विस्थापित हो गया हैं, उस जंगल की ओर चले गए जहां हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने हमला कर दिया, इनकार सिंह बाघ का शिकार बन गया, लेकिन किसी तरह उनका भतिजा जंगल से भाग कर दोपहर करीब 3.30 बजे करीब गांव की ओर पहुंचा और फिर गांव में घटना की जानकारी दी, फिर ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन अमला और पुलिस मौके पर पहुंचे और पंचनामा की कार्यवाही कर शव पुलिस ने बरामद किया गया। जिसका पीएम के लिए लामता अस्पताल भिजवाया जा रहा हैं।

### इनका कहना हैं

मोहगांव निवासी एक व्यक्ति अपने भतिजे के साथ दक्षिण मोहगांव बिट के कक्ष क्रमांक 1154 में बाघ ने वृद्ध पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही मौके पर वन अमला मौजूद हैं, पुलिस और वन अमला के द्वारा पंचनामा की कार्यवाही के पश्चात पीएम के लिए लामता अस्पताल में रखा जायेगा, 10 मार्च पोस्टमार्डम किया जायेगा। 20 हजार रूपए की तात्कालिन आर्थिक सहायता राशि दी गई हैं, रिपोर्ट तैयार कर कार्यवाही की जायेगी।

**आर.के. सोलंकी**
**संभागीय प्रबंधक, वन विकास निगम**
**बालाघाट**

## ग्राम बोरी में तेंदुए का हमला, किसान गंभीर रूप से घायल

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** वन परिक्षेत्र बालाघाट के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरी में सोमवार सुबह तेंदुए के हमले से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान भंडारी पिता तेजूलाल पांचे (62) को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बोरी निवासी किसान भंडारी पांचे सोमवार सुबह करीब 8ः30 बजे अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान खेत से लगे जंगल की ओर से अचानक आए तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुए ने किसान के पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर पंजों से वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल किसान को जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्टेडियम में कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्र मत)



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष अस्मिता लीग कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं में खेलों के प्रति रुझान बढ़ाना एवं फिटनेस को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करना और समाज में महिलाओं की भूमिका एवं उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम अस्मिता लीग के तहत तीन एथलेटिक्स कैटेगरी में खेल प्रतियोगिताएं जैसे 100 मीटर, 200 मीटर 400 मी एथलेटिक्स प्रतियोगिता की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा,खेल प्रशासन, विज्ञान और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह ने कहा कि आज हमारे देश की प्रथम नागरिक महामहिम जो एक महिला ही है और हम सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। मध्य प्रदेश जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ने कहा कि आज हमारे देश की बेटियां एवं महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। निश्चित ही वह आगे चलकर खेल में भी देश का नाम रोशन करेंगी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं महिला प्रतिभागियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। सभी विजेता प्रतिभागियों को नगर पालिका अध्यक्ष रश्मि सिंह द्वारा स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक से एवं स्मृति चिन्ह ओर माय भारत की कैप से सम्मानित किया गया।

# बजट सत्र में सक्रियता से विधायक मधु भगत ने क्षेत्र को दिलाई करोड़ों की सौगात

बालाघाट (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश विधानसभा के गत दिवस समाप्त हुए बजट सत्र में बालाधाट जिले के परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने अपनी सक्रियता, जनप्रतिबद्धता और प्रखर उपस्थिति से सभी का ध्यान आकर्षित किया। सत्र के दौरान उन्होने न केवल अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाया, बल्कि हर मुद्दे पर स्पष्ट और तथ्यपूर्ण चर्चा प्रस्तुत की। उनकी यह कार्यशैली के चलते उनके समर्थक वर्ग ने कहा कि वह केवल विधायक भर नहीं है बल्कि एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हितों को सर्वोपरि रखते है।

विधायक भगत ने परसवाडा क्षेत्र में सक, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, ग्रामीण विकास और आदिवासी अंचल की विशेष समस्याओं से जु मुद्दों को विस्तार से सदन के पटल में रखा। उन्होने सरकार से मांग की कि इन समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाये, क्योंकि इनका सीधा प्रभाव ग्रामीणों के जीवन और विकास पर पता है। उनकी तार्किक दलीलों और क्षेत्रीय परिस्थितियों को समग्र पूर्ण से प्रस्तुत करने की शैली ने सदन का ध्यान आकर्षित किया और सरकार को इन बिन्दुओं का जवाब देने के लिये बाध्य किया। सदन के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी विधायक भगत ने उतने ही सक्रिय और मुखर दिखाई दिये। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में सरकार के विरूद्ध किये गये विरोध प्रदर्शन में उन्होने सक्रिय रूप से भागीदार निभाई। यह उनकी लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था और जनता की आवाज बुलंद करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वे लगातार सरकार की नीतियों और निर्णय में शामिल कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते रहे ताकि जनता की अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी न हो।

इन सभी राजनीतिक व जनहितकारी गतिविधियों के साथ ही विधायक भगत विकास के मोर्चे पर उतने ही प्रभावित साबित हुए। अपने सतत प्रयास और लगातार फालोअप के कारण वे परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के लिये करोडो रूपये के विकास कार्यो की सौगात लाने में सफल रहे। क्षेत्र के बोडुदाकला में औद्योगिक इकाई स्थापित करने वहीं ग्राम पंचायत कटंगी के ग्राम बोरी व लिंगा पंचायत के ग्राम परसवाडा के मध्य बहने वाली घिसर्री नदी पर 11करोड रूपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इस पुल निर्माण से क्षेत्रीय जनता को सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। वहीं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं मानदेय वृद्धि, क्षेत्र में नया रेंजर कार्यालय खोले जाने, वहीं अधूरी सातनारी सिंचाई जलाशय परियोजना का मुद्दें को भी उन्होंने पुरजोर तरह से उठाकर अपनी सक्रियता का परिचय दिया। इस मध्य व अनेक विभागों के मंत्रियों से मिलकर उनके विभाग से जुी समस्याओं की तरफ ध्यान केन्द्रित करने के लिये प्रतिबद्ध दिखे। क्षेत्र के समग्र विकास को गति दिलाने के लिये हर वह प्रयास किया जो जरूरी था। इस प्रकार बजट सत्र के दौरान विधायक भगत की सक्रिय उपस्थिति परसवाडा क्षेत्र की जनता के बीच चर्चाओं का केन्द्र रही एवं केवल क्षेत्र की जनता में विश्वास ही नहीं बाया बल्कि उन्होने एक प्रभावी जनप्रतिनिधि के रूप में अपने आप को स्थापित करने का प्रयास किया।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेले का हुआ शुभारंभ

**उमरिया ।** खेती के माध्यम से कृषकों को आत्म निर्भर बनाने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। खेती किसानी के क्षेत्र में सरकार व्दारा निरंतर रूप से कार्य किया जा रहा है, ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकें और बेहतर ढंग से अपना जीवन यापन कर सके। उक्त आशय के विचार सोमवार 9 मार्च को मानपुर विधानसभा क्षेत्र कि विधायक सुश्री मीना सिंह कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय आत्मा एवं मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत मेले का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका लाभ भी किसानों को मिल रहा है। किसानों को जीरो बैलेंस पर सोसायटी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानो को फसलों पर समर्थन मूल्य उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान कोदो, कुटकी की भी खेती करना प्रारंभ करें। इसकी फसल कम पानी में बोई जा सकती है। इसके साथ ही इसमें प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, खनिज तथा एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है।वर्तमान में किसानी के क्षेत्र में आधुनिक यंत्र आ गए है। मेले में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों व्दारा खेती करने के नए नए तरीकों से किसानों को अवगत कराया गया। किसान उन तरीको को खेती किसानी में अपनाकर निश्चित रूप से अच्छा लाभ कमा सकते हैं। आज किसानों को प्रधानमंत्री मोदी जी किसान निधि के माध्यम से साल के 6 हजार दे रही हैं और मध्यप्रदेश की सरकार 4 हजार दे रही हैं लाडली बहनों को 1500 रुपये महीने दे रही हैं जो धीरे धीरे 3 हजार तक हो जाएगी जिससे बहनों को जिन्दगीं आसान होती जा रही हैं और उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा दे रही हैं अब माताओ और बहनों का खाना आधे घंटे में बन जाता है पहले चूल्हे में 3 घंटे लगते थे। दिल्ली की मोदी सरकार और मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार सभी किसान भाइयों के साथ खड़ी है और आपके लिये मैं भी हर समय उपलब्ध हूँ जब कोई समस्या या परेशानी हो आप मुझे बताइए उसका निदान किया जाएगा। जनता जनार्दन ने मुझे आपकी सेवा के लिए ही विधायक बनाया है मैं फिर कहती हूँ जो कृषि विभाग के अधिकारी के हिसाब से खेती करे तो आपकी खेती में कई गुना वृद्धि होगी और कृषि भी लाभ का जरिया बनेगा। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि व्दारा कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की गई।



## बाइक रैली के माध्यम से किया गया नेशनल लोक अदालत का प्रचार

**उमरिया।** म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के पालन में एवं अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रियदर्शन शर्मा के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया मोहन डावर, के सकिय प्रयास में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु सोमवार 9 मार्च को रथ यात्रा एवं वाहन वाईक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रियदर्शन शर्मा अध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बार काउन्सिल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अहमद रजा, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश रामसहारे राज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार अग्रवाल, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड वीणा खलखो, आशीष धुर्वे न्यायिक मजि0 उमरिया, पल्लवी सिंह न्यायिक मजि0 अन्य अधिवक्तागण न्यायालय के समस्त स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के स्टाफ साथ पैरालीगल वालेन्टियर कार्यकम उपस्थित रहे।



## बालिकाओं का हुआ एचपीवी टीकाकरण, बालाघाट प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना के द्वारा 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बालाघाट जिले में 14 वर्ष आयु की 15 हजार 541 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। 08 मार्च तक 2251 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है और लगभग 15 प्रतिशत उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखंड कटंगी में 7.4 प्रतिशत, लालबर्रा में 08 प्रतिशत बालिकाओं को टीका लगाया गया है, जबकि लामता में बहुत कम संख्या में टीका लगाया गया है।

# तेंदूपत्ता साककर्तन एवं संग्रहण को लेकर मानपुर परिक्षेत्र में हुई बैठक

मानपुर (स्वतंत्र मत)



तेंदूपत्ती तुड़ाई का कार्य गरीब मजदूरों के लिये बड़ा सहारा बना हुआ है, तेंदू पत्ती से बीड़ी कम्पनियों में कई बेरोजगारों रोजगार भी मिला करता है, जिस विषय को लेकर शनिवार 07 मार्च को मानपुर वन परिक्षेत्र में बैठक सम्पन्न हुआ। मुख्यअतिथि उप मंडलाधिकारी एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी के अध्यक्षता में बैठक हुआ जिसमें क्षेत्र के समस्त वनरक्षक, वनपाल, तेंदूपत्ती समित के प्रबंधक, नोडल एवं फड़मुशी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मानपुर एसडीओ बीएस उप्पल जी कहा कि वन शुरक्षा को देखते हुये तेंदू पत्ती की तोड़ाई कार्य करना है, 10 मार्च से साककर्तन का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा, जो कार्य शिर्फ राजस्व क्षेत्र में होना है, अपने फड़ क्षेत्र के जंगलों की रक्षा स्वयं फड़मुशी एवं संग्राहक करें, जंगल को आग लगने से बचाने का कार्य करते रहें, तेंदू पत्ती तोड़ते समय बड़े पेढ़ों और डालियों को काटने व तोड़ने का काम न करें, वन क्षेत्र में जंगली जानवरों भृमण हमेशा बना रहता है जिनकी और अपनी शुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पत्ती संग्रहण कार्य करें, तेंदू पत्ती संग्रहण के समय में फड़मुशी क्षेत्रीय वन क्षेत्र में भृमण कर वन शुरक्षा में विशेष ध्यान रखें।

मानपुर रेंजर मुकेश अहिरवार ने कहा कि सरकार, तेंदू पत्ती संग्राहक मजदूर और ठेकेदारों के लाभ को देखते हुये हमें तेंदूपत्ती संग्रहण का कार्य करना चाहिये, तेंदू पत्ती की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिये हर विंडल में 52 पत्ती होना जरूरी है। दानादार, कटी - फटी, कच्ची, ज्यादा कड़ी, छोटी, आमाटेरी जैसे खराब एवं 52 पत्ती से कम वाले गड्डियों को लेना शक्त मनाहै, याद रखें आपके फड़ समित में पत्ती की क्वालिटी जितनी अच्छी रहेगी बोनस राषि उतना ही ज्यादा मिलेगा द्य सभी संग्राहक मजदूर अपने बैंक खाता का केवाईसी, डीबीटी करवाले एवं होल्ड खोलवाकर रखें जिस से भक्तान करने में विभिन्न परेसानियों से बचा जा सके, पत्ती संग्रहण के प्रथम दिन को अथवा इससे पहले ही फड़ के सभी श्रमिकों को पत्ती कार्ड वितरित करने को सुनिस्चित करें, श्रमिक और फड़ मुशी को विषेश ध्यान देना होगा कि खराब और गिनती मात्रा में कमी वाली पत्ती आनेपर ठेकेदार द्वारा वह पत्ती लौटवाया जा शक्ता है जिसे मजदूर दूसरे फड़ में परिवार के दूसरे सदस्य के नाम पर कार्ड बनवाकर बेचने का काम करशक्ता है जो गलत है जिस खराब पत्ती लेने का दोसी वहां का फड़मुशी होगा।

फड़ मुशियों के प्रस्ताव को देखते हुये वन अधिकारियों द्वारा कहा गया कि तेंदू पत्ती के गुणवत्ता को देखने, गिन्ती करवाने और फड़ में ली गई तेंदूपत्ती के शुरक्षा के लिये ठेकेदार सभी फड़ों में अपने प्रतिनिधि समय से उपलब्ध करवायेंगे, जिनके अनुसार पत्ती के गिनती और क्वालिटी के निरीक्षण के बाद उपयुक्त पत्ती को ही फड़मुशी लेने का कार्य करेंगे, उसी दिन के गिनती मिलान के अनुसार 24 घंटे के अंदर परिदान देने की पूर्ण जवाबदारी ठेकेदार को होगी, खरीदी के बाद ठेकेदार के टीम द्वारा किसी भी पत्ती को कैंसिल करना गलत होगा, क्यों कि ऐसा होने से फड़ में पत्ती के गड्डी संख्याओं में कमी आयेगी जहां मजदूर और मुशी का नुक्सान होना निस्चित है, अधेले में पत्ती लेना शक्त मना रहेगा, मजदूर और ठेकेदारों में से किसी का नुक्सान न होने पावे ऐसा कार्य फड़मुशी को करना होगा।

# सिद्धनाथ टेकरी से लगी बेशकीमती जमीन पर वन विभाग के संरक्षण में चल रहा अतिक्रमण का खेल





**मण्डला(स्वतंत्र मत)**

सिद्धनाथ टेकरी से लगी बेसकीमती जमीन पर इन दिनों अतिक्रमण का खेल तेजी से दिखाई दे रहा है। यहां पर पक्के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं यह भूमि वन विभाग की बताई जाती है। वन अधिकारियों के संरक्षण में जमकर अतिक्रमण चल रहा है। लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे से लगी इस जमीन में लगातार अतिक्रमण हो रहा है और जबावदार अमला खमोश बैठा है। जबकि इस क्षेत्र में वन विभाग ने वृक्षारोपण कार्यक्रम भी चलाया हुआ था यहां पर तार फेंसिंग सहित पौधा रोपण के नाम पर वन विभाग ने लाखों रूपए खर्च किए है पश्चिम सामान्य वन मंडल वन परिक्षेत्र मंडला की बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमण का खेल चल रहा है और अब तक विभाग ने कोई कार्यवाही नही की है। जिले में रसूखदार अतिक्रमणकारियों पर आखिर क्यों कार्यवाही नहीं की जा रही है? जब-जब अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया तब-तब छोटे अतिक्रमणकारियों को ही निशाना बनाते हुये उन्हें नेश्तनाबूद किया गया। इसके अनेक उदाहरण जिले भर में देखे जा सकते हैं। कुछ दिन पहले लालीपुर बिंझिया कटरा मार्ग में चाय-पान एवं छोटे दुकानदारों की गुमटी जमाये युवाओं को यहां से आनन-फानन में बेदखल किया गया न नोटिस दिया गया और ना ही समझाईश। कलेक्टर का आदेश बताकर अतिक्रमण हटा दिये गये। यहां लगभग 100 परिवार अपना जीवन-यापन करने को लेकर चाय नाश्ता बैल्डिंग दुकान, गैरिज, रिपेरिंग दुकान संचालित कर रहे थे। इनको हटाने के बाद इस बात की चर्चा नगर में जमकर है कि आखिर अतिक्रमण कार्यवाही में गरीबों को ही निशाना क्यों बनाया जाता है? जबकि नगर मुख्यालय से लगी टोरिया पहाड़ी से लगे एरिया में लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। यहां पर अनेक लोगों ने अवैध निर्माण किए है जो अब दिनों दिन पक्के बनाए जा रहे हैं। यह जमीन वन विभाग की बताई जाती है। तो कोई राजस्व की भूमि बता रहा है। लेकिन अब तक अतिक्रमण नही हटाए गए हैं। जबकि यह सभी अतिक्रमण राष्ट्रीय राजमार्ग से सटाकर किए गए हैं। नगर के अनेक तलघर का अवैध निर्माण चर्चाओं में रहा वहीं सरकारी नाले पुल-पुलिया में बड़ी-बड़ी इमारतें बनाकर शहर की व्यवस्था को तार-तार करने वाले रसूखदार से प्रशासन और जनप्रतिनिधि किस बात का खौफ खाते हैं? यह सवाल हर तरफ सुनाई दे रहा है। अतिक्रमण के चलते मुख्य मार्ग की सड़कों से निकलना मुश्किल हो गया है। व्यापारी मार्ग में अपनी दुकान सजाकर रखे हुये हैं इनको हटाने को लेकर कागजी कार्यवाही अधिक दिखाई देती है। वहीं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर बेच देने का व्यवसाय अत्याधिक लाभ का धंधा बन गया है। इस धंधे में जहां कब्जा कराने वालों और दलालों को लाभ पहुंचता है वहीं जिला प्रशासन के कुछ कर्मचारियों के अलावा स्थानीय सरपंच-सचिव भी लाभान्वित होते हैं। योजनाबद्ध तरीके से कुछ लोगों के समूह को छोटे-बड़े भू-खण्ड पर कब्जा कराया जाता है। कब्जा करने वालों में कुछ ऐसे भी धंधेबाज होते हैं जो कुछ समय बाद उक्त भूमि का विक्रय कर किसी अन्य भूमि पर कब्जा करने की जुगत में रहते हैं। ऐसे दलाल जो जिला प्रशासन के कर्मचारियों को साधे हुये हैं सरकारी भू-खण्ड का चयन कर अतिक्रमणकारियों से निर्धारित रकम प्राप्त कर कब्जा कराते हैं और सरकारी एवं नगरीय निकाय के कर्मचारियों के साथ मिलकर रकम का बंटवारा कर लेते हैं। अतिक्रमण हटाने के संबंध में कर्मचारियों द्वारा अधिकारियों को गुमराह किया जाता है। वर्तमान में 40-50 प्रतिशत भू-भाग अतिक्रमण की चपेट में है। एक ओर नगर के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने का प्रदर्शन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किया जाता है तो दूसरी ओर मैदानी इलाकों, टेकरियों और नालों के किनारे की भूमि अवैध कब्जों से पट चुकी हैं। अवैध कब्जों के कारण छोटी-छोटी बस्तियां बनने पर उनकी नींद नहीं टूटती। विभाग द्वारा खानापूर्ति कर अपने दायित्व का निर्वहन कर लिया जाता है। यदि इसी तरह सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया जाता रहा तो भविष्य में सरकारी भवन निर्माण के लिये भूमि नहीं मिल सकेगी।

# पंकज बने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आम आदमी पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पार्टी के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता पंकज सोनी को पुनः आम आदमी पार्टी मंडला का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह है और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पंकज सोनी की सक्रियता जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर उनके निरंतर संघर्ष और संगठन विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए लिया है। पंकज सोनी लंबे समय से आम आदमी पार्टी के साथ जुड़े हुए हैं और मंडला जिले में पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी देशभर में तेजी से अपने संगठन का विस्तार कर रही है। इसी क्रम में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में पंकज सोनी को पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति की अनुशंसा प्रदेश स्तर से की गई थी जिसे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने स्वीकृति प्रदान की। इस नियुक्ति के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव संदीप पाठक तथा प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश रानी अग्रवाल की अनुशंसा महत्वपूर्ण रही। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि पंकज सोनी के नेतृत्व में जिले में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आम आदमी पार्टी की नीतियों और जनहितकारी विचारों को आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। पुनः जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पंकज सोनी ने पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों के अनुरूप जिले में संगठन को मजबूत करने नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम करेंगे। आम आदमी पार्टी गांव-गांव और घर-घर तक अपनी पहुंच बढ़ाने का प्रयास करेगी।



## आज होगा क्रिकेट टीम ट्रायल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता निशांत झा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएसन ने वर्ष 2025-26 के लिए जबलपुर में होने वाले अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सभी आयु वर्ग के पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है साथ ही आने वाले 10 मार्च को सीनियर बालिका वर्ग एवं अंडर 13 बॉयज टीम की चयन प्रक्रिया होनी है। सभी पात्र खिलाड़ी 10 मार्च तक अपने दस्तावेज समेत कोच बसंत ठाकुर मेकल क्रिकेट अकादमी से संपर्क कर अपनी दस्तावेज जो कि डिजिटल जन्मप्रमाण पत्र, आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ औपचारिकता पूर्ण कर 10 मार्च को ट्रायल में उपस्थित हों। ट्रायल स्टेडियम ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। इस दौरान अनिल सोनी, पंकज दुबे, चंद्रेश बर्मन, अर्जुन भांडे, फैजान खान, इम्तियाज अली, निशांत झा, ललित जोशी उपस्थित रहेंगे।

## स्पिन गेंदबाजी में उलझा बिहार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जयपुर में चल रहे अंडर 23 बालिका वर्ग के एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश टीम में शामिल मंडला जिले की शुचि उपाध्याय ने चार विकेट लेकर बिहार प्रदेश की टीम को बैक फुट में पहुंचा दिया और मध्यप्रदेश ने इस मैच में जीत दर्ज कर लिया है। बिहार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया जिसमें मध्यप्रदेश को 118 रनो का लक्ष्य दिया। शुचि उपाध्याय की शानदार गेंदबाजी ने बिहार के बल्लेबाजों को एक एक कर बाहर का रास्ता दिखाया। शुचि ने 10 ओवर में 5 मेडेन ओवर डालते हुए मात्र 12 रन देकर 4 विकेट झटक लिए। बिहार टीम मात्र 118 रन में आल आउट हो गई। इस टूर्नामेंट में शुचि ने अब तक 12 विकेट हासिल कर लिया है।

## रंगपंचमीं पर दीवाली सा नजारा

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** होली पर्व के पांचवे दिन 8 मार्च रंगपंचमी पर नगर सहित आस पास ग्रामों में उत्साह से युवा वर्ग ने रंग पंचमी पर खूब मस्ती करते हुए रंग गुलाल उड़ाया, स्थानीय बस स्टेड से लेकर पूरे नगर के मोहल्लों में रंग पंचमी का उत्साह देखा गया वही शाम होते ही सभी ने लिया मैच का आनंद शाम होते ही देर रात तक युवा खेल प्रेमियों ने गुजरात में चल रहे भारत न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच देखने घर मुहल्ले में टीवी मोबाइल पर मैच का भरपूर आनंद लिया, इस अवसर पर नगर के गांधी गेट बिनोद रंग मंच पर फुल स्क्रीन टीवी पर सैकड़ों लोगों ने मैच का भरपूर आनंद लिया जैसे भारत न्यूजीलैंड पर हावी हो रहा था वैसे वैसे दर्शकों का उत्साह बड़ रहा था उधर न्यूजीलैंड के विकेट गिरते यहां जयकारे लगते रहे और आतिशबाजी से नगर गुंजायमान होता इस तरह देर रात तक मैच का आनंद चलता रहा ओर जैसे ही भारत ने न्यूजीलैंड पर विजय हासिल की खेल प्रेमी झूम उठे।

# पतंजलि ने खेली फूलों की होली

**मण्डला(स्वतंत्र मत)**

पतंजलि पीठ द्वारा इस वर्ष भी रंग पंचमी के अवसर पर फूलों की होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर बीके राय, एसके यादव, सुरेश्वर तथा डॉ. कर्महे की गरिमामयी उपस्थिति रही कार्यक्रम में पतंजलि पीठ इकाई प्रमुख सुनील बाली ने पतंजलि पीठ प्रमुख योग गुरुबाबा रामदेव के मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए उपस्थित जनों को विश्व शांति आपसी एकता तथा प्राकृतिक रंगों के साथ सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी मातृशक्तियों का इकाई की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया इसके पश्चात उपस्थित महिलाओं द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने गायन से पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध गायक श्याम बैरागी तथा नवीन जैन अकेला सहित अन्य कवियों ने अपनी कविताओं और प्रस्तुतियों से उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग पंचमी के अवसर पर के.डी. दुबे एवं राकेश गुप्ता द्वारा उपस्थित लोगों को सांकेतिक रूप से योग अभ्यास भी कराया गया। श्री बाली ने बताया कि होली अहंकार त्याग का पर्व है और यह हमें अपने भीतर के विकारों को होलिका में दहन करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने फूलों की होली खेलने से पानी की बचत होती है और त्वचा को भी कोई नुकसान नहीं होता।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बिछिया नगर परिषद के अंतर्गत विनोद रंगमंच में महिलाओं के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से महिला दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती शकुना उईके जनपद पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी व श्रीमती अरुणा दीक्षित के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं समसामयिक घटनाओं को लेकर भाषण नाटक नृत्य प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर भाषण गीत नृत्य एवं फैंसी ड्रेस पर कंपटीशन होने के कारण कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक रहा इस अवसर पर विशेष वक्तव्य की श्रृंखला में कार्यक्रम में श्रीमती आरती मोदी, निमिषा तिवारी, संगीता गर्ग, उमा गर्ग, अर्पिता ने महिला दिवस पर विचार रखते हुए सभी को संबोधित किया वही विभिन्न प्रतियोगिताओं में किरण गुप्ता, निर्मला पंद्रे रजनी तेकाम,आरती धुर्वे, संगीता सेठिया,लक्ष्मी कार्तिकेय छोटी मरावी, सीमा राजपूत आदि सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में समस्त नगर सहित क्षेत्र की महिलाएं ने भी अपना पूरा सहयोग दिया और कार्यक्रम के अंत तक बनी रही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उनको जागरूक करना और वर्तमान परिस्थितियों में होने वाली घटनाओं से सतर्क रहना समझदारी का परिचय देना, नशा मुक्ति को भी केंद्र बिंदु बनाकर किशोर बालक बालिकाओं को जागरूक करना तथा नशा मुक्ति से बचाव हेतु संदेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री सीमा राजपूत व रजनी तेकाम ने किया कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली खेलते हुए समरसता का संदेश दिया गया।



# उद्यमी नारी समृद्धि पर साख शिविर का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यमी नारी समृद्धि की तैयारी विषय पर कार्यक्रम एवं साख शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम किंगफिशर हॉटल में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं स्वयं सहायता समूह की सदस्या और स्थानीय उद्यमियों ने भाग लिया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बैंक द्वारा महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिए कुल 5.50 करोड़ की राशि के नवीन ऋणों का वितरण किया गया जिससे क्षेत्र में स्वरोजगार और छोटे उद्यमों को नई गति मिलने की उम्मीद है। बैंक द्वारा वितरित किए गए ऋणों में स्वयं सहायता समूह योजना के अंतर्गत लगभग 3.30 करोड़, सखी स्वावलंबन योजना के अंतर्गत लगभग 0.50 करोड़, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनाओं के अंतर्गत लगभग 1.00 करोड़ तथा अन्य विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगभग 1.00 करोड़ की राशि शामिल रही। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को छोटे व्यवसाय गृह उद्योग कृषि आधारित गतिविधियों तथा अन्य स्वरोजगार के क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान कार्यालय इंदौर से पधारे उप महाप्रबंधक संजीव गाडगी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में महिलाओं की आर्थिक भागीदारी समाज और देश के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग संस्थाएं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे बैंक की योजनाओं का लाभ लेकर अपने सपनों को साकार करें और परिवार के साथ-साथ समाज की प्रगति में भी योगदान दें। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश प्रसाद सिंह परस्ते ने अपने संबोधन में बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक ग्रामीण और अंचल की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।



# शिक्षकों ने 5वीं और 8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का किया बहिष्कार

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** प्रदेश में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं के बाद ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालयों में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य आरम्भ कर दिया गया है। कई मूल्यांकन केंद्रों पर जांच कार्य विधिवत शुरू भी हो चुका है, लेकिन नैनपुर ब्लॉक में सभी मूल्यांकनकर्ताओं ने सामूहिक रूप से मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी एवं जनजातीय कार्य विभाग मंडला द्वारा जारी आदेश क्रमांक 888, पांच मार्च 2026 के अनुसार कक्षा 5वीं और 8वीं के मूल्यांकन कार्य हेतु शिक्षकों की सूची जारी कर उन्हें छह मार्च से उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर में उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित तिथि छह मार्च को मुख्य मूल्यांकनकर्ताओं ने उपस्थिति तो दर्ज कराई, लेकिन पिछले तीन से चार वर्षों से मूल्यांकन कार्य का निर्धारित मानदेय भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में कार्य का बहिष्कार कर दिया। मूल्यांकनकर्ताओं ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने डीपीसी, एपीसी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के परीक्षा प्रभारी तथा नैनपुर बीआरसी से फोन पर संपर्क कर वस्तुस्थिति जानने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी अधिकारी द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई और सभी ने जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालने का प्रयास किया। इसके बाद मूल्यांकनकर्ताओं ने जनपद शिक्षा केन्द्र नैनपुर के बीएसी तथा उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर के मूल्यांकन केंद्र प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पिछले वर्षों के मूल्यांकन कार्य का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान कराने का लिखित आश्वासन दिया जाए। उसी के बाद इस वर्ष का मूल्यांकन कार्य आरम्भ किया जाएगा।

# हिरदेनगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आज से

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 10 से 17 मार्च तक कालिका-द्रोपदी कुंज ग्राम हिरदेनगर में आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक दृष्टि व जनकल्याणकारी के उद्देश्य से 10 मार्च से 17 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में दूर-दूर से श्रद्धालु उपस्थित होकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। मुख्य आयोजक भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि सात दिवसीय कथा महोत्सव परम पूज्य कथावाचक संत प्रवर सिया बल्लभदास वेदांती जी महाराज (अयोध्या धाम) के श्रीमुख से संपन्न होगा। उनकी मधुरवाणी और आध्यात्मिक व्याख्यान के माध्यम से भक्तों को श्रीमद् भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि भगवान शिव एवं मां नर्मदा की असीम कृपा से यह पावन आयोजन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। आज कलश स्थापना भक्त नारद एवं गोकर्ण संवाद के साथ होगी।



# मंडला के रेल यात्रियों की सुविधाओं में इजाफा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने मंडला के रेल यात्रियों की यात्रा सुविधा में इजाफा करने का निर्णय लिया है। अब यात्रियों को बार-बार ट्रेन बदलने की परेशानी से राहत मिलेगी। मंडला से जबलपुर और छिन्दवाड़ा के लिए सीधा सफर अब यात्रियों के लिए आसान हो जाएगा। रेलवे बोर्ड के नए आदेश के बाद मंडला फोर्ट से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों का पुनर्गठन कर दिया गया है। अब जबलपुर- मंडला और छिन्दवाड़ा- मंडला फोर्ट के बीच ट्रेनें सीधे एक ही नंबर से संचालित होंगी। इससे मंडला जिले के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और सफर पहले से ज्यादा आसान होगा। नई व्यवस्था के अनुसार जो ट्रेनें चलाई जाएंगी उनमें गाड़ी संख्या 51703 - जबलपुर मंडला फोर्ट पैसेंजर जिसके समय में बदलाव भी किया जाएगा। गाड़ी संख्या 51704 - मंडला फोर्ट जबलपुर पैसेंजर, गाड़ी संख्या 51705 - जबलपुर मंडला फोर्ट पैसेंजर, जबलपुर पैसेंजर गाड़ी संख्या 51706 - मंडला फोर्ट गाड़ी संख्या 58823 - छिंदवाड़ा मंडला फोर्ट पैसेंजर और गाड़ी संख्या 58824 - मंडला फोर्ट को बदलकर अब छिंदवाड़ा पैसेंजर करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से मंडला, नैनपुर, जबलपुर और छिंदवाड़ा के यात्रियों को सीधी और आसान रेल सेवा का लाभ मिलेगा।

**अब मंडला से जबलपुर और छिन्दवाड़ा कर लिए चलाई जाएंगी सीधी ट्रेनें**

**कनेक्टिविटी और ट्रेन बदलने की असुविधा से यात्रियों को राहत**


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मण्डला

Email .cmomandla@mpurban.gov.in contact-07642-250705

क्रमांक/रा.शा./2026/5004 — मण्डला, दिनांक 09/03/2026

### इश्तेहार सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न भवन / भूमि में कर संग्रहण के उद्देश्य से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। नामान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। भवन एवं आवेदकों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | नगर पालिका में दर्ज नाम व वार्ड | आवेदक का नाम | भवन के नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति विमला मिश्रा पति आर.एल. मिश्रा, दादा धनीराम वार्ड | मुकेश मिश्रा, संजय कुमार मिश्रा पिता स्व. रामजी लाल मिश्रा | ग्राम महाराजपुर खसरा नं. 279/9(5) रकबा 0.0220 हे. भवन भूमि में पंजीकृत विक्रय पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 2. | श्री हरछट लाल कछवाहा आ. हरीलाल, स्वामी सीताराम वार्ड | श्रीमति रेवती कुशवाहा पति स्व. हरछठ लाल कुशवाहा | नजूल शीट नं. 23सी प्लाट नं. 3/5 रकबा 1428 व. फु. भवन भूमि में पट्टा एवं खसरा के आधार पर |
| 3. | श्रीमति कमला बाई दुबे आ. मोहन लाल दुबे, सिंहवाहिनी वार्ड | श्रीमति अनीता सोनी पति श्री कृष्णशरण सोनी | नजूल शीट नं. 20सी प्लाट नं. 222/2 रकबा 599 व.फु. भवन भूमि -पंजीकृत विक्रय पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 4. | श्री नारायण प्रसाद, कृष्णकुमार कछवाहा पिता मोहनलाल, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | श्री कृष्णकुमार कछवाहा पिता स्व. श्री मोहनलाल | नजूल शीट नं. 23डी प्लाट नं. 29/1 रकबा 1660 व फु. भवन भूमि में ई-पंजीकृत बंटवारानामा, नजूल आदेश एवं खसरा के आधार पर |
| 5. | श्री अर्जुनलाल श्रीवास पिता श्री रेवा प्रसाद, शहीद उदयचंद वार्ड | श्री अशोक उर्फ राजन, सुनीता, संगीता श्रीवास पिता स्व. रूपराम | नजूल शीट नं. 24ए, प्लाट नं. 155/2 रकबा 673 व.फु. में से 336. व.फु. भवन भूमि में तृतीय सिविल न्यायालय का आदेश, पट्टा नजूल आदेश एवं खसरा के आधार पर |
| 6. | श्रीमति अंगूरी बाई वगैरह पति अशोक सिसोदिया, रानी दुर्गावती वार्ड | श्रीमति शिरोमणि महान पति खेमराज महान | नजूल शीट नं. 19डी प्लाट नं. 94/1 रकबा 624 व. फु. भवन भूमि में ई-पंजीकृत विक्रय पत्र, नजूल आदेश एवं खसरा के आधार पर |
| 7. | श्री दिनेश चौबे पिता श्री दीनदयाल ज्वाला जी वार्ड | श्री मंजीत चौरसिया पिता श्री मदन कुमार | ग्राम महाराजपुर खसरा नं. 114/75/2 (5) रकबा 0.0120 हे. भवन- में पंजीकृत विक्रय पत्र एवं खसरा के आधार पर |
| 8. | श्री रमेश सिंह ठाकुर पिता खुशाल इंद्रा जी वार्ड | श्री विवेक सिंह, समत्व सिंह, ठाकुर पिता श्री रमेश सिंह | नजूल शीट नं. 20डी प्लाट नं. 30/5 रकबा 1500 व. फु. भवन भूमि मृत्यु प्रमाण पत्र (रमेश) नजूल आदेश एवं खसरा के आधार पर |

**(गजानन नाफडे), मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मण्डला**



**IN THE PUBLIC TRUSTS REGISTRATION OFFICE**
**GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI.**
**Dharmadaya Ayukta Bhavan, 1st Floor, Sasmira Building, Sasmira Marg, Worli, Mumbai 400 030.**

**PUBLIC NOTICE OF ENQUIRY**

[Read Section 22 of the Maharashtra Public Trusts Act 1950 & Rule 7 and 7A of the Maharashtra Public Trusts Rules, 1951]

Change Report No.: DYCC/438/2005;
Filed by: Pramod Suryakant Hatkar,
In the matter of "WORLD RENEWAL SPIRITUAL TRUST";
P.T.R. NO. E-3874 (Mumbai)

All concerned having interest: -

WHEREAS THE Reporting trustee of the above trust has filed a Change Report u/s 22 of the Maharashtra Public Trusts Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above-named trust and an inquiry is to be made by the Ld. Assistant Charity Commissioner -I, Maharashtra State, Mumbai viz.

1) Whether the immovable property shown herein below belongs to the above trust? And could be registered in the record of the said trust?

**DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY**

To record purchase of plot of land at Mandla in Madhya Pradesh State. Purchased from Smt. Janki Devi Agarwal w/o. Shri. Manikchand Agarwal, Mandla. Situated at Mandla Nagar, Nagar Palika Parishad Limit Mandla, Tahsil & Dist. Mandla, Rani Avantibai ward bearing Nazul Sheet no.17, plot No. 10/2, admeasuring 1518 sq.ft. or 141.026 sq.mtr.
Purchase consideration is Rs. 2,73,000/- Sale Deed dated 29/03/2004.

The said is bounded on four sides as:
East : 40' Road of Nagarpalika West: Plot & Property of seller
North : Plot & Property of seller
South : Property of Anita Mishra/ Dube

This is to call upon you to submit your objection, if any, in the matter before the Ld. Assistant Charity Commissioner I, Maharashtra State, Mumbai at the above office address within 15 days from the date of publication of this notice.

If no appearance or written statement is filed by you or on your behalf by your pleader or by someone authorized by law to act for you, the matter will be heard & decided ex-parte.

Given under my hand and seal of Hon'ble Joint Charity Commissioner, Greater Mumbai, Region, Mumbai.

This 2nd day of the month of march 2026.

02.03.2026

**Superintendent (Judicial)**
**Public Trusts Registration Office,**
**Greater Mumbai Region,Mumbai**

संपादकीय

## युद्ध छेड़कर फंसे ट्रंप?

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अमरीका पर हमला करने वाला था, लिहाजा हमने ही आक्रमण कर उसे कुचल दिया। ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग नष्ट कर दी गई हैं। दूसरी तरफ अमरीकी युद्ध विभाग 'पेंटागन' ने वहां की संसदीय समिति को ब्रीफ किया है कि उसे ऐसी खुफिया लीड की जानकारी नहीं है कि ईरान की अमरीका पर हमले की कोई योजना थी। दरअसल यह कोई सामान्य विरोधाभास नहीं है। एक पक्ष सफेद झूठ बोल रहा है और ट्रंप झूठ बोलने के आदी हैं। यह बात 'टाइम' पत्रिका की कवर स्टोरी से भी स्पष्ट है। बहरहाल अब अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने तो यहां तक खुलासा किया है कि ईरान राष्ट्रपति ट्रंप की हत्या कराना चाहता था, लेकिन हमने ही उनके क्रूर, तानाशाह नेता खामेनेई को मार दिया। रक्षा मंत्री का यह भी दावा है कि एक सप्ताह में ईरान के आसमान पर अमरीका का कब्जा होगा। लेकिन रक्षा विशेषज्ञों और विख्यात राजनयिकों के आकलन हैं कि ऐसा नहीं होगा। दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप ईरान युद्ध में, इजरायल के उकसावे में आकर, फंस गए हैं। अब वह चाह कर भी युद्ध से अलग नहीं हो सकते। इसकी बुनियादी दलील यह है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की हत्या के बावजूद ईरान अब भी जम कर लड़ रहा है। वह खामेनेई की हत्या का बदला लेने पर आमादा है। ईरान में फिलहाल कोई विद्रोह नहीं है। अलबत्ता अमरीका और इजरायल को सबक सिखाने के 'हुंकारी आग्रह' जरूर गूंज रहे हैं। बेशक ईरान में मरने वालों का आंकड़ा डेढ़ हजार तक पहुंच चुका है। यह भयावह और खौफनाक आंकड़ा है, जो लगातार बढ़ रहा है। ईरान के शीर्ष 48 नेता और सैन्य कमांडर मारे जा चुके हैं। उसके 24 प्रांतों पर 1200 से अधिक मिसाइल हमले किए गए हैं। ईरान के 153 शहरों की 504 जगहों पर बमबारी की गई है। उसके कमोबेश 20 युद्धपोत और 14 लड़ाकू विमान नष्ट किए जा चुके हैं। ईरान के चारों ओर खंडहरी इमारतें, मिट्टी-मलबा देखे जा सकते हैं, लेकिन ईरान की मिसाइलों और ड्रोनों ने अरब देशों के 27 अमरीकी बेस पर तबाही मचा रखी है। आग के गोले और धुएं के गहरे-काले गुब्बार दुनिया के सामने हैं। इजरायल में येरुशलम और राजधानी तेल अवीव जैसे शहरों में पचासियों इमारतें ध्वस्त कर दी गई हैं। रिहायशी इलाकों पर भी मिसाइलें दागी जा रही हैं। चीख-पुकार सुनी जा सकती हैं। सऊदी अरब की दुनिया की सबसे बड़ी 'अरामको' रिफाइनरी पर दो बार हमले कर ईरान ने उसे पंगु बना दिया है। यहां 30 लाख बैरल तेल हर रोज रिफाइन किया जाता रहा है, लेकिन अब उत्पादन बंद करना पड़ा है। ईरान ने साइप्रस और तुर्किए में भी मिसाइल-ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की हजारों बैलेस्टिक, क्रूज मिसाइलें अब भी बंकरों के नीचे मौजूद हैं। अब भी 6-7 यूनिट्स उत्पादन कर रही हैं। ईरान 20 फीसदी सर्वंद्धित यूरेनियम से ही परमाणु बम बना सकता है, जबकि उसके पास करीब 469 किग्रा सर्वंद्धित यूरेनियम है। बेशक वह 10-12 परमाणु बम बनाने की स्थिति में है। रूसी विदेश मंत्री के बयान से भी संकेत मिले हैं कि ईरान को परमाणु बम बनाने को बाध्य किया जा रहा है। एक आंकलन सामने आया है कि अमरीका पर इस युद्ध से 19 लाख करोड़ रुपए तक का बोझ पड़ सकता है। कच्चे तेल की कीमतें भी लगातार उछाल मार रही हैं। बहरहाल भारत को बेचैन नहीं होना चाहिए, क्योंकि हम 41 देशों से तेल आयात करते हैं।

# अमेरिका-इज़रायल, ईरान के भीषण युद्ध से तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया

दीपक कुमार त्यागी

जिस दौर में पूरी दुनिया में हर देश के हुक्मरान अपने-अपने देश का सर्वांगीण विकास करने का ढिंढोरा पीट रहे हो, उस दौर में विकास के नाम पर हथियारों की एक ऐसी तेज़ दौड़ दुनिया में चल रही है, जिसने अभी तक तो कई देशों में भीषण युद्ध तक भी करवा दिया है और कई देशों को युद्ध के मुहाने पर लाकर के खड़ा कर दिया है, दुनिया भर में आधुनिक हथियारों व तकनीक के दम पर 21वीं सदी में युद्ध की तरह-तरह की पटकथाएं लिखी जा रही है। लेकिन 21वीं सदी के आधुनिक युग में दुनिया में एक सबसे बड़े सैन्य टकराव की मज़बूत नींव रखने वाले ईरान, इज़रायल और अमेरिका का महायुद्ध अगर जल्द ही नहीं रुका तो यह पूरी दुनिया के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकता है, यह युद्ध एकबार फिर से दुनिया का नक्शा बदलने वाला साबित हो सकता है। यह युद्ध शुरुआती चंद घंटों के बाद ही भीषण युद्ध के रूप में इतिहास के पन्नों में दर्ज हो चुका है, मीडिया सूत्रों के अनुसार इस युद्ध में सभी पक्षों को पहले दिन से ही जान-माल का भारी नुक़सान हुआ था, जो एक हफ्ता बीतने के बाद अब भी निरंतर जारी है। युद्ध क्षेत्र से बड़े पैमाने पर लोग बहुत ही तेज़ी के साथ से विस्थापित होते जा रहे हैं, विस्थापित होते हुए इन सभी लोगों के लिए राहत व पुनर्वास कैंपों के साथ-साथ रोटी, आवास व इलाज़ आदि की व्यवस्था करना दुनिया के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभी तक के छः दिनों के इस युद्ध में ईरान में शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ सेना के सर्वोच कमांडरों, सैन्यकर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम लोग भी इस भीषण युद्ध की विभिषिका की भेंट चढ़ चुके हैं, वहीं इज़रायल व अमेरिका के साथ-साथ अन्य देशों को भी जान-माल की भारी क्षति उठानी पड़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से दुनिया के सामने आये इन मौत के आंकड़ो पर नज़र डालें तो मात्र छः दिनों के अब-तक के इस भीषण युद्ध में ईरान में 1045, लेबनान में 50, इजरायल में 11, जॉर्डन में 5, कुवैत में 4, यूएई में 3, बहरीन में 1 और ओमान में 1 मौतें हो चुकी हैं। साथ ही ईरान के प्रचंड हमले से कुवैत में स्थित अमेरिका एंबेसी में 6 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है और जिस तेज़ी गति से यह युद्ध चल रहा है आने वाले दिनों में ईरान, इजरायल-अमेरिका के साथ-साथ यह भीषण युद्ध वैश्विक स्तर पर समीकरणों के बदलाव की एक नई नींव रख सकता है।



दुनिया के साथ-साथ आगामी दिनों में इस युद्ध का भारत पर भी जबरदस्त प्रभाव पड़ने की पूरी संभावना हैं क्योंकि युद्ध से प्रभावित अलग-अलग देशों में लगभग 1 करोड़ से भी अधिक भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिन लोगों को सुरक्षित निकाल कर भारत लाना बड़ी चुनौती है। वहीं खाड़ी देशों से जिस तरह से भारतीय बिजनेसमैन व कामगार हर माह भारी-भरकम धनराशि कमाकर भारत भेजते हैं, आने वाले दिनों में उस धनराशि में भारी कमी होने की संभावना है। वहीं तेल की कीमतों में लगती तेज़ी की आग से दुनिया के साथ भारत में भी मंहगाई का वेग बढ़ने की पूरी संभावना है और युद्ध की विभीषिका से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में में कमी होने की पूरी संभावना है, जो विकास के पथ पर बहुत ही तेज़ी से अग्रसरित भारत के लिए उचित नहीं है। वहीं जिस तरह से आधुनिक हथियारों से सुसजित अमेरिका सेना की एक पनडुब्बी ने हिन्द महासागर क्षेत्र में आकर के ईरानी नौसेना के जहाज़ को निशाना बनाकर के ईरान के सैकड़ों नौसेनिकों को मार डाला है, वह भारत की संप्रभुता के लिए एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण स्थिति है और भारत को भी इस युद्ध में शामिल करने की एक बड़ी साज़िश लगती है।

हालांकि भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर लगी हुई हैं कि क्या आने वाले दिनों में ईरान, इज़रायल और अमेरिका के बीच कूटनीति की मेज पर इस युद्ध का कोई तात्कालिक या दीर्घकालिक समाधान निकलेगा या फिर एक दर्जन से अधिक देशों में ड्रोन व बैलिस्टिक मिसाइलों के जलते हुए घातक बारूद की तीक्ष्ण गंध आने वाले दिनों प्रतिशोध की प्रचंड वाला के साथ एक और भीषण विश्वयुद्ध की पटकथा को इतिहास में दर्ज करेगी। इस युद्ध क्षेत्र के हालातों को देखकर के लगता है कि हथियारों की होड़ व प्रतिशोध की आग में मानवीय संवेदनाएं व इंसानियत का बहुत ही तेज़ी से त्याग होता जा रहा है।

हालांकि इन घातक हमलों पर ईरान कह रहा है कि मध्य-पूर्व के यह सभी इस्लामिक देश उसकी बैलिस्टिक मिसाइलों के निशाने पर इसलिए आ गए हैं, क्योंकि इन सभी देशों में अमेरिका के सैन्य बेस व जंगी जहाज मौजूद हैं, इन सभी सैन्य बेसों का उपयोग ईरान के ख़िलाफ़ इज़रायल व अमेरिका के द्वारा की गई साझा सैन्य कार्रवाई में हुआ है, इसलिए ईरान भी आत्मरक्षा के लिए खाड़ी देशों में बने इन सभी सैन्य बेसों व जंगी जहाज़ों के बेड़ों को निशाना बना रहा है, ना कि उन देशों को निशाना बना रहा है। लेकिन ईरानी हमलों के पीछे की कटु सचाई यह भी है कि वह अमेरिका व इज़रायल के खाड़ी देशों में बने हुए बड़े-बड़े आर्थिक प्रतिष्ठानों, डाटा सेंटरों व एंबेसी आदि को निशाना बनाकर के दुश्मन देशों को आर्थिक रूप से भारी क्षति पहुंचाने की मंशा रखता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरानी सेना भी कह रही है कि अमेरिका और इज़रायल के द्वारा ईरान पर किए जा रहे बड़े पैमाने पर हमलों के जवाब में ईरान सेना ने भी अमेरिका व इज़रायल के पिट्ठू बने हुए कुछ खाड़ी देशों के क्षेत्र में हमले शुरू कर दिए हैं। वहीं जान-माल की भारी क्षति के बावजूद भी ईरान युद्ध भूमि में अपने घातक ड्रोन व घातक बैलिस्टिक मिसाइलों से जमकर सटीक निशाने लगा रहा है। जिन हमलों पर ईरान का शासन-प्रशासन, विदेश व रक्षा मंत्रालय और सेना के शीर्ष कमांडर लगातार कह रहे हैं कि ईरान अपनी आत्मरक्षा के लिए युद्ध भूमि में सभी सैन्य तरीक़ों का इस्तेमाल ऐसी ही करता रहेगा। जिससे ख़फ़ा होकर के ताकत के मद में चूर अमेरिका व इज़रायल ईरान के भूगोल को बदल कर के धरा से उसका अस्तित्व ही मिटाने पर अमादा है।

वहीं भीषण युद्ध के हालात में ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अपने बयान में कहा कि ईरान अमेरिका-इज़रायल के हमलों की जवाबी कार्रवाई में प्रॉमिस 4 अभियान के तहत इज़रायल व अमेरिकी सैन्य ठिकानों और संपत्तियों को निशाना बना रहा है। मीडिया सूत्रों के अनुसार ईरान के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों व मंशा के अनुरूप ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दुनिया भर में तेल खपत का पांचवां हिस्सा तेल पहुंचाने के एक महत्वपूर्ण मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की घोषणा भी कर दी है। आईआरजीसी ने कहा है कि ओमान और ईरान के बीच से गुजरने वाले समुद्री मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले किसी भी जहाज को आग लगा दी जाएगी। क्योंकि ईरान अछे से जानता हैं कि इस मार्ग के बंद होने से तेल की वैश्विक कीमतें बहुत तेज़ी से दुनिया भर में बढ़ सकती है। जिसके चलते अमेरिका व इज़रायल पर युद्ध रोकने का दवाब बढ़ेगा। आईआरजीसी के कमांडर के सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल इब्राहिम जबारी ने दुनिया को चेतावनी देते हुए कहा है कि तेल की कीमत 81 डॉलर तक पहुंच गई है और दुनिया इसके कम से कम 200 डॉलर तक पहुंचने का इंतजार कर रही है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अब बंद है, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर नेवी और आर्मी में हमारे हीरो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की इछा रखने वाले किसी भी जहाज को आग लगा देंगे। जो चेतावनी युद्ध से ग्रस्त क्षेत्र में उठ रही आग की प्रचंड लपटों में घी डालने का कार्य कर रही है और वैश्विक स्तर पर तीसरे विश्वयुद्ध के लिए भूमिका तैयार करने का काम कर रही है। इस भीषण युद्ध की भयावहता का अंदाजा हम मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से आ रहे कुछ आंकड़ों से लगा सकते हैं, अमेरिका व इज़रायल ने छठे दिन तक ईरान के लगभग 2000 ठिकानों को निशाना बनाया है और उनके एक दिन के युद्ध में लगभग 9 हज़ार करोड़ रुपए स्वाहा हो रहे हैं। जो स्थिति दुनिया भर में मानवता व इंसानियत शांति के लिए बेहद चिंताजनक है।

**अधिवक्ता, स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# टूट गए सारे मिथक, भारत पुनः विश्व चैंपियन



प्रशांत श्रीधर
शिक्षक
पिंडरई मंडला



जी हां,भारतीय टी20 क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया है और होली के तुरंत बाद दीपावली मनाने का समस्त क्रिकेट प्रेमियों को मौका मिल गया है,फाइनल में न्यूज़ीलैंड को 96 रनों से हराकर भारत ने टी 20 विश्व कप क्रिकेट 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया है,भारत की टी20 क्रिकेट टीम पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने लगातार दो खिताब अपने नाम किये हैं और भारत को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में सबसे अधिक तीन बार यह ट्रॉफी अपने नाम करने का गौरव प्राप्त हुआ है,इसके अतिरिक्त सूर्या एंड कंपनी ने घर में टी20 वर्ल्ड कप अपने नाम करके यह मिथक भी तोड़ दिया है कि अभी तक कोई भी मेजबान देश इस ट्रॉफी पर कब्जा नहीं कर पाया था।

इंडियन क्रिकेट टीम ने अपने अभियान की शुरुआत यूएसए टीम के खिलाफ की थी,जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की टीम लड़खड़ा गई थी,इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन की पारी खेलकर भारत को 161 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया,इसके जवाब में अमेरिका की टीम आठ विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी,भारत ने मैच 29 रनों से जीतकर अपने अभियान की शुरुआत की,इसके बाद टीम का अगला मैच नामीबिया के खिलाफ था,जहां भारत ने ईशान किशन और हार्दिक पांड्या की अर्धशतक की मदद से 209 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया,इसके जवाब में नामीबिया की टीम 116 रनों पर ढ़ेर हो गई,इस तरह भारतीय टीम ने मैच 93 रनों से जीत लिया,अब भारत का मैच था चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका के कोलंबो शहर में,जहां भारत ने पहले बैटिंग करते हुए ईशान किशन की शानदार पारी के बदौलत 170 रन का टारगेट दिया,वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट टीम 114 रन ही बना सकी और टीम इंडिया ने 61 रनों की शानदार जीत हासिल की और एक मैच शेष रहते सुपर 8 में स्थान पक्का कर लिया,लीग स्टेज का आखिरी मैच हमारी टीम ने खेला नीदरलैंड के खिलाफ,जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने सूर्यकुमार यादव,शिवम दुबे,तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या की जुझारू पारी की मदद से 193 का स्कोर खड़ा किया,लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम 176 रन ही बना सकी,इस प्रकार भारत ने यह अंतिम मैच भी 17 रनों से जीत लिया,अब बारी थी सुपर8 के मैचों की जिसमें भारत का पहला मुकाबला अजेय दक्षिण अफ्रीका से हुआ और इस मैच में भारत को दक्षिण अफ्रीका के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा,पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 187 रन का लक्ष्य दिया इसके जवाब में भारतीय टीम महज 110 रनों पर आल आउट हो गई और टीम को टी20 इतिहास की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा इसकी वजह से भारत का रनरेट इतना कम हो गया कि भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे,इसके बाद भारत का अगला मैच ज़िम्बाब्वे के खिलाफ था,जहां टीम ने निर्धारित 20 ओवर में जिम्बाब्वे के सामने 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया,लक्ष्य का पीछा करते हुए मेहमान टीम 184 रन ही बना सकी और भारत ने यह मैच 72 रनों से जीत लिया,सुपर8 के अंतिम मैच में भारत का सामना हुआ वेस्टइंडीज से, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम ने 195 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया,भारतीय टीम ने लक्ष्य का पीछे करते हुए संजू सैमसन की शानदार पारी की बदौलत मैच 5 विकेट से अपने नाम कर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

अब समय था सेमीफाइनल की भिड़ंत का, जिसमें सेमीफाइनल में भारत का सामना हुआ इंग्लैंड टीम से जिसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार 97 रन की नाबाद पारी खेलने वाले संजू सैमसन ने एक बार फिर मैच जिताऊ 89 रन की पारी खेली, इसके अलावा हार्दिक पांड्या,शिवम दुबे और तिलक वर्मा की तेज गति से की गयी बल्लेबाजी के कारण भारत में निर्धारित 20 ओवरों में 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और एक बेहद रोमांचक मुकाबले में जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को सात रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली,रविवार को गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में एक लाख दर्शकों के सामने और डेढ़ सौ करोड़ भारतीयों की उम्मीद के बीच न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और भारत ने संजू सैमसन की एक बार फिर खेली गयी 89 रनों की पारी,एवं अभिषेक शर्मा,ईशान किशन के अर्धशतक और अंत में शिवम दुबे की आतिशी पारी की बदौलत 255 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया,फाइनल मैच में इतने बड़े स्कोर के दवाब में न्यूजीलैंड की टीम बिखर गई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, मैन ऑफ द मैच जसप्रीत बुमराह के चार और अक्षर पटेल के तीन विकटों के कमाल से न्यूजीलैंड की टीम 159 रनों पर ऑलआउट हो गई और भारत ने यह ट्रॉफी 96 रनों से जीतकर अपने नाम कर तीनों मिथक तोड़ दिए,भारत पहला देश बन गया जिसने तीन बार इस टी20 वर्ल्ड कप को अपने नाम किया है,लगातार दो संस्करणों में भी जीत हासिल करने वाला भारत पहले देश है और पहली बार किसी मेजबान टीम ने इस कप को अपने नाम किया है,कप्तान सूर्यकुमार यादव भी महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद भारत को यह प्रतिष्ठित आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाली कप्तानों की लिस्ट में शामिल हो गए,इस विजय ने विश्व क्रिकेट में भारत के दबदबे को भी साबित किया है,2024 में विश्व कप टी20 जीतने के बाद भारतीय टीम में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्य कुमार यादव की अगुवाई में लगातार आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया है और एशिया कप एवं सारी द्विपक्षीय सीरीज अपने नाम की हैं ।

जीवन धारा

## व्यक्तित्व एक बहती हुई नदी की तरह है, जो भविष्य के सागर की ओर बढ़ने के लिए व्याकुल है

लव गौर

व्यक्तित्व एक बहती हुई नदी की तरह है, जो भविष्य के सागर की ओर बढ़ने के लिए व्याकुल है। अस्तित्व का सार इस बात में नहीं छिपा है कि हम अतीत में क्या थे, बल्कि इसमें है कि हम भविष्य में क्या बनने की आकांक्षा रखते हैं। मानवीय चेतना की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति अतीत की बेड़ियों को तोड़कर स्वयं के निरंतर नवनिर्माण में निहित है। हमारा व्यक्तित्व बीती हुई घटनाओं का कोई जड़ संग्रह नहीं है, जो हमें पीछे खींचती हैं। यह तो एक बहती हुई नदी की तरह है, जो भविष्य के सागर की ओर बढ़ने के लिए व्याकुल है। हमारे अस्तित्व का वास्तविक सार इस बात में नहीं छिपा है कि हम अतीत में क्या थे, बल्कि इसमें है कि हम आने वाले समय में क्या बनने की आकांक्षा रखते हैं। जब हम यह समझ लेते हैं कि वर्तमान की प्रेरणाएं अतीत की विवशताओं की मोहताज नहीं हैं, तो हर नया सवेरा हमें अपने जीवन का उद्देश्य पुनः परिभाषित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। स्वयं को फिर से गढ़ने की यह शक्ति हमारे भीतर के उस केंद्र से उपजती है, जिसे हम अपना 'स्व' कहते हैं। एक परिपक्व और विकसित व्यक्तित्व की पहचान यही है कि वह अपनी तात्कालिक और स्वार्थी जरूरतों से ऊपर उठकर अपना विस्तार करता है। इसका अर्थ यह है कि जब हम स्वयं को अपनी व्यक्तिगत उत्तरजीविता से बड़े किसी लक्ष्य, चाहे वह कला का सृजन हो, समाज की सेवा हो या किसी मानवीय मिशन के प्रति समर्पण, में झोंक देते हैं, तब हम जीवन की वास्तविक समृद्धि का स्वाद चख पाते हैं।

हृदय का यह विस्तार हमारे आंतरिक मूल्यों और बाहरी जगत के बीच एक ऐसा अटूट सेतु बनाता है, जो जीवन को सार्थकता, परिपक्वता और गहराई प्रदान करता है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण जीवन का वह एकीकृत दर्शन है, जो हमारे मूल्यों को एक सुसंगत ढांचे में पिरो देता है। यह दर्शन हमारे भीतर एक दिशा-सूचक यंत्र की तरह कार्य करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारे निर्णय केवल परिस्थितियों या शारीरिक प्रवृत्तियों की प्रतिक्रिया मात्र न हों, बल्कि हमारे आंतरिक सत्य का प्रतिबिंब हों। एक संतुलित व्यक्तित्व वही है, जो स्वयं को गहरी अंतर्दृष्टि और एक स्वस्थ विनोद भाव के साथ देख सके। यह क्षमता हमें पंगु होने से बचाती है और हमें एक हल्के, पर अडिग मन के साथ अपने आदर्शों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। मानव स्वभाव की सबसे बड़ी विशेषता उसका विकास की ओर उन्मुख होना और असीमित संभावनाओं से भरा होना है। व्यक्तित्व विकास कभी न खत्म होने वाली एक ऐसी प्रक्रिया है, जहां वास्तविक आनंद किसी मंजिल पर ठहर जाने में नहीं, बल्कि स्वयं के निरंतर परिष्कार और सुधार में पाया जाता है। अपनी विशिष्टता को सम्मान देकर और अपने चुने हुए मूल्यों पर अडिग रहकर, हम अपने जीवन को अखंडता की एक उत्कृष्ट कृति बना सकते हैं। इसी प्रकाश में, हर चुनौती हमारे लिए विकास का एक निमंत्रण बन जाती है और हर नया दिन वह कैनवास, जिस पर हम अपने सबसे प्रामाणिक स्वरूप को उकेर सकते हैं।

जब आप अपने 'स्व' को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठाकर किसी महान लक्ष्य के प्रति समर्पित करते हैं, तो आपका चरित्र अपने आप निखरने लगता है। आत्मस्वीकार, अंतर्दृष्टि और विनम्रता ही आपको संतुलित बनाते हैं, जबकि करुणा, न्याय और जिज्ञासा आपके चरित्र को ऊंचाई प्रदान करते हैं।

# जीजा अस्थाई व्यवस्था, फूफा होना ही जीवन का स्थाई भाव ...

फूफा हो जाना तो विधि का विधान है ! सड़क किनारे ,फुटपाथ पर घटी दरों पर बिकती ,पुरानी धुरानी ,सैकेंड हैंड किताबें देखी है ना आपने , कुछ बुजुर्ग , अधेड़ औरते ,आदमी कभी कभी ठिठक कर रूक जाते हैं उसके सामने कुछ ढेर को टटोलते हैं , काम की चीज निकालने की कोशिश करते है ,जो चीज कभी हजार की थी वो सौ पचास की हैसियत पा लेती है आमतौर पर ये ढेर ,बेशकीमती ज्ञान का भंडार जवान छोरे छोरियों द्वारा अनदेखा ही किया जाता है ! फूफा होना ऐसा ही ढेर हो जाना है ।

फूफा दरअसल ओल्ड एडीशन है जीजा का । जीजा जब पुराना पड़ जाता है तो फूफा हो जाता है ! फूफा वह कच्चा आम बना रह जाना चाहता है जिसे देख कभी उसकी सालियों के मुँह मे पानी भर आया करता था ,पर वो वक्त के हाथो पकता है ,और अचार डालने जैसा भी नही बचता !

जीजा हारता है वक्त से ,उसका बस चले तो वो घड़ी की सुइयों से लटक कर रोक ले उसे ,पर इतिहास गवाह है कोई जीजा आज तक कर नही पाया है ऐसा ।अपनी खुद की कमर पर ही बस नही चलता उसका । वो लाख कोशिश करता है वो चौतीस से अडतीस के खतरे के निशान पर जा पहुँचती है, उसका अपना पेट उसे अपने घुटने देखने से रोक देता है ,सर की लहलहाती फसल उजड़ चुकी होती है अब बिना चश्मे के सालियों को पहचानना कठिन हो चलता है और ससुराल की सीढियाँ चढने मे घुटने भी अनमने होने लगते हैं।




वैसे भी फूफा हो जाना तन से ज्यादा मन का दुख है ,मन अटका होता है जीजा होने मे और तन फूफा हो चुका होता है ! ऐसे मे यदि बंदे के पास धन हो तब थोडी सी और मोहलत मिल जाती है। धन उसे फूफा की अधोगति मे पड़ने के पहले जीजा की योनि मे बने रहने के लिये कुछ और फालतू साल दिला देने मे मदद करता है

ससुराल ऐसी जगह होती है जहाँ जाना ही होता है आदमी को। ये वो जगह है जहाँ जीजा रहते आदमी उछल उछल कर जाता है जाने के बहाने तलाश करता है, पर फूफा होते ही ये सब बदल जाता है बचता है वो ससुराल जाने से । फूफा होने के बाद ससुराल जाना ,रिटायरमेंट के बाद उस ऑफिस की सीढियाँ चढने जैसा है जहाँ कभी आप बॉस रह चुके हों ।

फूफा हो चुके आदमी को ससुराल मे होते हुये गौर से देखियेगा अगली बार फूफा होने के बाद ससुराल मे बंदा लालकिले मे कैद शाहजहाँ टाईप की चीज हो जाता है ताजमहल उसकी पहुँच से दूर होता है अब वो अपने सिंहासन पर किसी ताजा ताजा जवान हुये लड़के को देख बैचैन होता है , सोफे पर करवटें बदलता है , किसी बात की शिकायत आमतौर पर करता नही ! करता है तो आवाज मे दम नही होती।

फूफा हो जाना सूरज से प्लूटो हो जाना है ! वो ससुराल के सौरमंडल मे होता तो जरूर है पर उसे गिना नही जाता ,वो ससुरालियों की कुंडली मे होता तो है पर किसी का कुछ बना बिगाड़ नही पाता सो अनदेखा होता है वो इस अनदेखी पर भुनभुनाता तो है पर उसे मन ही मन करना होता है ऐसा ।

ये सब लिखा क्यो हैं मैनें ? वास्तव में ये तो सलाह है उन्हें जो फिलहाल जीजा हैं जीजा हैं तो ज्यादा फुदकिये मत, जीजा होना तो अस्थायी व्यवस्था है ,फूफा होना ही जीवन का स्थायी भाव है ! अपने आपको फूफा होने के लिये अभी से तैयार करें इसी मे सार है और यदि फूफा हो ही चुके हैं आप तो धीरज बनाये रखें, हौसला रखें, समझायें खुद को , ये तो होना ही था एक ना एक दिन। ,चुप रहने की आदत डाल लें और जब किसी सभा समारोह मे बतौर मार्गदर्शक मंडल तीसरी लाईन मे खिसका दिये जायें तो बुरा ना मानें ! समय किसी का सगा नही होता ! फूफा का तो हरगिज नही !

### ऊपर नीचे होते सोना चांदी

अब आदमी किस पर भरोसा करें और किस पर ना करें, हाल तो ये है कि अपने लोगों पर भी भरोसा उठ चुका है। नेताओं पर उनके कर्मों के कारण लोगों ने भरोसा करना बंद कर दिया है, क्योंकि वे कहते कुछ है और करते कुछ और हैं पॉलीटिकल पार्टी पर भी भरोसा बचा नहीं है और अब तो सोना चांदी पर भी भरोसा करना बड़ा कठिन हो गया है ।एक जमाना था जब लोग बाग कहते थे कि सोना खरीद लो संकट के वक्त काम आएगा ,चांदी खरीद लो जब कभी बुरा वक्त आएगा तो चांदी बेचकर अपना गुजारा कर लेना लेकिन लगता है कि दुनिया जिस ढंग से चल रही है उसी ढंग से सोना और चांदी भी उसी रंग में रंग गए हैं, कब गिर जाए कब ऊपर उड़ जाए कोई नहीं जानता यहां तक कि जो अपने आप को शेयर मार्केट का या सोने चांदी के उस्ताद मानते हैं वे भी नहीं जानते कि कब सोने का भाव ऊपर हो जाएगा और चांदी जमीन पर आ जाएगी । कुछ दिन पहले चांदी ने ऐसी छलांग लगाई जिसको देखकर बंदरों ने भी अपने दांतों तले उंगली दबा ली कि इतनी बड़ी बड़ी छलांग तो वे भी नहीं लगा सकते। देखते-देखते चार लाख के पास पहुंच गई चांदी। भाव बढ़ रहे थे तो लोगों ने धकापेल चांदी की खरीद शुरू कर दी और फिर एक हफ्ते में चांदी ने उनकी लुटिया डुबो दी और एक ही झटके में दो लाख पर वापस आ गई, अब जिन लोगों ने ज्यादा दामों में चांदी खरीदी थी वे चांदी पर सर रखकर रो रहे हैं जार जार आंसू बहा रहे हैं कि अब क्या पता कब ये चांदी चार लाख जाएगी, यही हाल सोने का है फिर भी सोने पर थोड़ा बहुत भरोसा किया जा सकता है अपना तो लोगों से यही कहना है कि भैया जब इंसान का इंसान पर से भरोसा उठ गया है तो फिर सोना चांदी पर भरोसा काहे को करते हो, लेकिन कहते हैं ना लालच बुरी बला सब कुछ देखने के बाद भी लोग बाग सोना चांदी खरीदने में लगे है जब नुकसान होता है तो सोना चांदी को गाली देते हैं और जब फायदा होता है तो अपनी बुद्धिमत्ता को।

### खैरात ही तो है वोट बैंक

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की एक शोध रिपोर्ट में यह कहा गया है कि राजनीतिक पार्टियों द्वारा फ्रीबीज जैसी योजनाएं जो खैरात के रूप में दी जा रही है उससे देश का विकास रुक रहा है इसकी वजह रोजगार की कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, अब स्टेट बैंक के इन शोधकर्ताओं को कौन बताएं कि भैया राजनीतिक पार्टियों का एकमात्र उद्देश्य होता है सत्ता में आना और सत्ता में आने का जो रास्ता मुफ्त खोरी से जाता है वो सबसे आसान रास्ता है। पैसा फेंको तमाशा देखो ये तो एक पुराना गीत भी है, अब देखो ना मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना शुरू हुई और भाजपा के पक्ष में ऐसे वोट गिरे कि कांग्रेस की लाइ लुट गई ,फिर बिहार में दस दस हजार रुपए लोगों के खाते में डाल दिए गए वहां भी भाजपा की जय जयकार हो गई, बेचारे दूसरे दल हाशिये पर चले गए ,अब जब ऐसा फायदा फ्रीबीज से होता है तो कौन सा राजनीतिक दल है और कौन सी सरकार ऐसी है जो उसका उपभोग नहीं करेगी दूसरी बात फिर पैसा तो अपनी जेब से जाता नहीं है ,सरकारी पैसा है लुटाओ और वोट पाओ इधर सुप्रीम कोर्ट भी इस पर कड़ी टिप्पणी कर चुका है लेकिन उससे फर्क क्या पड़ने वाला है जो रास्ता दिखा दिया गया है पॉलिटिकल पार्टियों को वे उसी रास्ते पर चलेंगे क्योंकि उन्हें तो सत्ता में आना है और सत्ता में आने का सबसे आसान तरीका अब यही लगने लगा है, रोजगार, भ्रष्टाचार आम आदमी की समस्याएं इन सबसे कोई सत्ता में नहीं आता सत्ता में आता है नोट बांटने से और यह बात सिद्ध भी हो चुकी है और जो बात सिद्ध हो चुकी है तो उससे फिर पीछा कोई भी पॉलीटिकल पार्टी क्यों छुड़ाएगी। अपना भी मानना है कि कर्ज लो और घी पीओ इसी में फायदा है और सारे प्रदेश यही करने में जुटे हुए हैं ।

# ट्रंप ने ईरान में रायता फैला तो दिया, अब इस कोशिश में लगे हैं कि इसे समेटा कैसे जाए

नई दिल्ली

एक प्रसिद्ध हिंदी मुहावरा है रायता फैलना या रायता फैलाना। इसका मतलब है किसी स्थिति, बात या योजना को बिगाड़ देना, अव्यवस्था पैदा करना या शर्मनाक स्थिति उत्पन्न करना। दही (सफेद रंग) से बने रायते के गिरने पर जैसे गंदगी और अव्यवस्था फैलती है, वैसे ही काम बिगड़ने पर यह मुहावरा इस्तेमाल होता है। अमेरिका को महान बनाते बनाते दुनिया को महान बनाने निकल पड़े डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावों से दुनिया को चौंकाते हैं। ईरान में जंग शुरू करते वक्त ट्रंप ने शायद ही सोचा होगा कि ये इतनी लंबी और व्यापक स्तर पर आसपास के देशों में भी फैल जाएगी। अब ट्रंप के फैलाए इस रायते को उन्हें समेटते नहीं बन रहा है। एक सप्ताह पहले जब अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हमले शुरू किए, तो डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इसका उद्देश्य ईरानी जनता को विद्रोह करने और अपने देश को वापस पाने के लिए प्रेरित करना था। फिर उन्होंने इसे ईरान के आसन्न खतरे को खत्म करने का एक तरीका बताया। फिर सत्ता परिवर्तन की बात कही। इसके बाद उन्होंने ईरान के अगले नेता को खुद चुनने की इछा जताई। शुक्रवार तक, वे बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग कर रहे थे। युद्ध शुरू होने के एक सप्ताह बाद भी, ट्रंप वास्तव में क्या चाहते हैं, यह कम से कम अस्पष्ट बना हुआ है, और उनके अपने बयानों से पता चलता है कि शायद उन्हें भी इसका पता नहीं है।

ट्रम्प ने 28 फरवरी को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए आठ मिनट के वीडियो में पहली बार इस अभियान की घोषणा की। उन्होंने इस हमले को अमेरिका के खिलाफ दशकों से चल रही ईरानी आक्रामकता के जवाब के रूप में पेश किया। उन्होंने तेहरान पर अमेरिकी सेनाओं और सहयोगियों के लिए खतरा पैदा करने में सक्षम मिसाइलों का विकास करते हुए भी अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ने से इनकार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के मिसाइल उद्योग को पूरी तरह नष्ट कर देगा और देश की नौसेना को नष्ट कर देगा। उन्होंने ईरानी नागरिकों से भी सीधे अपील की। ट्रम्प ने कहा, आपकी आजादी का समय आ गया है और उनसे अपनी सरकार की बागडोर अपने हाथ में लेने का आग्रह किया। पहले दिन के खत्म होने से पहले ही ट्रंप ने अपना रुख बदल दिया। 28 फरवरी को, हमलों के शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद, एक्सियोस से बात करते हुए अमेरिकी राष्टपति ने कहा कि उनके पास कई विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि मैं या तो लंबा समय लेकर पूरी स्थिति को अपने हाथ में ले सकता हूं, या इसे दो-तीन दिनों में खत्म कर सकता हूं और ईरानियों से कह सकता हूं- अगर आप अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम फिर से शुरू करते हैं, तो कुछ सालों में



फिर मिलेंगे। उसी दिन, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुछेद 51 - आत्मरक्षा प्रावधान - का हवाला देते हुए कानूनी मामला बनाने की प्रक्रिया शुरू की। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज़ ने कहा कि वाशिंगटन ने मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन ईरान ने इनकार कर दिया।

**दूसरा दिन- पेंटागन के बयानों में दिखा विरोधाभास**- ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कांग्रेस के कर्मचारियों के साथ बंद कमरे में हुई ब्रीफिंग में स्वीकार किया कि ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं थी जिससे यह संकेत मिले कि ईरान अमेरिकी सेना पर पहले हमला करने की योजना बना रहा था। यह स्वीकारोक्ति व्हाइट हाउस द्वारा तत्काल खतरे के सार्वजनिक औचित्य के सीधे विपरीत थी।

**तीसरा दिन- ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का मकसद सत्ता परिवर्तन या नहीं?**- 2 मार्च को रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने युद्ध को एक लक्षित सैन्य अभियान के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी का मिशन बिल्कुल सटीक है। ईरानी आक्रामक मिसाइलों को नष्ट करो, ईरानी मिसाइल उत्पादन को नष्ट करो, उनकी नौसेना और अन्य सुरक्षा बुनियादी ढांचे को नष्ट करो, और वे कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर पाएंगे। हेगसेथ ने इस सुझाव को भी खारिज कर दिया कि वाशिंगटन ईरान की सरकार को उखाड़ फेंकने की कोशिश कर रहा है, और कहा, यह तथाकथित सत्ता परिवर्तन का युद्ध नहीं है, लेकिन सत्ता परिवर्तन अवश्य हुआ है, और दुनिया के लिए यह बेहतर है। उन्होंने आगे कहा कि यह इराक नहीं है। यह अंतहीन नहीं है... यह इसके बिल्कुल विपरीत है... इस ऑपरेशन का एक स्पष्ट, विनाशकारी और निर्णायक मिशन है। कुछ ही घंटों के भीतर, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने युद्ध के समय को लेकर एक और स्पष्टीकरण दिया। रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन को पता था कि इज़राइल हमले की योजना बना रहा है और उसे विश्वास था कि ईरान अमेरिकी सेनाओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा।

**चौथा दिन- ट्रंप ने अपने ही विदेश मंत्री के फैसले को पलटा**- 3 मार्च को ट्रंप ने रूबियो के स्पष्टीकरण को पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह फैसला उनका अपना था और इजरायली इरादों के बजाय ईरानी इरादों से प्रेरित था। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, जिस तरह से बातचीत चल रही थी, मुझे लगता है कि वे पहले हमला करने वाले थे, और मैं ऐसा नहीं चाहता था। बाद में रूबियो ने अपने बयान को वापस लेते हुए कहा कि इसे गलत संदर्भ में लिया गया था।

**पांचवां दिन- अभी तो शुरुआत हुई है**- 4 मार्च को पेंटागन की दूसरी ब्रीफिंग में हेगसेथ ने घोषणा की कि अमेरिकी और इजरायली वायु सेना जल्द ही ईरानी आसमान पर पूरी तरह से निर्विवाद नियंत्रण स्थापित कर लेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के ऊपर, उनकी राजधानी के ऊपर उड़ान भरेगा... ईरानी नेता हर मिनट, हर दिन केवल अमेरिकी और इजरायली वायु सेना को ही देखेंगे जब तक कि हम इसे खत्म करने का फैसला नहीं कर लेते।

**छठा दिन- ट्रंप ईरान का नया नेता चुनने को तैयार**- 5 मार्च को ट्रंप ने एक्सियोस को बताया कि उन्हें ईरान के नए नेता के चयन में व्यक्तिगत रूप से शामिल होने की उम्मीद है, और उन्होंने इस स्थिति की तुलना सीधे वेनेजुएला में अपनी भागीदारी से की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें सबसे संभावित उत्तराधिकारी, दिवंगत सर्वोच नेता के बेटे मोजतबा खामेनेई, बिल्कुल अस्वीकार्य लगे। ट्रंप ने कहा कि वे अपना समय बर्बाद कर रहे हैं। खामेनेई का बेटा एक मामूली नेता है। मुझे नियुक्ति में शामिल होना होगा, जैसे वेनेजुएला में डेल्सी (डेल्सी रोड्रिगेज, जिन्होंने मादुरो की जगह ली) के मामले में हुआ था। हम ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो ईरान में सद्भाव और शांति लाए।

**सातवां दिन- बिना शर्त आत्मसमर्पण और ईरान को फिर से महान बनाने की अपील**- 6 मार्च की सुबह, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग की। ट्रंप ने लिखा कि ईरान के साथ बिना शर्त आत्मसमर्पण के अलावा कोई समझौता नहीं होगा! उसके बाद, एक महान और स्वीकार्य नेता का चुनाव होगा। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आत्मसमर्पण के बाद, संयुक्त राय अमेरिका और उसके सहयोगी देश के पुनर्निर्माण में मदद करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने इस बयान को कम महत्व देने की कोशिश करते हुए कहा कि कुछ भी नहीं बदला है, और यह भी कहा कि बिना शर्त आत्मसमर्पण का मतलब केवल वह बिंदु है जहां ट्रंप यह तय करते हैं कि ईरान अब कोई खतरा नहीं है।

# ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने से पहले नेतन्याहू से भी बात होगी: ट्रंप

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा। द टाइम्स ऑफ इज़राइल के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि वर्तमान सैन्य कार्रवाई से पहले ईरान इज़राइल को नष्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा, ईरान इज़राइल और उसके आसपास की हर चीज़ को तबाह करने जा रहा था। हमने मिलकर काम किया है। हमने उस देश को नष्ट कर दिया है जो इज़राइल को मिटाना चाहता था।

यह पूछे जाने पर कि क्या अभियान को रोकने का अधिकार पूरी तरह से अमेरिका के पास है या इस निर्णय में इज़राइल का भी समान प्रभाव है, श्री ट्रंप ने संकेत दिया कि दोनों नेता एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूँगा, लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। जब श्री ट्रंप से पूछा गया कि यदि अमेरिका अपनी तरफ से कार्रवाई रोक देता है, तो क्या इज़राइल स्वतंत्र रूप से सैन्य अभियान जारी रख सकता है, तब उन्होंने इस संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसकी आवश्यकता होगी।

ये टिप्पणियां तब आई हैं जब व्हाइट हाउस ने सुझाव दिया है कि यह संघर्ष चार से छह सप्ताह तक चल सकता है, हालांकि श्री ट्रंप ने किसी विशिष्ट समय सीमा की घोषणा नहीं की है।यह लड़ाई 28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के साथ शुरू हुई थी। इन हमलों में ईरान के सर्वोच नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। यह साक्षात्कार ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच नेता चुने जाने की घोषणा के कुछ ही समय बाद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस नियुक्ति पर विस्तृत प्रतिक्रिया देने से इनकार करते हुए कहा, देखते हैं क्या होता है।

श्री ट्रंप ने श्री नेतन्याहू के लिए कानूनी राहत (माफी) की अपनी मांग को भी दोहराया। इजरायली प्रधानमंत्री वर्तमान में रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और विश्वासघात के आरोपों में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।श्री ट्रंप ने श्री नेतन्याहू को माफी न देने के लिए इसहाक हर्जोग की आलोचना की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, श्री नेतन्याहू को वह माफी तुरंत दी जानी चाहिए। मुझे लगता है कि इसे न देकर वह (हर्जोग) बहुत बुरा काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि नेतन्याहू युद्ध पर ध्यान केंद्रित करें, न कि किसी हास्यास्पद माफी पर। श्री हर्जोग के कार्यालय ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जोर दिया कि इज़राइल कानून के शासन द्वारा शासित एक संप्रभु राय है, और माफी के अनुरोध को न्याय मंत्रालय के माध्यम से देखा जा रहा है।दोनों नेताओं के बीच पिछले तनावों के बावजूद, श्री ट्रंप ने श्री नेतन्याहू के साथ अपने वर्तमान सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, हमने साथ मिलकर बहुत अछा काम किया है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि सैन्य कार्रवाई ने एक व्यापक क्षेत्रीय संकट को रोक दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ईरान इज़राइल और उसके आसपास की हर चीज़ को नष्ट करने वाला था, और अब देखिए, वे खुद नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने इज़राइल की सुरक्षा के लिए श्री नेतन्याहू के नेतृत्व को श्रेय देते हुए कहा कि अगर नेतन्याहू आसपास नहीं होते, तो इज़राइल का आज अस्तित्व नहीं होता।

## ईरान ने इजरायली एवं अमेरिकी ठिकानों पर किये नये हमले

**तेहरान,(वार्ता)।** ईरान के सशस्त्र बलों ने सोमवार को पश्चिमी एशिया में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर नये हमले किए। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 पूरी तरह सफल रहा। इसके तहत क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और इजरायल कब्जे वाले उत्तरी क्षेत्रों में कई स्थानों पर एक साथ हमला किया गया। इस ऑपरेशन में रणनीतिक ड्रोनों के अलावा खुर्रमशहर, फतह और खैबर मिसाइलों का उपयोग किया गया। सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि ये हमले नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के चुनाव के साथ ही किए गए। इस बीच, बहरीन के नेशनल कम्युनिकेशन सेंटर ने बताया कि ईरानी हमले के बाद मामीर गांव में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी (बापको) के एक केंद्र में आग लग गई।

# युद्ध जैसे हालात में संसद और सरकार की प्राथमिकतायें उसी के अनुरूप तय हो : अखिलेश

लखनऊ(वार्ता)



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएँ भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है। इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए। यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिये जाते हैं तो इससे देश की संप्रभुता और आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे या पर्यटक के रूप में गये भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वहाँ फँसे सभी भारतीयों को सुरक्षित और शीघ्र भारत वापस लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ विदेश दौरे पर गये कुछ पत्रकार और मीडियाकर्मी भी युद्ध शुरू होने के कारण वापस नहीं लौट पाए हैं। सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सुरक्षित देश वापस लाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि युद्ध की स्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सरकार को जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति नियमित और सुनिश्चित रखने के साथ-साथ उनके बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

## नीतीश कुमार को भाजपा ने किया डिजिटल अरेस्ट: कांग्रेस

पटना, (वार्ता)

बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा है कि नीतीश कुमार से जुड़े हालिया घटनाक्रम से पार्टी को कोई आश्चर्य नहीं है और आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार वोट चोरी के सहारे बनी थी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर्दे के पीछे से उन्हें हटाने की साजिश रच रही थी।प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भाजपा ने अब नीतीश कुमार को 'डिजिटल अरेस्ट' कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो नीतीश कुमार कभी समाजवादी विचारधारा की लड़ाई लड़ते थे, आज उन्होंने उसी विचारधारा को भाजपा और राष्ट्रीय स्वंसेवक संघ के एजेंडे के हवाले कर दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि नीतीश कुमार अपने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की भावनाओं की भी अनदेखी कर रहे हैं।

# दिल्ली पुलिस नौजवान की लाश पर भाजपा के लिए कर रही दलाली : आप

नयी दिल्ली,(वार्ता)

आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तम नगर में एक युवक तरुण की हत्या के मामले में कहा है कि दिल्ली पुलिस एक नौजवान की लाश पर भाजपा की दलाली कर रही है।

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पुलिस द्वारा मृतक के परिजन से मिलने से रोकने पर सोमवार को कहा कि दिल्ली पुलिस एक नौजवान की लाश पर भाजपा की दलाली कर रही है। होली के दिन तरुण की हत्या कर दी गई और हम उनके परिजन से मिलकर सांत्वना देने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने हमें मिलने नहीं दिया। जबकि हमारे सामने ही पुलिस ने भाजपा के 20 लोगों को मिलने के लिए जाने दिया। दिल्ली पुलिस के बेचारे सिपाहियों को आगे कर दिया जाता है और पीछे से पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा षड्यंत्र रचते हैं। श्री भारद्वाज ने कहा कि आज यहां आते ही हमने हाथ जोड़कर पुलिस से निवेदन किया था कि केवल दो लोगों को परिवार से मिलने और सांत्वना देने की अनुमति दी जाए लेकिन यहां मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने यह कहते हुए सीधे मना कर दिया कि यह बहुत संवेदनशील मामला है। हमारे और मीडिया के कैमरों के ठीक सामने भाजपा के 20 लोगों को अंदर जाने दिया गया। जब हमारे लोगों ने पुलिस से आपत्ति जताई कि भाजपा के लोग अंदर जा रहे हैं, तो पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली पुलिस आयुक्त एक 26 साल के लड़के की लाश पर भी राजनीति करना चाहते हैं, तो इसका मतलब है कि उन्होंने दिल्ली पुलिस को दलाल बना दिया है और दिल्ली पुलिस भाजपा की दलाली कर रही है। श्री भारद्वाज ने बताया कि पीड़ित परिवार भी बार-बार यह आरोप लगा रहा है कि वे पुलिस की कार्रवाई से खुश नहीं हैं। उन्होंने जनकपुरी मामले का उदाहरण देते हुए याद दिलाया कि जब गड्ढे में गिरने से कमल ध्यानी की मौत हुई थी, तब उसके परिवार ने भी यही कहा था कि पुलिस ने एक गरीब मजदूर को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन असली ठेकेदारों को भगा दिया। पीड़ित परिवार बार-बार दिल्ली पुलिस पर आरोप इसलिए लगाते हैं क्योंकि आज दिल्ली पुलिस सिर्फ और सिर्फ सत्ता की दलाली कर रही है और यह सच्चाई आज उन्होंने सबके सामने देखी है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## सलीम-अनारकली की प्रेमकथा को अमर बना दिया के.आसिफ ने



बॉलीवुड में फिल्मकार के.आसिफ को एक ऐसी शख्सियत के रूप में याद किया जाता है,जिन्होंने तीन दशक लंबे सिने कैरियर में अपनी फिल्मों के जरिये दर्शको के दिल पर अमिट छाप छोड़ी। के.आसिफ ने अपने सिने कैरियर में महज तीन-चार फिल्मों का निर्माण या निर्देशन किया लेकिन जो भी काम किया.पूरी तबीयत और जुनून के साथ किया। यही वजह है कि फिल्में बनाने की उनकी रफ्तार काफी धीमी रहती थी और उन्हें इसके लिए आलोचनाओं का सामना भी करना पडता था। जब लोग उनसे इस बारे में पूछते तो के.आसिफ बस यही कहते ..हो जायेगा। .. के. आसिफ मूल नाम कमरूद्दीन आसिफ का जन्म 14 जून 1922 को उत्तर प्रदेश के इटावा में एक मध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में हुआ था। चालीस के दशक में जीवन यापन के लिये वह अपने मामा नजीर के पास मुंबई आ गये जहां उनकी दर्जी की दुकान थी। उनके मामा फिल्मों में कपड़े सप्लाई किया करते थे। साथ ही उन्होंने छोटे बजट की एक दो फिल्मों का निर्माण भी किया था। इसी दौरान उन्हें अपने मामा के साथ फिल्म स्टूडियो जाने का मौका मिलने लगा और धीरे-धीरे फिल्मों के प्रति उनकी रूचि बढ़ती गयी।

फिल्म मुगले आजम के निर्माण में के. आसिफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा ।इसके निर्माण में लगभग 10 वर्ष लग गये जबकि सलीम अनारकली की प्रेम कहानी पर बनी एक अन्य फिल्म ..अनारकली ..प्रदर्शित होकर सुपरहिट भी हो गयी। वर्ष 1960 में जब मुगले आजम प्रदर्शित हुयी तो इसने टिकट खिडकी पर सारे रिकार्ड तोड़ दिये ।फिल्म का संगीत उन दिनो काफी लोकप्रिय हुआ । इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह भी है कि संगीतकार नौशाद ने फिल्म का संगीत देने से मना कर दिया था ।हुआ यूं कि के.आसिफ ने नौशाद को फिल्म का संगीत देने के लिए एक लाख रूपए का एडवांस देने की पेशकश की थी पर नौशाद ने अपनी व्यस्तता के कारण संगीत देने के प्रस्ताव ठुकरा दिया। के.आसिफ हर कीमत पर फिल्म में नौशाद का ही संगीत चाहते थे। उन्होंने जब नौशाद को काम करने के लिए रूपयों का लालच दिया तो वह पलटकर बोले ..क्या आप समझते हैं कि पैसे से हर चीज खरीदी जा सकती है और आप हर चीज खरीद लेंगे। अपने पैसे उठाएं मैं फिल्म नहीं करंगा। इस पर आसिफ साहब ने चुटकी बजाते हुए कहा .. कैसे नहीं करेंगे .. इतने पैसे दूंगा कि आज तक किसी ने नहीं दिए होंगे ।जब आसिफ साहब ने और पैसा बढ़ाने के लिए इशारा किया तो नौशाद ने गुस्से में आकर नोटों का बंडल फेंक दिया। कमरे में नोट ही नोट बिखर गए। तब उनकी पत्नी और नौकर ने सारे नोट उठाए फिर नौशाद ने कहा .. अच्छा आसिफ साहब. आप अपने पैसे अपने पास रख लीजिए हम फिल्म में काम करेंगें। फिल्म मुगले आजम की सफलता के बाद के.आसिफ ने राजेन्द्र कुमार और सायरा बानो को लेकर ..सस्ता खून मंहगा पानी .का निर्माण कार्य शुरू किया लेकिन कुछ दिनों की शूटिंग होने के बाद उन्होंने इस फिल्म का निर्माण बंद कर दिया और गुरूदत्त और निम्मी को लेकर लैला मजनूं की कहानी पर आधारित मोहब्बत और खुदा का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया ।वर्ष 1964 में गुरूदत्त की असमय मृत्यु के बाद उन्होंने गुरूदत्त की जगह अभिनेता संजीव कुमार को काम करने का मौका दिया। लेकिन उनका यह सपना पूरा नहीं हुआ और 09 मार्च 1971 को दिल का दौरा पड़ने से वह इस दुनिया को अलविदा कह गये।

## 'लस्ट स्टोरीज़ 3' में रोमांटिक अवतार में नज़र आएंगे अली फज़ल



अभिनेता अली फज़ल, बहुप्रतीक्षित लस्ट स्टोरीज़ 3 में अपने रोमांटिक 'लवर बॉय' अवतार में दिखाई देंगे, जो आधुनिक और भावनात्मक रूप से गहरी प्रेम कहानी को दिखाएगा। अली फजल आखिरी बार मेट्रो इन डिनो में नज़र आए थे, जहां उन्होंने एक नरम दिल और दिल छू लेने वाले संगीतकार का किरदार निभाया था, जो प्यार और अपनी भावनाओं के उतार-चढ़ाव से गुज़रता है। इसी रोमांटिक सफर को आगे बढ़ाते हुए लस्ट स्टोरीज़ 3 में अली फजल एक बेहद निजी और भावनात्मक किरदार में नज़र आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ राधिका मदान भी हैं। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक शकुन बत्रा कर रहे हैं, जो रिश्तों को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाने के लिए जाने जाते हैं। अली फजल ने कहा, लस्ट स्टोरीज़ 3 मेरे पास ऐसे समय आई जब मैं कुछ भावनात्मक और सच्चा काम करना चाहता था। शकुन के पास इंसानी व्यवहार को समझने का एक बहुत खास तरीका है। वह सीन को बस निर्देशित नहीं करते, बल्कि उन्हें अपने तरीके से जीने देते हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत संतोषजनक रहा क्योंकि वह आपको नाटकीय होने के बजाय सच्चा बनने के लिए प्रेरित करते हैं। यह कहानी प्यार, चाहत और संवेदनशीलता को बहुत वास्तविक तरीके से दिखाती है, और काफी समय बाद फिर से एक रोमांटिक किरदार निभाना मुझे सच में अच्छा लगा ।अली फजल ने कहा, फिर से लवर बॉय का किरदार निभाने में एक अलग तरह की आज़ादी महसूस होती है, लेकिन आज के समय के हिसाब से - थोड़ा कमज़ोर, संवेदनशील और भावनाओं को समझने वाला। मुझे लगता है कि दर्शक मेरा एक बिल्कुल अलग और नरम पक्ष देखेंगे, और यही बात लस्ट स्टोरीज़ 3 को लेकर मुझे सबसे ज़्यादा उत्साहित करती है।

## फिल्म इंडस्ट्री की पहली ड्रीम गर्ल थी देविका रानी

भारतीय सिनेमा जगत में अपनी दिलकश अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाने वाली कई अभिनेत्रियां हुयी और उनके अभिनय के दर्शक आज भी कायल है लेकिन पहली ड्रीम गर्ल देविका रानी को आज कोई याद भी नहीं करता। देविका रानी का जन्म 30 मार्च 1908 को आंध्रप्रदेश के वाल्टेयर नगर में हुआ था । उनके पिता कर्नल एम.एन. चौधरी उंचे बंगाली परिवार से ताल्लुक रखते थे जिन्हें बाद में भारत के प्रथम सर्जन जनरल बनने का गौरव प्राप्त हुआ ।नौ वर्ष की उम्र में देविका रानी शिक्षा ग्रहण करने के लिये इंग्लैंड चली गयी।पढ़ाई पूरी करने के बाद देविका रानी ने निश्चय किया कि वह फिल्मों में अभिनय करेगी लेकिन परिवार वाले इस बात के सख्त खिलाफ थे क्योंकि उन दिनों संभ्रान्त परिवार की लड़कियों को फिल्मों में काम नहीं करने दिया जाता था। इंग्लैंड में कुछ वर्ष रहकर देविका रानी ने रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट में अभिनय की विधिवत पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने वास्तुकला में डिप्लोमा भी हासिल किया ।इस बीच उनकी मुलाकात बुस्र बुल्फ नामक फिल्म निर्माता से हुयी जो उनकी वास्तुकला की योग्यता से काफी प्रभावित हुये और उन्होंने देविका रानी को अपनी कंपनी में बतौर डिजाइनर नियुक्त कर लिया। इस बीच उनकी मुलाकात सुप्रसिद्ध निर्माता हिमांशु राय से हुयी ।हिमांशु राय मैथ्यू अर्नाल्ड की कविता लाइट ऑफ एशिया के आधार पर इसी नाम से एक फिल्म बनाकर अपनी पहचान बना चुके थे ।हिमांशु राय देविका रानी की सुंदरता पर मुग्ध हो गये और उन्होंने देविका रानी को अपनी फिल्म ..कर्म..में काम देने की पेशकश की जिसे देविका ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वर्ष 1940 में हिमांशु राय की आकस्मिक मौत के बाद देविका रानी ने बांबे टॉकीज को अपने सहयोगियो की मदद से चलाया और पुनर्मिलन, बंधन,कंगन,झूला,बसंत और किस्मत जैसी सफल फिल्मों का निर्माण किया । फिल्म ..किस्मत ..बांबे टॉकीज के बैनर तले बनी फिल्मों में सबसे कामयाब फिल्म साबित हुयी ।किस्मत..ने बॉक्स आफिस के सारे रिकार्ड तोड़ते हुये कोलकाता के एक सिनेमा हॉल में लगभग चार वर्ष तक लगातार चलने का रिकार्ड कायम किया जो काफी समय तक टिका रहा। पति की मौत और बांबे टॉकीज को छोड़ने के बाद देविका रानी लगभग टूट सी गयी थी । इस बीच उनकी मुलाकात रूसी चित्रकार स्वेतोस्लाब रोरिक से हुई। बाद में देविका रानी ने उनसे विवाह कर लिया और फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। फिल्म इंडस्ट्री में उत्कृष्ट योगदान देने के लिये भारत सरकार ने वर्ष 1969 में जब दादा साहब फाल्के पुरस्कार की शुरूआत की तो इसकी सर्वप्रथम विजेता ..देविका रानी ..बनी ।इसके अलावा देविका रानी फिल्म इंडस्ट्री की प्रथम महिला बनी जिन्हे पदमश्री से नवाजा गया। अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलो पर राज करने वाली देविका रानी 09 मार्च 1994 को इस दुनिया को अलविदा कह गयी।





## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला नरसिंहपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** शासकीय पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला नरसिंहपुर मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा एवं शाला की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव द्वारा किया गया मां सरस्वती की वंदना श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव एवं सीमा दुबे द्वारा गाई गई तत्पश्चात महिला स्टाफ का स्वागत रिचा मेहरा द्वारा बारी-बारी से किया गया म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान भारती ठाकुर ने प्राप्त किया स्टाफ की समस्त महिलाओं द्वारा म्यूजिकल गेम खेला गया जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव ने प्राप्त किया हाउजी खिलाई गई संस्था की प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा समस्त स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई कार्यक्रम का समापन लवली शिव हरे द्वारा किया गया एवं संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नर्सिंग स्टाफ के योगदान की सराहना की गई

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल नरसिंहपुर में सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल पेश करने वाली नर्सिंग ऑफिसर्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाओं के साथ सम्मानित करते हुए उनके अथक योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में कहा गया कि नर्सिंग ऑफिसर स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ होती हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। उनकी मेहनत, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए प्रेरणा है।

महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर उनके कार्यों को सम्मानित करना गर्व की बात है।



इस दौरान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स में अंजना रैकवार सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ( मेट्रन ), उमा राव ( सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ), अंजना बैक सीनियर( नर्सिंग ऑफिसर ), डॉली नाथ (सीनियर नर्सिंग ऑफिसल ) जूली राम सीनियर नर्सिंग ऑफिससर, वर्षा ठाकुर, सुनीता वाथव मोनिका शर्मा, निधि सोनी, सुनीता सचान , उज्जवल सिंह, दुर्गा सोनी, सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया गया। इसके अलावा नर्सिंग ऑफिसर्स में वंदना मेहरा, प्रियंका देशमुख, देवनंदनी नागवंशी सहित कई नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके योगदान और सेवा भावना को सम्मान देना था।

## आनंद नगर कॉलोनी नरसिंहपुर में रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम संपन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** आनंद नगर कॉलोनी में रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता तिवारी आंटी जी ने की कार्यक्रम में भावना जैन द्वारा सभी महिला प्रतिभागियों को म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम स्थान ममता ने प्राप्त किया गिलास प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती कौर ने प्राप्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त आनंद नगर वासी महिलाओं ने अपना योगदान दिया कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती स्मृति श्रीवास्तव ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती ममता महंत श्रीमती मंजू नायक श्रीमती मनीषा नेम श्रीमती सरिता नायक श्रीमती रश्मि चौबे श्रीमती श्रद्धा ओसवाल ममता नेम रानूजैन रिंकी पटवा रेखा दुबे ओसवाल मैडम एवं समस्त आनंद नगर वासी महिलाओं का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान रहा।



# रंग पंचमी हर्ष और उल्लास से मनाई गई



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर में रंग पंचमी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया रंग पंचमी पर सुबह से ही रंगों की बौछार नजर आने लगी थीद्य खासकर युवा वर्ग अलग-अलग टोली बनाकर होली खेलते हुए नजर आए द्य छोटे बच्चों में भी अलग उत्साह देखने को मिला स्पीकर पर होली के गीत रंग बरसे भीगे चुनरवाली पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया वही भजन मंडलियों नें होली फाग के गीत गाते हुए होली का जश्न मनाया द्य लोगों ने एक दूसरे को रंग पंचमी की शुभकामनाएं भी दीं द्य नगर में अलग-अलग स्थान पर पुलिस बल तैनात दिखाई दिया।

प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी शहर में पेट्रोलिंग करते हुए नजर आए द्य नगर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ रंग पंचमी का त्योहार संपन्न हुआ।

## जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 मार्च को

**डिंडौरी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में संपन्न कराया जाएगा। इसी क्रम में जिला एवं चार्ज अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार, 14 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक किया जाएगा। यह प्रशिक्षण शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डिंडौरी के कंप्यूटर लैब में आयोजित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन की सूचना संबधित विभाग अधिकारियों कों दी जा चुकी हैं साथ ही प्रशिक्षण के सुचारू संचालन के लिए कंप्यूटर, इंटरनेट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। संबंधित अधिकारी-कर्मचारीउपस्थित होकर जनगणना कार्य को सफल बनाने में सहयोग करे।

# शोकाकुल परिवारों में पहुँचे मंत्री श्री सिंह, व्यक्त की शोक संवेदनाएं



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

विगत दिवस क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह विभिन्न ग्रामों के कई शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचे तथा पीड़ित परिवारों में शोक संवेदनाएं व्यक्त की द्य इस दौरान मंत्री श्री सिंह ग्राम डुंगरिया में कृपालसिंह/साहबसिंह बड़कुर, गोविंद सिंह पटेल एवं जगदीश उपाध्याय व ग्राम भौरझिर में स्वर्गीय श्री सुदामा प्रसाद जी पुरोहित, दशरथ सिंह राठौर एवं ग्राम अजंसरा में नीर पेठिया के निवास पहुंचकर दिवंगत पुण्यात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की द्य इसके अलावा भौरझिर में पूर्व मंडल अध्यक्ष बच्चूसिंह कौरव के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की द्य अखिलेश खेमरिया के निवास पहुंचकर उनके पिताजी के स्वास्थ्य की जानकारी सहित उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व ग्राम खुलरी में स्थानीय गणमान्य जनों से सौजन्य भेंट की द्य इस दौरान मंत्री के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पंडित अभिलाष मिश्रा, पूर्व जिला महामंत्री डॉ हरगोविंद सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंडित अशोक भार्गव, जिला पंचायत सदस्य धनंजय पटेल, भाजपा नेता नवीन अग्रवाल, ठाकुर राजीव सिंह, राजेन्द्र पटेल सरपंच, रिंकू पेठिया, अभिषेक राकेशिया के अलावा अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध पशु परिवहन करते पिकअप वाहन सहित 6 मवेशी जब्त, चालक के विरुद्ध कार्यवाही

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अमझोर की ओर से एक पिकअप वाहन में मवेशियों को लोड कर कुदरी होते हुए सीधी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुदरी बस स्टैण्ड तिराहा पर घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात अमझोर की ओर से एक सफेद रंग की बिना नंबर की पिकअप वाहन आती दिखाई दी, जिसे रोककर चेक किया गया। जांच के दौरान पिकअप वाहन के अंदर 05 नग पाड़ा एवं 01 नग भैंस को रस्सियों से गले और पैरों में क्रूरता पूर्वक बांधकर ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ पाया गया, जो भूख-प्यास से व्याकुल थे। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम



दिनेश कुमार कोल पिता लहरू कोल उम्र 29 वर्ष निवासी पसला थाना अनुपपुर बताया। चालक द्वारा बताया गया कि उक्त मवेशियों को कोतमा की ओर से वाहन मालिक अभिषेक सिंह पिता अवधराज सिंह निवासी भटनवारा जिला सतना के कहने पर लोड कर बिक्री हेतु सीधी की ओर ले जाया जा रहा था। चालक के पास मवेशियों के खरीदी-बिक्री से संबंधित कोई वैध दस्तावेज, वाहन के कागजात अथवा ड्राइविंग लाइसेंस मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया। उक्त कृत्य पशु क्रूरता अधिनियम की धारा तथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पाए जाने पर आरोपी चालक के कब्जे से बिना नंबर की पिकअप तथा उसमें लोड 05 नग पाड़ा एवं 01 नग भैंस कुल कीमती लगभग 6,00,000 रुपये को जप्त किया गया।

जप्त किए गए मवेशियों को सुरक्षित रखते हुए भोजन-पानी की व्यवस्था कर थाना परिसर में रखा गया आरोपी वाहन चालक दिनेश कुमार कोल एवं वाहन मालिक अभिषेक सिंह के विरुध्द पशु कुरता अधि.एवं एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया। जप्त पिकअप वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है तथा उक्त दोनो आरोपियो के विरूध्द प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## महिला दिवस पर विशेष टीकाकरण

**मण्डला।** प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर राजस्थान में एचपीव्ही वैक्सीन का शुभारंभ 28 फरवरी को किया गया ऑनलाइन टेलीकास्ट के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा पूरे भारत को संबोधित किया गया एचपीव्ही वैक्सीन 14 से 15 वर्ष की बेटियों को विधिवत रूप से यूबिन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराकर टीके लगवाएं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर डीजे मोहंती के द्वारा जानकारी दी गई की इस अभियान की सफल क्रियान्वयन तथा अधिकाधिक किशोरी बालिकाओं को टीकाकरण पूर्ण करने के उद्देश्य से 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की अवसर पर एचपीव्ही टीकाकरण का विशेष ड्राइव का आयोजन एचपीव्ही वैक्सीन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में होने वाला सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करता है ।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

फरियादिया द्वारा थाना उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उसने उल्लेख किया कि श्रेयांस जैन उर्फ राजू पिता अशोक जैन निवासी वार्ड नं. 09 सिनेमा रोड बुढ़ार थाना उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्र के आधार पर थाना बुढ़ार में आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए, आरोपी श्रेयांस जैन उर्फ राजू पिता अशोक जैन उम्र 48 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 सिनेमा रोड बुढ़ार थाना बुढ़ार को बुढ़ार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय बुढ़ार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।



## जैतपुर विधायक के निज निवास में फाग गीतों के साथ होली मिलन का हुआ आयोजन

बुढार (स्वतंत्रमत)।

रंगपंचमी के पावन अवसर पर जैतपुर क्षेत्र के विधायक के निज निवास में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व उल्लासमय मनाया गया।

आपसी सद्भाव तथा मैत्री का पर्व होली के पुनीत अवसर पर जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने होली फाग मण्डली के साथ फाग-गीतों में अपनी भरपूर सहभागिता निभाते हुये रंगपंचमी पर्व पर सहजभाव से कार्यक्रम में पधारे सभी स्नेहियों व पार्टी जनों को गुलाल लगाकर शुभकामना दी। ग्राम-सरईकापा स्थित विधायक निवास पर होली मिलन समारोह के मौके पर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी जनों व नगर एवं जिले के वरिष्ठ जनों का भारी हुजूम रंगपंचमी पर एकत्रित हुआ और होली पर्व का भरपूर लुत्फ एक से बढ़कर अनेक फाग गीतों को सुन उत्साह से झूम उठे और एक दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिलकर अपनी शुभकामना दी।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन समितियों के प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के समन्वयक विवेक पाण्डेय के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक ऋत्विकदास मिश्रा के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 1 जयसिंहनगर जान्हवी शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति दरैन के सौजन्य से जनपद पंचायत जयसिंहनगर सभागार में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओ बृजेन्द्र सिंह चंदेल के मुख्य आतिथ्य में मां भारती के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत में ही प्रस्फुटन समितियों के गठन एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी।




**पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हमारा उद्देश्य : विवेक पाण्डेय**-कार्यक्रम में उपस्थित जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के कार्यकर्ताओं की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य गांव के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने विशेष अवसरों को यादगार बनाने वृक्षारोपण का सुझाव देते कहा कि हम पाश्चात्य संस्कृति को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं जो हमारी संस्कृति के बिल्कुल विपरीत है, इसलिए हमें अपने खास मौकों जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह जैसे दिनों को यादगार बनाने के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए। इससे हमारी यादें भी रहेंगी और प्रकृति भी संतुलित रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को अल्पाहार प्रदान किया गया। परामर्शदाता डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ला एवं सत्यम तिवारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गयी। नवांकुर योजनांतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में सहभागिता निभाने वाले समस्त प्रशिक्षणार्थियों को डायरी,पेन एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, एसडीओ बृजेन्द्र सिंह चंदेल, ब्लॉक समन्वयक ऋत्विकदास मिश्रा, जान्हवी शिक्षा समिति के संचालक पवन तिवारी, परामर्शदाता डॉक्टर ओमप्रकाश शुक्ला एवं सत्यम तिवारी सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# आपसी सौहार्द्र के साथ नगर निगम परिवार का होली मिलन समारोह संपन्न

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों की रही विशेष मौजूदगी





कटनी (स्वतंत्रमत)।

रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में नगर निगम परिवार का होली मिलन समारोह रविवार को कटाए घाट स्थित सुरम्य पार्क में हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द्र के साथ गरिमापूर्ण माहौल के बीच आयोजित किया गया। रंग पंचमी के अवसर पर कटाए घाट सुरम्य पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी, कलेक्टर आशीष तिवारी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पुलिस अधीक्षक, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, निगमायुक्त तपस्या परिहार, एडीएम नीलांबर मिश्र, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, उपायुक्त शैलेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, पार्षदगण, मीडिया बंधुओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली एवं रंग पंचमी पर्व की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, भाईचारे तथा सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को बढ़ाने वाला पर्व है। ऐसे आयोजन आपसी रिश्तों को मजबूत बनाने के साथ ही कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने सभी को होली एवं रंगपंचमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम परिवार शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक टीम के रूप में कार्य कर रहा है। ऐसे अवसर आपसी समन्वय और सहयोग की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर उत्सव का आनंद लिया तथा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए होली एवं रंगपंचमी पर्व की खुशियां साझा की।

### इस वर्ष भी श्रीराम का जन्मोत्सव की शोभायात्रा में

# गरुड़ घंटी वाली बहनों के ग्रुप में शामिल होंगी अखिल भारतीय अयोध्या वासी वैश्य समाज महिला मंडल की सदस्य



कटनी (स्वतंत्रमत)

हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीराम जन्मोत्सव की 9वीं विशाल शोभायात्रा आगामी 28 मार्च शनिवार को शहर में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं। जानकारी देते हुए अध्यक्ष रचना गुप्ता ने बताया की हिंदू उत्सव समिति के द्वारा निकाली जाने वाली इस विशाल शोभायात्रा में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखिल भारतीय अयोध्या वासी वैश्य समाज महिला मंडल ने शोभायात्रा में गरुड़ घंटी वाली बहनों के ग्रुप में शामिल होने का निर्णय लिया है। अयोध्या वासी वैश्य समाज महिला मंडल ने स्वजातीय बहनों से अपील की है कि वो भी शोभायात्रा में गरुड़ घंटी वाली बहनों के ग्रुप में शामिल होकर श्रीराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा एवं अपने समाज को शोभायमान करें। अखिल भारतीय अयोध्या वासी वैश्य समाज महिला मंडल ने बताया कि इस ग्रुप में शामिल होने वाली बहनों के कपड़ों का कोड भी निर्धारित किया गया है। जिसके तहत बहनों को शोभायात्रा में नारंगी साड़ी, हरी चूडियां और हाथों में मेहंदी लगाकर शामिल हो। इच्छुक महिलाओं को मेहंदी की डिजाइन भी महिला मंडल के द्वारा भेजी।

# श्री खरे केसरवानी महिला शक्ति मंडल का भव्य होली मिलन कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)



श्री खरे केसरवानी महिला शक्ति मंडल द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन का कार्यक्रम 07 मार्च को स्काईलाइट होटल संत नगर में किया गया है सर्वप्रथम लड्डू गोपाल जी की आराधना एवं 56 भोग आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिया सोनी एवं पूजा सोनी गुप्ता की उपस्थिति रही मंच संचालन मुदिता कंदल द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रियंका गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ जिसमें अंताक्षरी की रंगीली प्रतियोगिता रखी गई अंताक्षरी बहुत ही रोचक ढंग से खिलाई गई। जिसमें चार ग्रुप थे। होली के दीवाने, आशिक मस्ताने, सम के परवाने, रंग-बिरंगे अफसाने, सभी ग्रुपों ने शानदार प्रस्तुति दी आशिक मस्ताने ग्रुप विनर रहा और होली के दीवाने ग्रुप ड्रेस अप में बाजी मार ले गया वहीं लगातार गेम डांस ढोल मस्ती का सिलसिला चलता रहा और होली गेम में समाज की सबसे सीनियर कुसुमलता गुप्ता विनर रही सेकंड ज्योति गुप्ता रही। कार्यक्रम में महामंत्री लता गुप्ता संरक्षक मंडल की सुनीता गुप्ता मंत्रिमंडल की सभी मातृ शक्तियों ममता गुप्ता, शिल्पी गुप्ता का एवं शिवाली गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। उषा गुप्ता, आरती गुप्ता, ज्योति गुप्ता, रूपा गुप्ता, सोनम गुप्ता, सरिका गुप्ता, राधा गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, ज्योति गुप्ता, शिवानी गुप्ता, कुसुम लता गुप्ता, सुधारानी गुप्ता, ममता गुप्ता, विद्या गुप्ता, राखी गुप्ता, रीना गुप्ता, दीपशिखा गुप्ता, प्रीतस गुप्ता, शिवाली गुप्ता, कीर्ति गुप्ता, रोशनी गुप्ता, सोनम गुप्ता, मंजू गुप्ता, राधा गुप्ता की सुषमा गुप्ता सभी मातृ शक्तियों द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एपस्टीन मामले में हुई मौतों पर कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा

कटनी (स्वतंत्रमत)






अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देश पर युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सौम्या राँधेलिया ने कचहरी चौक कटनी से वैश्विक स्तर पर हुए अमानवीय कृत्य एप्स्टीन फाइल्स में हुई निर्दोष बच्चियों की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दरन्दगी का शिकार हुई मासूम बच्चियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़ी संख्या में महिला नेत्रियों एवं कांग्रेस जनों ने हाँथों के मोमबत्ती एवं भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी स्टीफा दो की तख्तियां हाँथ में लेकर मार्च निकाला। सौम्या राँधेलिया ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अत्यंत निंदनीय एपस्टीन फाइल्स के खुलने से मानवता शर्मसार हुई है, उसमे भारत के केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी का कई बार जक्रि आया है और उनकी संलिप्तता के प्रमाण प्राप्त हुए है परंतु उसके बाद भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें पद से बर्खास्त नहीं किया जा रहा है, महिला कांग्रेस निरंतर मंत्री के इस्तीफे को लेकर प्रदर्शन करती रहेगी। श्रद्धांजलि सभा एवं मार्च के दौरान मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, वरिष्ठ नेता राकेश जैन, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा, संगठन मंत्री प्रेम बत्रा, राजा जगवानी, कमल पांडेय, संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष राहुल होतवानी, श्याम पहुजा, विनीत जायसवाल, मंगल सिंह, मुस्ताक भाई, श्याम यादव, अजय जैसवानी, राहुल पटेरिया, शशांक गुप्ता गोलू, अजय खटिक, सचिन गर्ग, सूर्यकांत कुशवाहा, अजय कोल, लता कनोजिया, मीनाक्षी वल्लवी, नीरा सोनी, मुमताज बानो, हेमा शर्मा, रश्मि अग्रवाल, मनीषा सोलंकी, लता खरे, प्रीति पांडे, तमन्ना पांडे, जितेंद्र गुप्ता, अभिषेक प्यासी, अनुराग दाहिया, संजय गुप्ता, हरीश यादव, देवांश बाजपेई, श्याम यादव, विजय मंगल चौधरी, रमेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में अलोक जोसफ ने लगाया जीत का चौका

कटनी (स्वतंत्रमत)



भोपाल जिला बैडमिंटन एसोसिएशन व मध्य प्रदेश राज्य बैडमिंटन एसोसिएशन के बैनर तले 8वी मध्य प्रदेश राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 5 मार्च से 8 मार्च तक भेल स्पोर्ट्स कम्पलेक्स भोपाल में किया गया। इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के लगभग 250 महिला व पुरुष मास्टर्स खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों के एकल, युगल व मिश्रित युगल प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में कटनी जिले के राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी का कोच जिन्हें प्यार से लोग मासाब अर्थात मास्टर भी कहते हैं। 55 आयु वर्ग की एकल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में गुना जिले के रमेश परिहार को कड़े संघर्ष में 21-12, 14-21, 21-18 से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, सेमी फाइनल में भोपाल के पीयूष भटनागर को 21-7, 21-11 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल में इंदौर के अमर चांदनी को पहले सेट मे आसानी से 21-11 से परास्त किया, परंतु दूसरे सेट में कडे संघर्ष करते हुए 12-17 से पीछे होने के बावजूद अपने अनुभव और कौशल का परिचय देते हुए 17-17 की बराबरी की उसके पश्चात 17-19 से पुन: पीछे हो गए लेकिन फिर धैर्य का परिचय देते हुए 19-19 बराबर किया और अंत में 21-19 से सेट अपने नाम करते हुए चौथी बार और लगातार तीसरी बार मध्य प्रदेश राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर संपूर्ण मध्य प्रदेश में कटनी जिले का नाम रोशन किया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल अध्यक्ष-मंडी दीप इंडस्ट्रीज भोपाल, विशिष्ट अतिथि प्रवीण सिंह एम.डी. गणपति बिल्डर्स भोपाल, दीपक श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष-मध्य प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन, जय सिंह सचिव-भोपाल बैडमिंटन एसोसिएशन के माध्यम से किया गया। राजीव अग्रवाल ने पुरस्कार वितरण करते समय कहा कि आपने कटनी जिले का नाम रोशन किया क्योंकि सभी पुरस्कार इंदौर व भोपाल के खिलाड़ियों, को ही मिल रहे थे। समापन अवसर पर 12 बार की महिला मास्टर्स राष्ट्रीय चैंपियन पूनम तत्वावादी, मध्य प्रदेश के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विवेक आनंद मोलेश्वर तत्वावादी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बसंत सोनी, विनय सिंह, दीप सिंह की स्थिति रही। अलोक कुमार, जूडराज जोसफ ने अपनी इस सफलता पर परमेश्वर का धन्यवाद किया। अलोक कुमार, जूडराज जोसफ की इस स्वर्णमयी सफलता पर जिले के खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी।

# कटनी सेवा भारती द्वारा नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

कटनी (स्वतंत्रमत)




यदि समाज में महिलाओं को सशक्त एवं मजबूत होना है तो उन्हें स्वावलंबी होना अत्यंत आवश्यक है और यदि मातृशक्ति स्वावलंबी होगी तो समाज सशक्त होगा और सशक्त समाज आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण करेगा और महिलाओं में जो त्याग व समर्पण है वह देश की दिशा और दशा दोनों बदल सकती हैं उक्त उद्गार थे सेवा भारती के द्वारा उद्घाटित सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में पधारे महाकौशल प्रांत के सेवा भारती प्रांत संगठन मंत्री आत्माराम द्वारा उन्होंने अपने उद्बोधन में सेवा भारती द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों को साझा किया एवं इसके पूर्व जिला संघ चालक डॉ अमित साहू द्वारा सेवा स्वावलंबी संस्कार एवं शिक्षा सेवा भारती द्वारा चलाए गए इन प्रमुख आयाम के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य, स्वावलंबी एवं संस्कार के क्षेत्र में सेवा भारती कार्य कर रही है इस तारतम्य में सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा मंच पर सेवा भारती अध्यक्ष रवि नायक द्वारा कटनी जिले में चलाए जा रहे सेवा कार्यों की बारे में जानकारी दी गई। जिसमे बताया की कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट हर तीन माह में प्रदान की जाती है गत माह मे रक्तदान शिविर भी आयोजित किए गए जिसमें 50 यूनिट रक्तदान किया गया हैं। मंच पर विभाग संघ चालक विपिन तिवारी एवं नगर संघचालक किशोर ओचानी उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन सेवा भारती उपाध्यक्ष भगवान दास राठौर द्वारा किया गया एवं आभार ओपी सोनी द्वारा किया गया कार्यक्रम में राजेश निषाद, रंगेश गोयंका, संजीव तिवारी, राजेश मिश्रा, प्रबुद्ध पुरवार, अर्चना निषाद एवं मातृशक्ति उपस्थित थी।

## मंगलवार को नगर निगम में सुबह 11 बजे से आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम से जुड़ी नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुरू की गई जनसुनवाई की पहल निरंतर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार 10 मार्च को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। इस दौरान शहर के नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर सीधे महापौर के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं और अपनी बात रख सकते हैं। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। इस पहल से प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद और विश्वास को भी मजबूती मिल रही है। नगर निगम प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण सहित नगर निगम से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर आवेदन प्राप्त किए जाते हैं। जनसुनवाई के दौरान महापौर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं और शिकायतों के निराकरण की नियमित समीक्षा भी की जाती है।




# विधिसम्मत प्रक्रिया को परे रखकर टीईटी परीक्षा का फरमान जारी

कटनी (स्वतंत्रमत)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक अन्य संदर्भ में दिए गए निर्णय की आड लेकर शिक्षकों को प्रताडित करने का एक और बहाना शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को मिल गया है। संचालक लोकशिक्षण भोपाल ने विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन किए बगैर यह फरमान जारी कर दिया कि 27 वर्ष तक की सेवा करने के बाद भी यदि आगे नौकरी करना है तो टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा में पास होना ही होगा। संचालक लोकशिक्षण के उक्त आदेश से मध्यप्रदेश के समूचे शिक्षक संवर्ग में भारी रोष व्याप्त है। उक्त विधिविरूद्ध प्रक्रिया के विरोध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, प्रमुख सचिव विधि, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा, प्रमुख सचिव आदिम जाति कल्याण विभाग एवं आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल को पत्र लिखकर शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रान्ताध्यक्ष राकेश दुबे ने ध्यान आकर्षित कराया है कि लोकशिक्षण संचालनालय गौतम नगर भोपाल का संचालक लोकशिक्षण द्वारा हस्ताक्षरित आदेश की भाषा व लेख से यह स्पष्ट होता है कि इस विषय टीईटी परीक्षा पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश के संबंध में आदेश जारी करने से पहले राज्य सरकार, मंत्रिमंडल एवं सचिवालय स्तर पर कोई भी संपर्क, सलाह एवं अभिमत तथा लिखित अनुमोदन संभवत: प्राप्त नहीं किया गया है, जो कि शासन नीति अनुसार लिया जाना अति आवश्यक था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी परीक्षा के संबंध में अपने दिए गए आदेश सिविल अपील 1385/2025 में याचक एक अशासकीय शिक्षण संस्था है तथा इसमें उत्तरदाता राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद नई दिल्ली है। उक्त आदेश में यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल मध्यप्रदेश को क्या आदेशित किया गया है। क्या राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा सभी राज्यों के साथ-साथ मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय गौतम नगर भोपाल को टीईटी परीक्षा पिछले 27 वर्षों से कार्य कर रहे शिक्षकों की जुलाई माह में करने के लिए आदेश या निर्देश दिए गए हैं। मध्य प्रदेश के समस्त अध्यापक, माध्यमिक शिक्षक तथा प्राथमिक शिक्षक अपनी प्रथम नियुक्ति शिक्षाकर्मी एवं संविदा शिक्षक से होते हुए आए हैं जो की सेवा की निरंतर में है। शिक्षाकर्मी पद पर हुई हमारी नियुक्ति माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश प्रकरण क्रमांक सिविल अपील 4032/1995 मध्य प्रदेश शासन अन्य विरुद्ध दिनेश कुमार अन्य आदेश 21 अक्टूबर 1997 से हुई थी इस प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवीन संशोधित शिक्षा कर्मी भर्ती अधिनियम 1997 (25 सितंबर 1997) संलग्न कर जारी सेवा-शर्तों के आधार पर विधिवत रूप से भर्तियां की गई थी। उक्त भर्ती अधिनियम एवं शिक्षाकर्मी भर्ती अधिनियम 1998 तथा अध्यापक भर्ती अधिनियम 2008 और राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग भर्ती एवं सेवा की शर्तें नियम 2018 में वर्णित सभी सेवा शर्तों में इस तरह की टीईटी परीक्षा को उत्तीर्ण किया।



## नगर निगम में अनुकंपा नियुक्ति: 6 आश्रितों को मिले रोजगार के अवसर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर निगम में सोमवार को अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत 6 आश्रितों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। इस अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने सभी को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी तथा लगन के साथ निर्वहन करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सेवाएं सीधे तौर पर आम नागरिकों से जुड़ी होती हैं, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी को जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने नव नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम परिवार का हिस्सा बनने के बाद सभी को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का पालन करने की सीख दी। इस अवसर पर उपायुक्त शैलेश गुप्ता एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही। अनुकंपा नियुक्ति के तहत मोहम्मद इशहाक अरशद, पिता स्वर्गीय मोहम्मद इदरीस को उप-स्वच्छता पर्यवेक्षक, प्रियांशु जायसवाल, पिता स्वर्गीय अनुराग जायसवाल को सहायक ग्रेड-3, अनीश मोहम्मद, पिता स्वर्गीय रफीक मोहम्मद को भृत्य, दीपमाला कुंडे, पति स्वर्गीय राजू कुंडे को सफाई संरक्षक, योगेश बर्मन, पिता स्वर्गीय महेश बर्मन को भृत्य तथा रिंकु गौतेल, पिता स्वर्गीय नंदु गौतेल को सफाई संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है।



# ज्ञान के साथ नैतिकता, संवेदनशीलता और सेवा का भाव आवश्यक : पटेल

## राज्यपाल परीक्षा तैयारी संस्थान के द्वितीय बैच शुभारम्भ कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल (स्वतंत्र मत)



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता, संवेदनशीलता और सेवा का भाव होना भी आवश्यक है। जीवन में बड़ा बनना अच्छी बात है, लेकिन अच्छा होना उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों के पूर्व छात्र और आचार्य शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक तथा मानव कल्याण से जुड़े पुनीत कार्यों में योगदान दे रहे हैं, जो विद्या भारती के संस्कारों का सुखद प्रतिफल है। विद्या भारती के पूर्व छात्रों ने विज्ञान, प्रशासन, शिक्षा, समाज सेवा और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। राज्यपाल श्री पटेल विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित स्व. अर्चना शुक्ला स्मृति परीक्षाओं की तैयारी के संस्थान समुत्कर्ष के द्वितीय सत्र के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान प्रज्ञादीप, हर्षवर्धन नगर में किया गया।

***तेरा वैभव अमर रहे माँ***- कार्यक्रम में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी और भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष बनवारी लाल सक्सेना मंचासीन थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहें न रहें जैसी भावना निष्ठा, त्याग और निःस्वार्थ भाव से समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित होने की प्रेरणा विद्या भारती की शिक्षा देती है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों के युवाओं को तलाशने और उन्हें तराशने के प्रयासों को और अधिक विस्तारित किया जाना चाहिए। राष्ट्र सर्वोपरि के विचारों को समाज में व्यापक रूप से प्रसारित करने के प्रयासों को और विस्तावित किया जाना चाहिए।

***प्रतिभा अवसरों से वंचित नहीं रहे*** - राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संसाधनों के अभाव में प्रतिभा अवसरों से वंचित नहीं रहे इस दिशा में परीक्षा की तैयारी की पहल सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सबका साथ और सबका विश्वास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग से आह्वान किया कि वे गरीब और वंचित वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संस्थागत विशेषज्ञता से लाभान्वित करने का प्रयास करें। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि वे प्रतिदिन परिवार, विद्या भारती और संस्थान से प्राप्त ज्ञान एवं संस्कारों का स्मरण कर उन्हें अपने आचरण में उतारे।

***सहयोग को ऋण के रूप में याद रखना जरूरी***- संस्थान द्वारा भविष्य निर्माण के लिए किए जा रहे सहयोग को जीवन भर ऋण के रूप में याद रखना जरूरी है। इस अवसर पर संस्थान की ओर से राज्यपाल का स्मृति-चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। पुस्तक विद्या भारती भी भेंट की गई। विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष रविन्द्र कान्हरे ने कहा कि विद्या भारती द्वारा देशभर में लगभग 30 हजार विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानक आधारित मूल्यांकन व्यवस्था लागू की गई है। आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में नेटवर्क कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क ऑपरेटर्स के साथ समन्वय के प्रयास किए जा रहे हैं।

***राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका***- उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में विद्या भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रही है तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्स्थापित करने के लिए संगठन निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में एसएससी में चयनित नितिन शर्मा और राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में चयनित शालू अहिरवार ने अपने अनुभव साझा किए। मधुर शर्मा ने आओ हम बदलें वर्तमान गीत प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन समुत्कर्ष कोचिंग संस्थान के संयोजक सुधांशु गोयल ने दिया। संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूरस्थ अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आभार प्रदर्शन अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय के निदेशक श्री आशीष जोशी ने किया।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना अंतर्गत पंजीयन में मध्यप्रदेश, देश में चौथे स्थान पर

## देश के जिलों में बैतूल जिला दूसरे तथा नर्मदापुरम तीसरे स्थान पर

भोपाल (स्वतंत्र मत)



प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना में 15 जनवरी से 8 मार्च 2026 तक आयोजित विशेष पंजीयन अभियान में श्रमिकों के पंजीयन में मध्यप्रदेश ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के बैतूल में सर्वाधिक 1771 पंजीयन हुए है। बैतूल जिला देश के जिलों में दूसरे स्थान पर तथा नर्मदापुरम जिला 1501 पंजीयन के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार आदि जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है तथा मासिक आमदनी 15 हजार रूपये से कम है, उनके लिये केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना प्रारम्भ की गई है। योजना में पंजीकृत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये निश्चित मासिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। इस योजना में श्रमिक और सरकार द्वारा अंशदान दिया जाता है। अंशदान की राशि श्रमिक की आयु अनुसार 55 रूपये से 200 रुपये तक निर्धारित है। यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है तो पति/पत्नी को पेंशन का 50 प्रतिशत (1500 रूपये) दिये जाने के प्रावधान है। इस योजना में पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर अथवा आधार कार्ड और बैंक खाते के साथ किया जा सकता है।

# नेमा समाज हटा द्वारा होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न

**हटा (स्वतंत्र मत)।** रंग पंचमी के पावन अवसर पर नेमा समाज हटा के तत्वावधान में 8 मार्च को पुत्री शाला स्कूल हटा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के महिला.पुरुषए युवा एवं बच्चों ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। कार्यक्रम में राधाकृष्ण भौदला बाबा निमि महाराजा जी की आरती के साथ हरिनारायण नेमा ने पूजन कराया मुख्य अतिथि माखनलाल लीला नेमा समाज अध्यक्ष नारायण नेमा महिला इकाई अध्यक्ष भारती नेमा युवा इकाई अध्यक्ष जगदीश नेमा द्वारा राधा कृष्ण की झांकी का संयुक्त पूजन कर होली की शुभकामनाएं दी गई। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज के द्वारा किये गए जिसमें श्रीमती रश्मि नेमा, श्रीमती आराधना नेमा, श्रीमती माधुरी नेमा, श्रीमती मोनिका नेमा द्वारा बाल प्रतिभागियों को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से ब्रज की होली खेलकर अंत मे सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सीएम के हटा दौरे की तैयारियां तेज

## आईजी-कमिश्नर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हटा (स्वतंत्र मत)

11 मार्च को प्रस्तावित मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हटा आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। सोमवार दोपहर सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी और आईजी हिमानी खन्ना ने दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ हटा पहुंचकर कार्यक्रम स्थल और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के दौरे में अब महज 48 घंटे का समय शेष है, ऐसे में तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सबसे पहले प्रस्तावित हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद देव गौरीशंकर मंदिर परिसर और सभा स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मंदिर परिसर पहुंचते ही कमिश्नर अनिल सुचारी ने सड़क पर उड़ती धूल और हेलिपैड से सभास्थल पहुंच मार्ग जगह-जगह फैली गंदगी पर नाराजगी जताई और तत्काल साफ सफाई कराने के निर्देश दिए ताकि मु यमंत्री के सामने नकारात्मक क्षवि न बन सके।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंच के पास ग्रीन हाउस निर्माण के निर्देश भी दिए, जहां मु यमंत्री के विश्राम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। अधिकारियों ने मंदिर पहुंचकर पुजारी रामसुजान पाठक से चर्चा की और कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक और भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने सुझाव दिया कि मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं को मु यमंत्री से भेंट करने का अवसर दिया जाए। साथ ही उन्होंने मु यमंत्री के काफिले को शहर के विभिन्न स्थानों पर रोककर स्वागत की अनुमति देने की मांग भी रखीए जिसे अनुमति के लिए आगे भेजने की बात कही गई। निरीक्षण के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि मु यमंत्री का हटा दौरा 11 मार्च को प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सागर जिले से रवाना होकर दोपहर लगभग 3 बजे हटा पहुंचेंगे और शाम 4:30 बजे यहां से प्रस्थान करेंगे। प्रशासन की कोशिश है कि मंगलवार रात तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। वहीं एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की जाएगी ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

इस मौके पर एडिशनल एसपी सुजीत कुमार भदौरिया, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एमपीआरडीसी एजीएम सुनील कालरा, जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी, एसडीएम राकेश मरकाम, तहसीलदार डॉ. आलोक जैन, तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, पीओ डूडा कपिल खरे, एमपीईबी के संभागीय अभियंता प्रवीण कुल्हाड़े, सीएमओ राजेन्द्र खरे सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# जयकारों के साथ संपन्न हुई मासिक महाआरती

दमोह (स्वतंत्र मत)



भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में मासिक महाआरती कृषि उपज मंडी सागर नाका दमोह में संपन्न की गई जिसमें हजारों की संख्या में मां के भक्तों ने भाग लिया और सैकड़ो लोगों ने नशा मुक्त रहने का संकल्प लिया और महाप्रसाद एवं गुरु शक्ति जल प्रसाद का पान किया समापन की बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला प्रभारी बलराम सिंह ने कहा कि आज होली के महापर्व मनाने की वास्तविकता 5 दिन चलती है जिसमें असत्य पर सत्य की जीत के प्रत्येक स्वरूप मनाई जाती है बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी तभी से आज तक हम अपने जीवन में सात रंगों का प्रवेश हो एवं कुसंस्कार हमारे नष्ट हो भक्ति मिले शक्ति मिले और आत्मज्ञान की प्राप्ति हो इसलिए हम होली का त्यौहार मनाते हैं। गुरुवर की विचारधारा से अवगत कराते हुए बाबूलाल विश्वकर्मा ने कहा कि आज लोक भिन्न-भिन्न प्रकार से इस महत्वपूर्ण को त्योहार से मानते हैं जिसमें समाज में विभिन्न प्रकार की बुराइयां पैदा हो गई हैं नशे की लिपटा अश्लीलता जैसे बुराइयों से गिर चुका है उसे समाप्त करने के लिए नशा मुक्ति मांसाहार मुक्त एवं चरित्रवणों का जीवन जीना बहुत जरूरी है तभी समाज में प्रति एक त्यौहार शांति भाव से मनाया जा सकता है। अंत में सभी ने गुरुवार का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं जिले में 14 एवं 15 मार्च को होने वाले विशाल अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# आस्था की राह पर निकले शिवभक्त

## उपकाशी हटा से दो युवाओं ने शुरू की 2500 किमी की चारधाम पदयात्रा

हटा (स्वतंत्र मत)



धर्मपरायण नगरी उपकाशी हटा से सोमवार को आस्था और संकल्प की अनोखी मिसाल देखने को मिली। नगर के दो शिवभक्त युवाओं ने भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने और अपने वर्षों पुराने संकल्प को पूरा करने के लिए देश के चारों धाम की लगभग 2500 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की। नगर के मुरली मनोहर वार्ड, वाल्मीकि मोहल्ला निवासी प्रताप उर्फ प्रकाश सपेरा 35 वर्ष और बादल वाल्मीकि ने सुबह परिजनों, रिश्तेदारों और शिवभक्तों के साथ देवश्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और अपनी यात्रा के सफल होने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने ध्वजा.पताका और हर.हर महादेव के जयकारों के बीच दोनों शिवभक्तों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ उन्हें चारधाम पदयात्रा के लिए भावभीनी विदाई दी गई।

शिवभक्त प्रकाश वाल्मीकि ने बताया कि वे बचपन से ही भगवान शिव के अनन्य भक्त हैं। वर्षों पहले उन्होंने संकल्प लिया था कि वे देश के पवित्र चारों धाम की यात्रा पैदल करेंगे। उसी संकल्प को पूरा करने के लिए चैत्र मास षष्ठी सोमवार के शुभ अवसर पर भगवान गौरीशंकर के दर्शन कर इस यात्रा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सबसे पहले वे बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जटाशंकर धाम पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन करेंगे। इसके बाद आगे बढ़ते हुए चारों धाम की यात्रा पूरी करेंगे। यह पदयात्रा करीब छह माह में पूरी होने का अनुमान है। इसी दौरान दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर गौरीशंकर मंदिर परिसर स्थित सभा मंच का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने शिवभक्त प्रकाश वाल्मीकि से मुलाकात कर उनकी पदयात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और यात्रा के सफल व मंगलमय होने की कामना की।

## खेत से अज्ञात लोगों द्वारा युवक का किया अपहरण

**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** यह घटना पथरिया अंतर्गत इमलिया घोना की है, जहां बीते दो दिन पहले रविवार की सुबह अरविंद पटेल 28 वर्ष पिता महेश पटेल ग्राम इमलिया घोना को चार युवकों द्वारा नशीला पदार्थ सुंघाकर अपहरण कर लिया गया। अरविंद के छोटे भाई नरेंद्र पटेल के बताए अनुसार अरविंद सुबह सुबह अपने खेत की ओर निकले खेत में बनी झोपड़ी में उन्हें हलचल समझ आने पर वह उस ओर बड़े जब उन्होंने अंदर देखा तो उसमें चार अज्ञात लोग जो कि मुंह को ढकें बैठे थे।

## मैं भी महत्वपूर्ण हूं विषय पर आयोजित महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रेरणादायी विचार-विमर्श

दमोह

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनेस मैत्री क्लब द्वारा मैं भी महत्वपूर्ण हूं विषय पर महिला सशक्तिकरण को लेकर एक सार्थक विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर महिला सशक्तिकरण रोज़ी बग्गा ने कहा कि हर महिला को अपनी क्षमता और महत्व को पहचानना चाहिए। जब नारी स्वयं पर विश्वास करती है और आगे बढ़ने का संकल्प लेती है, तब वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होती ळें क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि मैं भी महत्वपूर्ण हूँ का भाव हर महिला के मन में होना चाहिए। जब नारी अपने आत्मसम्मान को समझती है, तभी वह परिवार और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर सकती है। क्लब सचिव ज्योति चिली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यही सच्चे महिला सशक्तिकरण की पहचान है। इस दौरान ज्योति सचदेव, रिम्मी जुनेजा, पद्मा दुबे, एकता जुनेजा, भावना शिवहरे, सुनीता अग्रवाल, रंजना नोतानी, स्मृति खरे, मनीषा तिवारी, सारिका टंडन और नर्मदा सिंह ने भी संक्षिप्त संबोधन में कहा कि महिलाओं को एक-दूसरे का सहयोग करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

# गैसाबाद पुल कांड पर मुख्यमंत्री की दस्तक

## छह माह से परेशान यात्रियों की उम्मीद अब मुख्यमंत्री से

हटा (स्वतंत्र मत)



व्यारमा नदी पर गैसाबाददृसिमरिया के बीच बना पुराना पुल बंद होने से हटादृपन्ना मार्ग की लाइफ्लाइन पिछले छह महीनों से ठप पड़ी है। हजारों यात्रियोंए ग्रामीणों और व्यापारियों की रोजमर्रा की जिंदगी इस समस्या से बुरी तरह प्रभावित हो रही है। अब मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के बीच लोगों को उम्मीद है कि इस लंबे समय से चले आ रहे संकट का समाधान निकल सकेगा।

दमोह कलेक्टर को पुराने पुल के जर्जर होने की रिपोर्ट मिलने के बाद सुरक्षा कारणों से आवागमन बंद कर दिया गया था। लेकिन विडंबना यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बना नया पुल तैयार होने के बावजूद उस तक पहुंचने के लिए दोनों ओर अप्रोच रोड का निर्माण ही शुरू नहीं हो पाया। बताया जा रहा है कि निर्माण एजेंसी ने बिना पूर्ण भूमि अधिग्रहण के ही पुल का निर्माण कर दिया। अब सीमांत किसानों की जमीन का अधिग्रहण अटका हुआ है, जिससे पुल चालू नहीं हो पा रहा।

पुल बंद होने से लोगों को 30 से 40 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाकर यात्रा करनी पड़ रही है। प्रशासन ने मड़ियादो, वर्धा, नकटी, रनेह, मोहिन्द्रा होते हुए वैकल्पिक मार्ग तय किए हैं लेकिन ये रास्ते लोगों के लिए समय और आर्थिक दोनों दृष्टि से भारी साबित हो रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने पुल को क्षतिग्रस्त घोषित कर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी हैए लेकिन दोपहिया और चारपहिया वाहन अभी भी पुल से गुजर रहे हैं। कई बस ऑपरेटर नियमों को दरकिनार करते हुए यात्रियों को पुल के एक ओर उतारकर दूसरी ओर खड़ी बस में बैठा रहे हैं। यह व्यवस्था यात्रियों के लिए जोखिम भरी साबित हो सकती है।

***एमपीआरडीसी और सेतु निगम की चूक***- इस पूरे मामले में एमपीआरडीसी और सेतु निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। एक ओर एमपीआरडीसी ने पुराने पुल को घातक बताते हुए आवागमन बंद कर दिया, वहीं सेतु निगम ने बिना भूमि अधिग्रहण पूरा किए ही नया पुल बना दिया। दोनों विभागों ने नए पुल से आवागमन संभव है या नहीं इसकी समुचित जांच भी नहीं की।

***सांसद ने किया हस्तक्षेप***- सांसद राहुल सिंह लोधी ने भी इस मुद्दे पर अधिकारियों से चर्चा कर जल्द पुल चालू कराने का आश्वासन दिया था और संभावित तिथि भी बताई थी लेकिन निर्धारित समय नजदीक आने के बावजूद अप्रोच रोड का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल की अप्रोच रोड का निर्माण तत्काल शुरू किया जाए। नए पुल से जल्द से जल्द आवागमन चालू कराया जाए। निर्माण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि छह महीने से जारी इस समस्या का जिम्मेदार कौन हैघ् करोड़ों रुपये की लागत से बना पुल आखिर कब तक यूं ही बेकार पड़ा रहेगा। गैसाबाद पुल का मामला अब सिर्फ एक पुल तक सीमित नहीं रह गया है। यह प्रशासनिक समन्वय की कमी और लापरवाही का ऐसा उदाहरण बन गया है जिसकी कीमत आम जनता को चुकानी पड़ रही है।

**CHANGE OF NAME**

I, Heymah Wadhwanii, D/o Vijay Kundnani, residing at H.No. 437, Sanjay Gandhi Ward, Jhaman Das Chouk, Dist. Jabalpur (M.P.), aged 37 years, have changed my name from Hema Kundnani / Hema Wadhwani to Heymah Wadhwanii for all future purposes vide affidavit dated 28 Feb 2026 sworn before Notary Public, Jabalpur.

**OLD NAME**
Hema Kundnani

**NEW NAME**
Hema Wadhwani

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक- सं.अधि./01/गढ़ा 2026 / एम / 523 (2025-26) दिनांक 9/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वासु पिल्ले पिता स्व. श्री आदि केशन ने प्लाट न. 68 एवं 69 पिन नंबर 1003036115 का भाग वार्ड क्रमांक 5 वार्ड सरदार वल्लभ के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) खन्ना प्रापर्टीज एण्ड इन्फ्रास्टर्क्चस प्राइवेट लिमिटेड अमन दीप खन्ना पिता बलजिंदर सिंह खन्ना प्लाट 2000 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नंबर पर नामातंरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी को भी उक्त नामातंरण पर आपत्ति हो तो ये इस प्रकाशन की तिथि के 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रं 01 गढ़ा में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जावेगा । नामातंरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी ।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

# संस्कारधानी की छटा देश में सबसे अलग : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव





## विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लेने शहर पहुंचे मप्र के मुख्यमंत्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को जबलपुर में भाजपा संभागीय कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित विषय वक्ता कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। भाजपा का दृष्टिकोण अन्य राजनैतिक दलों से बिल्कुल अलग है। यह केवल एक राजनैतिक दल नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और एकात्म मानववाद पर आधारित है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री श्री शिवप्रकाश ने कहा कि हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण से पार्टी संगठन सशक्त होता है। भाजपा ने अपने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। भाजपा विचारधारा आधारित दल है और अपनी विचारधारा पर चलती है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, मंत्री उदयप्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विनोद गोंटिया, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, अभिलाष पांडे आदि उपस्थित रहे।

***विकास कार्यो का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन***- इसके पश्चात सीएम डॉ मोहन यादव ने विविध आयोजनों में हिस्सा लिया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चोरल एंड इंर्फोमेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रूपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि.पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है। उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया। इस आयोजन में विधायक अजय विश्नोई, विधायक संतोष बरकड़े, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पॉलीथिन में भ्रूण लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट पहुंचा युवक, मचा हड़कंप

## बैग की तलाशी के दौरान हुआ खुलासा

## शमशान घाट में दफनाया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को एक हैरान करने वाला मामला सामने आया। यहां पर रीवा जिले का एक युवक बैग में पॉलीथिन में लिपटा भ्रूण लेकर मप्र हाईकोर्ट पहुंच गया। गेट नंबर-6 पर सुरक्षा जांच के दौरान जब सुरक्षाकर्मियों ने बैग की तलाशी ली तो उसमें भ्रूण मिला। इसके बाद उसे सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में युवक ने



अपना नाम दया शंकर पांडे बताया। जो रीवा जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र के नदना गांव का रहने वाला है। युवक का कहना है कि हाल ही में हुए हादसे के बाद उसकी पत्नी का मिसकैरेज हो गया था। दयाशंकर पांडे के मुताबिक विगत एक मार्च को वह पत्नी के साथ घर जा रहा था, तभी रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे में उसकी पत्नी को गंभीर चोटें आईं। इसके बाद 8 मार्च को पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे का मिसकैरेज हो गया।

## याचिका पर होनी थी सुनवाई

बताया जा रहा है कि सोमवार को मप्र हाईकोर्ट में उसकी याचिका पर सुनवाई तय थी। इसी सिलसिले में वह कोर्ट पहुंचा था। युवक का कहना है कि दस्तावेजों के साथ उसने भ्रूण भी बैग में रखा हुआ था। दयाशंकर पांडे का आरोप है कि उसने 2024 में विधानसभा और लोकसभा का निर्दलीय चुनाव लड़ा था। चुनाव हारने के बाद से उस पर हमले होने लगे। उसका कहना है कि पिछले कुछ सालों में उस पर और उसके परिवार पर 4-5 बार हमले हो चुके हैं। उसने इन घटनाओं की शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से भी की, लेकिन उसके मुताबिक हर बार उससे पुख्ता सबूत लाने को कहा गया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### आईजी-कमिश्नर से की थी शिकायत

दयाशंकर ने बताया कि उसने इस मामले की शिकायत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक भी पहुंचाई। आईजी और कमिश्नर को भी आवेदन दिया, लेकिन वहां से भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। युवक का कहना है कि लगातार हो रहे हमलों और कार्रवाई नहीं होने से परेशान होकर उसने राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर इच्छामृत्यु की मांग भी की है। इस मामले में सीएसपी सोनू कर्मी ने बताया कि हाईकोर्ट में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़कर सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने युवक को समझाइश दी और उसकी मौजूदगी में करिया पाथर श्मशान घाट में भ्रूण को दफनाया गया। सिविल लाइन पुलिस ने रीवा के बैकुंठपुर थाना पुलिस से भी संपर्क किया है। युवक को भरोसा दिलाया गया है कि उसकी शिकायत पर पुलिस आवश्यक मदद करेगी।

# टपरिया बनाने सरपंच मांग रहा था रिश्वत, ईओडब्ल्यू ने दबोचा

## सिवनी के पलारी गांव का मामला, योजना बनाकर मारी दबिश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर ईओडब्ल्यू की टीम ने एक सरपंच को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार सिवनी के पलारी गांव के सरपंच ने जमीन पर टपरिया बनाने के एवज में 15 हजार की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू में की थी। ईओडब्ल्यू ने शिकायत की पुष्टि करने के बाद



योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर सोमवार को रिश्वत लेते हुए ग्राम सरपंच को पकड़ा। ईओडब्ल्यू दल ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि बरामद की है।

***आपत्ति लगाकर रोका काम*** - बताया जा रहा है कि सिवनी के पलारी गांव में चूना भट्टी कें पास रहने वाले शिवचरण नगवंशी खाली जमीन में टपरिया बना रहा था। टपरिया बनाने पर सरपंच रामगोपाल डेहरिया ने आपत्ति लगाते हुए उसका काम रोक दिया। इस पर शिवचरण ने सरपंच से बातचीत की तो सरपंच ने इस शर्त पर टपरिया बनाने को कहा कि वह उसे 15000 रूपये देगा। पीड़ित ने इस बात को लेकर उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह रिश्वत की मांग करता रहा। जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने शिकायत के सत्यापन के बाद सोमवार को ग्राम सरपंच रामगोपाल को रिश्वत लेते पकड़ा है। ईओडब्ल्यू टीम मामले में जांच कर रही है।

# बेलगाम कार चालक ने तीन मजदूरों को मारी टक्कर

जबलपुर

गोसलपुर बरनू तिराहा के बीती शाम काम से लौट रहे तीन मजदूरों को एक बेलगाम कार के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे तीनों को चोटे आ गई, जिनमें एक की हालत गंभीर है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने




बताया कि बरनू तिराहा निवासी 32 वर्षीय ईशु कोल, शंभू, विजय अहिरवार व देवांश बीते दिवस धमकी स्थित खदान पर मजदूरी करने गये थे। जहां से काम कर शाम को चारों पैदल बरनू तिराहा की ओर आ रहे थे, उसी समय अगरिया की ओर से आ रहीं कार क्रमांक एमपी 20 जेडसी-6563 के चालक ने तेजगति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए शंभू, विजय अहिरवार देवांश को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे तीनों को चोटे आ गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई, वहीं आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद तीनों घायलों को उपचार के लिये गोसलपुर ले जाया गया। जहां से विजय अहिरवार को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# पमरे ने की 7937 कोचों और वैगनों की मरम्मत

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों/वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। दोनों कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में चालू वित्तीय वर्ष में कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के ग्यारह माह में सीआरडब्लूएस /भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 7937 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया, जिसमें सवारी डिब्बा पुर्ननिर्माण कारखाना भोपाल ने 1148 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 6789 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया। इसी अवधि में गतवर्ष की तुलना में लगभग 05 प्रतिशत अधिक कोचों/वैगनों कि मरम्मत की गई। अकेले फरवरी माह की बात करे तो सीआरडब्लूएस/भोपाल एवं डब्लूआरएस/कोटा दोनों कारखानों में कुल 715 कोचों/वैगनों का पीरियोडिक ओवर हॉलिंग किया गया।




## सल्फास के सेवन से व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** घमापुर निवासी 54 वर्षीय यशवंक कुमार कुशवाहा ने बीती रात सल्फास का सेवन कर लिया। जिसे परिजन व पड़ोसी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई कमलेश कुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। मृतक ने उक्त कदम क्यों उठाया, इसका पता नहीं चल सका है।

## अवैध रूप से डीजल रखने वाला आरोपी पकड़ाया

**जबलपुर।** शहपुरा पुलिसने विराट कालोनी शनि मंदिर के पास से एक शख्स को अवैध रूप से डीजल बेचने के मामले में पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय रवि बर्मन पिता अखिलेश बर्मन एक बोरी के अंदर पन्नी में पंद्रह लीटर डीजल रखकर बेचने की फिराक में था। पुलिस ने डीजल जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की।










हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**